सेंसेक्स 72,568.45 ▲ +847.27
डॉलर 82.863 ▼ -0.220

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 08.0 | 17.0 |
| धनबाद | 21.0 | 11.0 | 15.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 09.0 | 16.0 |
| पलामू | 22.0 | 08.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, पौष शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 15 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 338, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — प्रभु श्री रामोत्सव-देश दुनियां में...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
'करीब' के समय काश मैं इतना मैच्योर ... 12 — देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### झारखंड में आज से 14 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

**रांची।** झारखंड सहित पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस संबंध में विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठकें निर्धारित की जायेगी। इसमें यातायात पुलिस, परिवहन अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों आदि सहित प्रमुख संस्थाओं को एक साथ लाया जायेगा। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करना, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के साथ ही प्रभावी हस्तक्षेप की रणनीति बनाना है।

### चीनी मांजा से गला कटने से सेना के एक जवान की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में चीनी मांजा से गला कटने से भारतीय सेना के एक जवान की मौत हो गई। शनिवार शाम लैंगर हाउस में इंदिरा रेड्डी फ्लाईओवर पर हुई इस घटना में दोपहिया वाहन चला रहे 30 वर्षीय नायक कागीथला कोटेश्वर रेड्डी की मौत हो गई। बुरी तरह लहूलुहान सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। कोटेश्वर रेड्डी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले के पेद्दा वाल्तेरू के मूल निवासी थे। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (क) (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। चीनी मांजा पर प्रतिबंध के बावजूद पतंग उड़ाने के लिए इस मांजे का उपयोग कैसे बेरोकटोक जारी है। राज्य सरकार ने पक्षियों के साथ-साथ इंसानों की सुरक्षा के लिए 2016 में आदेश जारी कर मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। पर्यावरण, वन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने मांझा की खरीद, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए थे।

## उत्तरायण की दी बधाई, गायों को खिलाया चारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरायण के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, उत्तरायण की शुभकामनाएं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर आते हैं तो उसे उत्तरायण कहते हैं। भारत में इसे एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। उत्तरायण से जुड़ी कई परंपराएं प्रचलित हैं। इस अवसर पर गुजरात और देश के अन्य भागों में पतंग उड़ाई जाती है। इधर प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर मकरसंक्रांति के अवसर पर गायों को चारा खिलाया। सोशल मीडिया पर गायों के साथ पीएम मोदी के कुछ तस्वीरें वायरल हो रही है। यह पहली मौका नहीं है कि जब दुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौ-प्रेम को देखा है। इससे पहले पिछले साल जब वो वारंगल शहर में भद्रकाली मंदिर पहुंचे थे तब भी उनको गौ-सेवा करते देखा गया था।



## पीएम मोदी आज पीएम-जनमन के तहत एक लाख लाभार्थियों को जारी करेंगे पहली किस्त

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार यानि 15 जनवरी को पीएम-जनमन के तहत पीएमएवाई (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री



इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। अंत्योदय के मिशन के तहत, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना की शुरूआत की गई थी। लगभग 24,000 करोड़ रुपए के बजट वाली पीएम-जनमन योजना, 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर काम करती है और इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को घरों और बस्तियों को सुरक्षित आवास एवं स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ, जल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसर मुहैया कराकर इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

### मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' में बोले राहुल गांधी

# पीएम यहां आंसू पोंछने भी नहीं आए

## ■ मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने कहा, राहुल के आने से स्थिति बिगड़ी

**एजेंसी। इंफाल**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है। राहुल के साथ अशोक गहलोत, सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई सीनियर नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी। इसमें राहुल 6700 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दौरान बस से उतरकर थौबल में दुकानदारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गर्वनेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली है। लाखों लोगों को नुकसान हुआ।



### यह भारत तोड़ो यात्रा है : सीएम वीरेन सिंह

उधर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राहुल की यात्रा को लेकर संदेह जताया। सीएम ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है? यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है।

### आठ फरवरी को धनबाद पहुंचेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**धनबाद।** राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद में आठ फरवरी को प्रवेश करेगी। इस दौरान राहुल गांधी धनबाद में न सिर्फ रोड शो करेंगे, बल्कि उनका रात्रि विश्राम भी यहीं होगा। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति सिंह ने आज धनबाद परिसदन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में निकला भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड के पाकुड़ जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद आठ फरवरी को राहुल गांधी धनबाद पहुंचेंगे। इस दौरान वे यहां रोड शो करते हुए कोयलांचल वासियों का अभिवादन स्वीकार करेंगे। उनका रात्रि विश्राम भी धनबाद में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यतः तीन जिलों धनबाद, जमशेदपुर और रांची पर कांग्रेस की विशेष नजर है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी इन तीनों जिलों में यात्रा भी करेंगे।

### मिलिंद अपने समर्थकों सहित शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी के कद्दावर पूर्व नेता मिलिंद देवड़ा रविवार को अपने हजारों समर्थकों सहित शिवसेना में शामिल हो गए। मिलिंद देवड़ा ने रविवार को सुबह ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था और विकास के मार्ग पर चलने की घोषणा की थी। मुंबई में रविवार को शिवसेना में शामिल होने के मिलिंद देवड़ा ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मैं आज भावुक हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा।



## रांची में भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच 23 फरवरी से

### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत का दौरा करने वाली है, जिसमें दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। इसमें से एक टेस्ट मैच की मेजबानी रांची के जेएससीए स्टेडियम को भी मिली है। 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच इंडिया और इंग्लैंड के बीच जेएससीए स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। इसके लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के तीन और बीसीसीआई के एक सदस्यीय टीम ने मैच के लिए जेएससीए स्टेडियम के ग्राउंड, पिच, प्रैक्टिस पिच, डैशिंग रूम का रविवार को जायजा लिया। साथ ही जिम, इंडोर क्रिकेट फैसिलिटी, सुरक्षा के मानदंडों का भी निरीक्षण किया गया। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों का विशेष ध्यान मैच के विकेट पर था। स्टेडियम के साथ-साथ टीम के रुकने के लिए निर्धारित रेडिसन ब्लू होटल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेडियम की सभी सुविधाओं और व्यवस्था से निरीक्षण टीम संतुष्ट रही और प्रसन्नता जताई।

## घर-घर में विराजने लगे सर्वजन के श्रीराम

### रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पलामू राममय

**अखिलेश चौबे। मेदिनीनगर**

राम, श्रीराम, जय राम, सीयाराम, राम-राम, रामजी.....। ना जाने क्या-क्या। राम को मानने वालों के लिये अपने आराध्य पुकारने के भी अपने-अपने नाम है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम सनातनियों के रोम-रोम में बसे हैं। राम नाम सुनते ही शरीर का हर अंग रोमांच से भर उठता है। परम पावन अयोध्या धाम में पांच सदी के बाद रामलला अपने घर में विराजमान होने वाले हैं। इसकी खबर मात्र से ही बच्चे से बूढ़े तक उल्लासित नजर आ रहे हैं। 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा के लिये देश में विदेशों में रह रहे सनातन धर्मावलंबियों द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। हैरत की बात यह है कि राम के



अनुयायियों की संख्या अन्य धर्मों में भी कम नहीं है। धमार्नुरागियों की धरती पलामू भी उससे अछूती नहीं है। प्राण-प्रतिष्ठा के एक सप्ताह पूर्व ही पूरा पलामू राममय हो गया है। घर-घर में श्रीराम दरबार की तस्वीर स्थापित कर उसके समक्ष प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ मुहुर्त में हवन-पूजन के साथ भजन-कीर्तन की तैयारी की गयी है। इसके लिये बकायदा शहर के मंदिरों के पुजारी सहित इष्ट-मित्रों को निमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। हो भी क्यों न। पिछले 500 वर्षों में शायद ही कोई दिन ऐसा बीता हो जिस दिन हमारे पूर्वजों ने रामलला को उनके घर में विराजमान होता देखने के लिये संघर्ष नहीं किया हो। अपने प्राणों की आहुति न दी हो। पिछले दशकों की ही बात करें तो महंत अवैद्यनाथ, स्वामी रामचंद्र दास परमहंस, अशोक सिंघल जैसे कितने महापुरुष अपनी आंखों में राम मंदिर का सपना संजोये इस दुनिया से विदा ले लिये। रविवार तड़के रेड़मा ठाकुरबाड़ी के पुजारी को आमंत्रण पत्र देने पहुंचे विवेक सिंह ने बताया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स : झारखंड की बेटी सलीमा टेटे बनी प्लेयर ऑफ द मैच

## भारत ने न्यूजीलैंड को चटाया धूल, 3-1 से दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने इतिहास रच दिया है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे मुकाबले में भारत ने एक मजबूत टीम न्यूजीलैंड को धूल चटा दी। भारत ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत की ओलंपिक में क्वालीफाई करने की उम्मीदें बची हुई है। भारत की ओर से पहला गोल संगीता कुमारी ने पहले ही मिनट में दागा। नौवें मिनट में मेगन हुल ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम आज आक्रामक अंदाज में खेली। भारत ने तीनों गोल पहले ही क्वार्टर में दागे, उसके बाद



भारतीय टीम ने डिफेंसिव खेल अपनाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। सबसे मजेदार बात यह है कि इस मुकाबले में जो भी 4 गोल हुए सभी पहले क्वार्टर में ही हुए। दूसरे, तीसरे और चौथे क्वार्टर में एक भी गोल नहीं हुए। भारत की एक गोल से बढ़त के बाद तीसरे मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने विपक्षी टीम के प्रयास को विफल कर दिया। फिर नौवें मिनट में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला। जिसे मेगन ने गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत के लिए दो और गोल पेनल्टी कॉर्नर पर उदिता (12वें मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (14वें मिनट) ने किए। (संबंधित खबर पेज-10 पर)

### सलीमा टेटे ने कहा

प्लेयर ऑफ द मैच बनीं सलीमा टेटे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारे ऊपर इस मुकाबले को जीतने का बहुत दबाव था। इसलिए शुरूआत भी हमने वैसी ही की। कही कि हमारा फर्स्ट हाफ बहुत जबरदस्त रहा और हमने अच्छा खेला। इस जीत के बाद कप्तान सविता पुनिया ने कहा कि आज हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला था। तो हमने वही किया, जो हमें करना था। एक हार और हम बाहर हो सकते थे, इसलिए हमने अटैकिंग खेल दिखाया और जीत दर्ज की।

### दिल्ली के फाइव स्टार होटल में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला से दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। नई दिल्ली के डीसीपी देवेश कुमार के अनुसार, महिला ने एक प्राइवेट कंपनी के सीईओ पर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में भारतीय मूल की अमेरिकन महिला ने चाणक्यपुरी थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि साल भर पहले दिल्ली के फाइव स्टार होटल में उनके साथ एक प्राइवेट कंपनी के सीईओ ने दुष्कर्म किया है।

## इंडिया — लालू के हथियार से यूपी-बिहार हरियाणा हिलाने की बीजेपी की तैयारी



सुनील बादल

***मध्य प्रदेश*** में लोकप्रिय मामा की जगह मोहन को जब मुख्यमंत्री बनाया गया तो राजनीतिक पंडितों ने आशंका जताई थी कि कोई बड़ा खेला होने वाला है। इसकी शुरूआत लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर भेजकर उत्तर प्रदेश और बिहार में अखिलेश और लालू यादव के सियासी गणित को बिगाड़ने के लिए कर दी है। बिहार से यादवों को साधने की भाजपा की यह रणनीति न सिर्फ बिहार बल्कि उत्तर प्रदेश से हरियाणा तक भी पहुंचेगी। यादवों के वोट से सरकार का भविष्य और वर्तमान तय होने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पहुंचने की सूचना से ही सियासी तापमान बढ़ गया है। भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि जल्द ही मोहन यादव उत्तर प्रदेश भी पहुंचेंगे। यूपी भाजपा की ओर से मोहन यादव को पश्चिम उत्तर प्रदेश में बुलाने का प्रस्ताव तैयार कर आला कमान से साझा किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश और बिहार में मोहन यादव के आने को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं का मानना है कि उनके आने से उनकी पार्टी से जुड़े लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मोहन यादव के बिहार दौरे को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि लोग तो आते-जाते रहते हैं उनके आने या जाने से बिहार में क्या फर्क पड़ने वाला है? राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के सवाल को टालते हुए तेजस्वी आगे बढ़ गए। ऐसे ही 1989 में यूपी की बदायूं लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर केंद्रीय मंत्री रहे और 1991 से 2014 तक बिहार की मधेपुरा सीट से सांसद रहे मध्य प्रदेश के शरद यादव सात बार सांसद बने, जदयू के अध्यक्ष भी रहे और कई बार कैबिनेट मंत्री भी बने, उनका तीनों राज्यों में खासा प्रभाव था। उत्तर प्रदेश और बिहार में सियासी समीकरण से सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले के तौर पर यादवों को देखा जाता है। बिहार में जहां लगभग 14 प्रतिशत यादव हैं और विधानसभा की 243 सीटें हैं, जिसमें 52 विधायक यादव समुदाय से हैं। लोकसभा की 40 में से 5 सांसद भी यादव समुदाय के हैं। केंद्र में नित्यानंद राय यादव समुदाय से मंत्री भी हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में 10 प्रतिशत के आसपास यादवों की आबादी है। इसी जातिगत और सियासी आंकड़ों को



ध्यान में रखते हुए भाजपा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार से सियासी समीकरण बदलने की कमान सौंपी है। मोहन यादव 18 और 19 जनवरी को बिहार के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के मुताबिक इस दौरान वह कृष्ण चेतना मंच की ओर से एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। कृष्ण चेतना मंच के सहसचिव दीपक यादव का दावा है कि इस कार्यक्रम में यादव समुदाय से जुड़े सभी लोग भाग लेने आ रहे हैं और यदुवंशियों को जोड़ने का यह एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम है पर इसके सियासी मायने तो निश्चित रूप से हैं ही। कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में भाजपा यादवों को अपने पाले में करने की बड़ी योजना पर काम कर रही है। यादव एक बड़े वोट बैंक के तौर पर बिहार में राजद के साथ और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ जुड़े हैं। हालांकि यादवों को अपने साथ जोड़ने के भाजपा के पहले के कई दांव नहीं चल पाए हैं, लेकिन भाजपा से जुड़े रणनीतिकारों का मानना है कि यादव समाज और अन्य सभी दलित पिछड़ों के लिए उनकी पार्टी लगातार काम करती रही है। पिछड़ों और यादवों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनके जनप्रतिनिधि भाजपा में हैं। यादवों के नेता के तौर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भाजपा में बड़े पद पर हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में योगी कैबिनेट में भी भाजपा ने यादव को मंत्री बनाया है। लोकसभा, राज्यसभा और विधान परिषद जिला पंचायत में भी भाजपा की ओर से यादवों को अपने समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। रणनीतिकारों का मानना है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा में बहुत हद तक यादवों को अपने पक्ष में भाजपा ने किया है। हरियाणा में भाजपा ने यादव समुदाय को साधने के लिए राव इंद्रजीत को अपना चेहरा बनाया है। वहीं बिहार के नित्यानंद राय को केंद्र में महत्वपूर्ण मंत्रालय देकर यादवों को साधा है। मध्यप्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने उत्तर प्रदेश और बिहार के यादवों को साधने की तैयारी की है। यादव महासभा का मानना है कि भाजपा के संसदीय बोर्ड में दो प्रमुख यादव नेता का शामिल रहना उनका सम्मान है। यादव महासभा के अध्यक्ष रहे हरिमोहन सिंह यादव की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री मोदी का शामिल होना यह बताता है कि किस तरह से भाजपा यादवों को अपने साथ जोड़ने की योजना पर काम कर रही है। अन देखना शेष है कि मोहन यादव का सम्मोहन कहां और कितना काम करता है।

## शाकाहारी भोजन बीमारियों के खतरे को 39 प्रतिशत कम कर सकता है

### सर्वहारी लोगों में शाकाहारी लोगों की तुलना में कोविड के मामले ज्यादा दर्ज किए गए

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कोरोना ओमिक्रॉन के नए जेएन.1 वैरिएंट के कारण संक्रमण के मामलों में उछाल आ रहा है। यह वैरिएंट 40 से ज्यादा देशों में फैल चुका है। कुछ देशों इसकी छोटी लहर की आशंका जताई जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अलर्ट करते हुए बताया है कि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान एकत्रित भीड़ के चलते वायरस संक्रमण बढ़ने लगा है। आंकड़ा जो आया है, संक्रमण के कारण



दिसम्बर में 10,000 मौत भी हुई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि कोरोना के खतरों से सभी लोगों को बचाव करते रहने की जरूरत है। मास्क व अन्य प्रभावी उपायों सहित देह की इम्युनिटी बढ़ाने पर भी ध्यान देना जरूरी है। ऐसे में कोरोना से बचने के लिए क्या करना चाहिए।

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए शाकाहारी भोजन ज्यादा प्रभावी होगा। ब्राजील के डी साओ पाउलो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया है कि पौधों पर आधारित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### बेड़ो के कादोजोरा गांव में जंगली हाथी ने किसानों की फसल रौंदी

बेड़ो। बेडो.प्रखंड के कादोजोरा गांव में शनिवार की देर रात में जगंली हाथी जमकर उत्पात मचाया। जिसके बाद जंगली हाथी ने किसानों के के खेतों में लगे फसल को पूरी तरह रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर जंगली हाथी द्वारा खेतों में लगे फसल को रौंदकर किए गए बर्बाद के बाद भुक्तभोगी किसान गरजु मुडां और महादेव मुडां ने बताया कि शनिवार की रात्रि में जंगली हाथी हमारे खेतो में लगे आलू के फसल को पुरी तरह क्षति पहुंचाया। जिससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। इधर जंगल में पहुंचे जंगली हाथी को ग्रामीणों ने देर रात कडी.मशकत के बाद हाथी को जगंल की ओर खदेड़ा। वही जंगली हाथी द्वारा खेतों के फसल को रौंदकर किए बर्बाद के बाद भुक्तभोगी किसानों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा को लेकर गुहार लगाया है।

### रातू फुटकलटोली में प्रगति मानव समिति ने बांटे कंबल

**रातू।** महान स्वंतन्त्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह के 169 वां शहादत दिवस व पूर्व मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन की 80 वां जन्मदिन पर प्रखंड के फुटकलटोली में प्रगति मानव सेवा सहयोग समिति की ओर से गुरूवार को सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अलकमर एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने प्रगति सहयोग समिति के इस कार्य की काफी सरहाना की। समिति के अध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा कि समिति को ओर से हर वर्ष ठंड से ठिठुर रहे गरीब,बेसहारा व जरूरतमंदों के बीच गरम वस्त्र वितरण किया जाता है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### भारतीय एकता कमेटी ने किया कंबल वितरण

**रांची।** रविवार को सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड के पास जरूरतमंदों को संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कंबल वितरण किया इस वर्ष ठंड में चौथी बार भारतीय एकता कमेटी की तरफ से जरूरतमंद गरीबों के बीच में कंबल वितरण किया गया इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने कहा के भारतीय एकता कमेटी को जो लोग भी शुभ कार्य में मदद करते हैं उसके लिए हम लोग कोई भी त्याग बलिदान देने के लिए हमेशा तैयार है गुलाम मुस्तफा ने आगे कहा के जब तक शरीर में आत्मा है जिसम मे रूह है हमेशा नेक काम शुभ कार्य गरीबों बीमारो जरूरतमंदों के लिए करते रहिए कुछ भी साथ नहीं जाएगा सब धन दौलत यही पड़ा रह जाएगा जो आप अच्छा काम शुभ कार्य करेंगे वही आपके साथ जाएगा और याद रखिएगा हर इंसान चाहे वह किसी भी धर्म समुदाय का हो जो भी इस दुनिया में आया है उसको एक-एक काम जो किए गए हैं उसका हिसाब देना पड़ेगा मैं फिर अपील सभी से करता हूं के गरीबों बीमारों के लिए नेक काम करते रहे आगे और इंतजाम हो जाएगा तो कंबल और भी बांटा जाएगा।

खलारी के पहाड़ी मंदिर की मनाई गई 22वीं वर्षगांठ

# श्रद्धालुओं के बीच हुआ खिचड़ी भंडारा

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



पहाड़ी मंदिर खलारी के पुनर्निर्माण के 22वीं वर्षगांठ पर इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के बीच बृहत खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस भंडारा में हजारो श्रद्धालु उमड़ पड़े। 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद सुबह करीब ग्यारह बजे खिचड़ी भंडारा आरंभ किया गया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे व सोनू दुबे ने भगवान का भोग लगाया। अतिथियों ने मंदिर में पूजा किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय के अलावा एनके एरिया के पूर्व महाप्रबंधक संजय कुमार, केएनपी सिंह, बीरेन्द्र कुशवाहा, राजनसिंह राजा, जिप सदस्य सरस्वती देवी, केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी परोस कर भंडारा का शुभारंभ किया। सुरेन्दनाथ्र पांडेय ने कहा कि खलारी का पहाड़ी मंदिर खलारी ही नहीं रांची जिले का धरोहर है। खलारी के पहाड़ी मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण के लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति सहित खलारी की जनता को धन्यवाद दिया। देर शाम तक चले भंडारा में तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने खिचड़ी खाया। मंदिर प्रांगण में सारा दिन मेले सा नजारा रहा। श्रद्धालु पहले मंदिर में पूजा करते फिर खिचड़ी खाने आते. खलारी तथा आसपास के लोग देर शाम तक मंदिर आते रहे। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के लोगों ने व्यापक प्रबंध कर रखा था। एसीसी हाई स्कूल के बच्चों ने प्रसाद वितरण में बिना थके अहम भूमिका निभाई। भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सांसद संजय सेठ, रामदेवलाल अग्रवाल, सीसीएल मगध परियोजना के जीएम नृपेन्द्र नाथ, कमलेशकुमार सिंह, सुनीलकुमार सिंह, बीएन पांडेय, इंदिरा देवी, अरविन्द सिंह, श्यामसुंदर सिंह, जालिम सिंह, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेन्द्र रजक, मनोज गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीतम साहू आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अमरेश वर्मा, सुशील अग्रवाल, दिनेशपांडेय घंटू, सूर्यकान्त सिंह, दिलीप साहू, बैजनाथ प्रसाद, उदय यादव, धीरज सिन्हा, भूपनाथ साव, नंदलाल साव, आशीषकुमार सिन्हा, दिलीप मेहता, अजीत कुमार, बाबूलाल, संतोष यादव, आदि सहित कीर्तन मंडली का सराहनीय योगदान रहा।

### रातू फुटकलटोली में आज आयेंगे मंत्री हफीजुल हसन



**रातू।** प्रखंड के फुटकलटोली में 15 जनवरी को अल्पसंख्यक कल्याण,पर्यटन कला-संस्कृति, खेल-कूद, एवं युवा कार्य, निबंधन विभाग, मंत्री झारखंड सरकार हफीजुल हसन सोमवार को रातू फुटकलटोली में आगमन होगा। मुख्य कार्यक्रम मदरसा जामिया अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात के प्रांगण में आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो गरीब,बेसहारा व जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया जयेगा। अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट कर अध्यक्ष व मदरसा के चेयरमैन कमरुल हक ने बताया की कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतिजाम किया गया है।

लापुंग के घघारी धाम में चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन

# पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखण्ड के ऐतिहासिक घघारी बाबा धाम में आयोजित चार दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को सैकड़ों लोगों ने जमुनी नदी में डुबकी लगाई और पवित्र स्नान किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से अति प्राचीन शिवलिंग की पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। वही मकर संक्रांति महोत्सव के दौरान मांडर भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने भोले नाथ की विशेष पुजा अर्चना किया। वही सन्नी टोप्पो ने माथा टेकते हुए भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में अमन चैन व सुख समृद्धि को लेकर कामना की। इस दौरान लापुंग थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार समेत पुलिस प्रशासन की मदद से समिति के सदस्यों ने घघारी धाम में तीसरे दिन अतिप्राचीन शिवलिंग में सैकडो. श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के तिलकुट, दही, चूड़ा और खीर समेत खिचड़ी के भंडारा के दौरान प्रसाद ग्रहण किया। उधर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कडी. बंदोबस्त के साथ दिनभर लापुंग थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार व बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने भीड़ को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार के काफी मशक्कत और प्रयासों के बाद ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हो पाई। विधि व्यवस्था को ठीक करने में पुलिस के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घघारी बाबा धाम मंदिर के मुख्य पुजारी राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक व सीताराम पाठक के साथ-साथ राजेश पाठक, तुलसीदास गोस्वामी, किस्टो गोस्वामी, सागर गोस्वामी, नारायण भगत व लुधईया पहान के नेतृत्व में दर्जनों श्रद्धालुओं ने अति प्राचीन शिवलिंग में पुजा अर्चना की। मकर संक्रांति महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक राम शंकर सिंह के अलावे मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष गंगाधर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजधन शेखर सिंह, सचिव देवेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, चरवा उरांव, दशरथ तिर्की, सोमा मुण्डा समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभायी।

पूर्ववर्ती छात्र संघ ने किया पठन सामग्री का वितरण

# सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नीव संभव : सुनील चंद्रा




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

पूरनचंद फाउंडेशन और नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में रविवार को आयोजित हेल्पिंग हैंड्स भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को पठन सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मौके पर नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के सचिव और रांची के जिला भू अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्रा ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नीव संभव है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र खूंटीं हमेशा से अभावग्रस्त बच्चों को कला और खेल के माध्यम से बहुआयामी शिक्षा देकर उन्हें मुख्यधारा से जोडने का सराहनीय प्रयास नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नेतरहाट पूर्ववती छात्र संघ द्वारा बच्चों को नेतरहाट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। पूरनचंद फाउंडेशन के सचिव अभिजित ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय खूंटी के बच्चो की खेल गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए संस्था हर संभव प्रयास करेगी। सम्मानित अतिथि के रूप में नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ से डॉ गणेश चन्द्र बास्की, प्रयाग दुबे, रामानुज, जेम्स कुजूर, प्रो विद्यानन्द चौधरी, पूरनचंद फाउंडेशन की अन्नू कुमारी, अमरदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विहिप के कार्यकर्ताओं ने घर-घर किया अक्षत का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जैसे-जैसे भगवान राम लल्ला की नगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा सामरोह का दिन निकट आता जा रहा है, पूरे खूंटी जिले में भी लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचता जा रहा है। कहीं मंदिरों को सजाया जा रहा है, तो कहीं भजन-कीर्तन की तैयारी हो रही है, तो भंडारे की योजना बनाई जा रही है। हर ओर सिर्फ अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले समारोह को लेकर चर्चा है। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम को भव्य बनाने और इस ऐहासिक पल का भागीदार बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के अलावा आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा पूजित अक्षत का वितरण को लोगों को कार्यक्रम का न्यौता दिया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय खूंटी में विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के साथ घर-घर जाकर लोगों को समारोह का निमंत्रण दिया गया। ढोल-मृदंग की धुन पर झूमते कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में एक का वितरण किया।

उर्दु पद को समाप्त करने को लेकर झारखण्ड सरकार का विरोध

# फाड़ी गईं नियमावली की प्रतियां

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो**



रविवार को माण्डर प्रखण्ड अंजुमन कमिटी और चान्हो के मरकज बलसोकर मदरसा चौक में उर्दू पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार खिलाफ विरोध किया। सरकार के नया नियमावली पत्र प्रारूप की कॉपी जलायी गयी। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा झारखंड राजकीयकृत प्रारम्भिक विधालय शिक्षक प्रन्नोति नियमावली 2024 तैयार किया गया है, उसके परिभाषा के क्रम 2 के (1) एवं (2) में स्पष्ट उल्लेखित है उर्दू शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर समाप्त कर दिया जाएगा। इस नियमावली के लागू होते ही बिहार सरकार 1999 में सृजित हुए 4,401 उर्दू शिक्षक के बचे 3712 पदों को सरेंडर कर दी जाएगी।झारखंड सरकार इस नियमावली को वापस ले और उर्दू शिक्षक के बचे 3712 पदों को कक्षा 1-5 एवं 6-8 में बांटकर सीधी बाहली करे या शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार बहाली शुरू करें। इस विरोध मे माडर के फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी,हाफिज आजाद अंसारी, जावेद अंसारी, मौलाना जियाउल्लाह, मौलाना सनाउल्लाह ,जावेद अंसारी, समसुल अंसारी, आरसद अंसारी चानहो के अरशद हुसेन शम्मा परवी मो सामनूर तुफैल अहमद अफजालुर्रहमान शमीम अहमद अहमद अली अतीकुर्रहमान महफूज आलम अन्य लोग मौजुद थे।

हाथी का दांत साबित हो रही है कांके मदनपुर के टोला खास की जलमीनार

# लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है इधर-उधर

**रवि चंद कपूर**

**रांची।** कांके के राड़हा पंचायत के मदनपुर में टोला खास में पेयजल की समस्या रहती थी। ग्रामीणों के पेयजल संकट को दूर करने के लिए गांव में 8000 लीटर क्षमता वाली एक जलमीनार का निर्माण कराया गया। फिलहाल यह जलमीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। जलमीनार तो पूरी तैयारी के साथ बनाया गया। सभी संसाधनों का इस्तेमाल किया गया। लेकिन जिस उद्देश्य से जलमीनार का निर्माण कराया गया यानी पानी के लिए वही पानी ग्रामीणों को नहीं मिलती है। लाखों की लागत से एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बनायी गयी जलमीनार ग्रामीणों के जल संकट को दूर करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।



जलमीनार का निर्माण जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रांची पश्चिम की ओर से कराया गया। मदनपुर में टोला खास के ग्रामीणों को पेयजल संकट की समस्या के समाधान के उद्देश्य से बनाये गये, इस जलमीनार से वर्ष 2023 के जून-जुलाई से पानी की सप्लाई शुरू हुई। जिससे गांव के करीब 34 घरों के साथ आसपास के दर्जनों घरों को पीने का पानी मिलने लगा। ग्रामीणों का कहना है शुरुआत में तो कुछ दिनों तक टंकी में पानी रहने से ग्रामीणों को सुविधा होती थी। जिससे पीने का पानी के लिए भटकने वाले ग्रामीणों का जल संकट दूर हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि मात्र दो-ढाई महीने बाद इस जलमीनार से पानी मिलने में कठिनाई होने लगी। कभी मोटर खराब हो जाता है, तो कभी टंकी पर पानी नहीं चढ़ती है। 8000 क्षमता के बावजूद टंकी में पानी बहुत कम मात्रा में चढ़ने से कुछ लोगों को पानी मिल पाती है।

### बोरिंग की गहराई कम हो सकती है

**ग्रामीणों का कहना है कि इस जलमीनार की टंकी में पानी बोरिंग के माध्यम से चढ़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी की क्षमता 8000 लीटर है। लेकिन हो सकता है कि बोरिंग की गहराई कम रहने के कारण पानी कम मात्रा में निकलता है। जिससे गांव के सभी लोगों को पानी नहीं मिल पाता है।**

**जलमीनार सिर्फ दिखावा बन गया :** गांव के सुखराम मुंडा ने बताया कि इस जलमीनार पर गांव के 34 परिवार निर्भर है। लेकिन बनने के साथ ही इससे अनियमित जलापूर्ति हो रही है। जिस कारण गांव में पीने का पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। यह सिर्फ दिखाने का जलमीनार बन कर रह गया है।

**ग्रामीणों को नहीं मिला योजना का लाभ :** सरजुन मुंडा ने बताया कि इस जलमीनार के बनने से हम ग्रामीण काफी खुश थे। हमे लगा कि वर्षो से जल संकट झेल ग्रामीणों को राहत मिलेगी। लेकिन नियमित पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों के समक्ष समस्या पहले की तरह ही बनी हुई है।

**पानी के लिए भटकना पड़ता है**

चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि फिलहाल जलमीनार बेकार है। यहॉ के ग्रामीणों को पीने का पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। पीने का पानी सड़क किनारे के चापानल, दुसरे लोगों के चापानल आदि से पानी का जुगाड़ किया जाता है। यदि इस जलमीनार से पानी मिलने लगे तो ग्रामीणों को राहत मिलेगा।

**मामले की जॉच की जायेगी : कार्यपालक अभियंता**

मामले पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रांची पश्चिम के कार्यपालक अभियंता आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जॉच की जायेगी। जो भी समस्या है उसे एक-दो दिन में दूर किया जायेगा ताकि ग्रामीणों को नियमित रूप से पानी मिले।

### रांची विवि के छात्र पहुंचे खड़गपुर, कई विषयों का करेंगे अध्ययन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय रांची में मानव विज्ञान विभाग में संचालित ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के कुल 32 छात्र-छात्रा, क्षेत्र कार्य जो उनके पाठ्यक्रम में शामिल हैं, उसे पूर्ण करने के लिए अपने शिक्षकों के साथ पहुंचे। ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के शिक्षक डॉ अटल पाण्डेय ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, जब विद्यार्थी क्षेत्र कार्य में जाते हैं तब उन्हें इस बात का प्रत्यक्ष अनुभव होता है। क्षेत्र कार्य इस पाठ्यक्रम की आत्मा है। ग्रामीण विकास के छात्र सूदूरवर्ती गांवों में जाकर वहां चल रही सरकार कि विभिन्न योजनाएं, खेती के तरीके, उनके स्वास्थ्य की स्थिति, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत, शिक्षा में हो रहे व्यापक परिवर्तन, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण रोजगार एवं बाजार, आदि विषयों पर गहन अध्ययन करेंगे। प्राध्यापिका शीरीन गुल ने क्षेत्र और उनके कार्य के बारे में बताया कि लगभग दो सप्ताह तक विद्यार्थी नारायणगढ़ प्रखंड के मकरामपुर, डहरपुर, आदि पंचायत के ग्रामीण और उनके दिनचर्या से परिचित होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला 21 जनवरी को



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लेगाहातू (कलुआडीह) भेलवा टुगरी चट्टानी में रविवार के दिन सुबह 7 बजे स्वर्गीय काशीनाथ महतो की स्मृति में आगामी 21 जनवरी को मेला का आयोजन को लेकर विभिन्न गांव के ग्रामीणों के बीच गणेश उरांव की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ताकि मेला का आयोजन भव्य रूप से किया जा सके। मेला को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार को व्यक्त किया एवं पिछला कमेटी को भंग कर नई कमेटी का सर्व समिति से गठन किया गया जिसमें संरक्षक लालूराम उरांव, अध्यक्ष विकास महतो, उपाध्यक्ष मनोहर महतो, चाँद हुसैन, फारुख मोमिन, सुशील महतो, बंशीधर उरांव, दिलीप मिंज, सचिव लक्ष्मण महतो एवं कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद महतो को चुना गया। मेला को आकर्षक बनाने के लिए फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई, महिला पता नाच और भी विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया है जिसका ग्रामीण आनंद उठाएंगे। उक्त जानकारी मेला कमेटी के सुभाष चंद्र महतो ने दी।

### वोकला दोह मेला का आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली पंचायत हरिडीह हाकेदाग गांव में वोकला दोह मेला का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर उर्मिला महतो, खुशी महतो, जुगनू और रजनी कुमारी के द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया जहां लोकगीत सुनने के लिए महिलाओं की भीड़ उम्र पड़ी साथी साथ मेले में खिलौने चार्ट पुचका चाऊमीन आदि की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली वहीं मेला कमेटी के द्वारा विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कमेटी के सदस्य हर एक चौक चौराहा पर तैनात नजर आए अंतिम दिन सोमवार को दिनेश महतो और अंबा रानी एवं उनके टीम के द्वारा टुसू गीत, और रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। मेले में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र मुर्गा लड़ाई एवं टुसू रहा मेला कमेटी के द्वारा उत्कृष्ट टुसू मैं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अजय कुमार महतो सचिन बालेश्वर महतो कोषाध्यक्ष मिर्गु राम महतो राजेंद्र प्रसाद वेदिया कीनू राम बेदिया गुप्तेश्वर महतो लखी दास बेदिया लालदेव बेदिया संजय वेदिया श्रीपद बेदिया लखीराम बेदिया आदि का आदि सहारनिया योगदान रहा।

### शिक्षा से ही विकास संभव : डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** प्रखण्ड के फिरदोस नगर फुसराटांड में जामिया इसलामिया एकेडमी का रविवार को तीसरा वर्षगांठ मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी पुर्व डी डी सी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि शिक्षा ऐसा हथियार है जिससे हम अपने समाज में फैली बुराइयों को दूर कर सकते हैं। शिक्षा के जरिए ही हम अपने हक को समझते हैं। शिक्षा के जरिए ही हम अपने मकसद को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बुड़मु अंजुमन के सदर शमीम बड़ेहार, अफरोज हुसेन, मौलाना साबीर हुसैनी, अमन ग्रुप रातु के ज्याऊल हक, एजाज अंसारी, रफीक, मौलाना अब्दुल जलील कासमी, मोहसीन अंसारी, अब्दुस्सलाम नदवी, आरजु परवीन, सानिया परवीन , सायमा परवीन , गजाला परवीन, जमील नदवी, नेहा परवीन, रुखसार परवीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया कंबल वितरण



**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर प्रखंड के नउदी गांव में दर्जनों बुजुर्ग महिला-पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल का वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि अभी भी प्रखंड के कई ऐसे सुदूरवर्ती गांव हैं जहां कई लोग सरकार द्वारा कंबल पाने से वंचित हैं। ठंड अभी चरम पर है, बच्चों और बुजुर्गों को इससे उचित बचाव की जरूरत है। मौके पर सज्जाद, फि रोज, हुसैन, बिरसा, सोमरा, अजय सहित गाँव के कई लोग मौजूद थे।

### रेड सी इंटरनेशनल स्कूल आजाद बस्ती रांची में साइंस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल आजाद बस्ती रांची में साइंस आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया । प्रदर्शनी में बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए गए जिसमे एक तरफ प्री नर्सरी से प्रेप तक के बच्चो ने आर्ट एंड क्राफ्ट में माचिस की तीलियों से कप एंड सौसर,पेपर हाउस तथा कैंडल स्टैंड बनाया ,नर्सरी के बच्चो ने डोर हैंगिंग ,विलेज हट ,मिनी बीच प्रेप के बच्चो ने डोर मैट,विलेज हट तथा कार्डबोर्ड बास्केट बनाया । इस प्रकार इन मॉडल्स को बनवाकर बच्चो को यह सिखाया गया की किस प्रकार वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग अपने जीवन में कर सकते है तथा उनसे नई नई वस्तुएं बना सकते है । दूसरी तरफ कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने साइंस के अलग अलग टॉपिक पर मॉडल बनाए जिसमे वर्किंग मॉडल्स भी थे जो की एनवायरमेंट पॉल्यूशन एंड प्रिवेंशन , इलेक्ट्रिक सर्किट , फिजिकल एंड केमिकल चेंजेज , ह्यूमन फिजियोलॉजी जैसे मॉडल थे ।

# बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी देने की जरूरत : सांसद

## नमो पतंग उत्सव में बच्चों के साथ महिला और पुरुषों ने भी लिया हिस्सा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मकर संक्रांति पर सांसद संजय सेठ की ओर से रविवार को ओटीसी मैदान हेहल में नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव में बड़ी संख्या में बच्चे सहित महिला व पुरुषों ने पतंग उड़ा कर इस उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज के बच्चों की दुनिया और दोस्ती मोबाइल तक सीमित होकर रह गई है। आज के बच्चे अपनी संस्कृति को जाने इसलिए इस तरह के आयोजन किया जाना बेहद जरुरी है। अपनी सनातनी संस्कृति के बारे में बच्चों को बताने की जरूरत है। कैसे पर्व त्योहार हमारे बुजुर्ग मानते थे। हो सके तो बच्चों को त्यौहार में शामिल कर अपनी संस्कृति के बारे में बताएं, जो समाज अपनी भाषा और सांस्कृतिक को भूल गया वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। पतंग उत्सव में बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पतंग उत्सव में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबकी बार 400 पार प्रिंट के पतंग आकर्षण का केंद्र रहे। सांसद ने सफाई कर्मियों के बीच कंबल का भी वितरण किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच चूड़ा और गुड़ का वितरण किया गया। सर्वश्रेष्ठ पतंगबाज को पुरस्कृत किया गया।

### सूर्य धनु राशि से मकर राशि में सुबह 9.13 बजे करेंगे प्रवेश, मकर संक्रांति आज

**रांची।** मकर संक्रांति के अवसर पर राजधानी रांची के हर चौक-चौराहे पर बाजार सज चुका है। शहर के कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़ और कांके रोड पर तिलकुट की बाजार में लोग खरीदारी करते नजर आए। बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के तिलकुट भी मिल रहे हैं। खोवा के तिलकुट की मांग अच्छी रही। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी, तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीदते रहे। कोकर के तिलकुट भंडार के संचालक जोगेश्वर ने कहा कि गुड और चीनी का 300 किलो तिलकुट बेच रहे हैं। इस बार नया तिल का लड्डू है, जो 80 रुपये पैकेट(200 ग्राम), गजक 320 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये, तिलपट्टी 280 रुपये है। पंजाब स्वीट हाउस के मैनेजर ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 100 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड रेवड़ी 420 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 460 रुपये किलो, तिल रोल 380 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360 रुपये किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो, स्पेशल तिलकुट 360 रुपये किलो है।

### मकर सक्रांति पर बांटा गया श्री कृष्ण प्रणामी का अन्नपूर्णा भंडारा

**रांची।** मकर सक्रांति पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे की ओर से 130 वॉ भंडारे का वितरण किया गया। राज कुमार व शारदा देवी खंडेलवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से भंडारे का वितरण किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे अध्यक्ष डूंगरमल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, विशाल जालान एवं पूरणमल सर्राफ के द्वारा जरूरतमंद ग्रामीण को भंडारा भेंट किया गया। भंडारे में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पुड़ी, पुलाव, सब्जी, केसरिया खीर, जलेबी, मिक्चर एवं तिलकुट दिया गया। भंडारे में विशाल जालान, निर्मल जालान, बिष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, पवन पोद्दार, सुरेश भगत, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, चन्द्रदीप साहु, परमेश्वर साहु, बिमला मिश्रा, उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल,अमिता जालान शामिल थे।

### जेसीआई के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने ली शपथ




**रांची।** जेसीआई रांची का 64वां शपथ ग्रहण समारोह मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रांची प्रक्षेत्र के आईजी अखिलेश कुमार झा और विशिष्ट अतिथि जेसीआई इंडिया के जोन 3 के जोन प्रेसिडेंट वसुंधरा सिंह थीं। समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने अपनी टीम के साथ शपथ ली। विक्रम चौधरी ने शपथ लेते हुए आने वाले वर्षों में समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया। अपनी टीम के लिए न्यू विजन, न्यू डायरेक्शन का नारा दिया। जिन पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। उसमें अध्यक्ष विक्रम चौधरी, सचिव मयंक अग्रवाल, उपाध्यक्ष निशांत मोदी, पियूष केडिया, तरुण अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अभिषेक कुमार जैन तथा रवि आनंद, कोषाध्यक्ष नटवर बाजोरिया, संयुक्त सचिव कौशल मुरारका और प्रवक्ता अमन पोद्दार शामिल है। कमिटी के निदेशक के रूप में आदित्य जालान, अक्षत आनंद, अमन सिंघानिया, अंकित अग्रवाल, अंकित मोदी, अनिमेष निखिल, अनुभव अग्रवाल आदि होंगे।

### दलादली चौक हनुमान और दुर्गा मंदिर में 22 जनवरी को होगा उत्सव



**रांची।** दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक हनुमान मंदिर व दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता शशिभूषण ओझा एवं संचालन अभिषेक मिश्रा ने किया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के उद्घाटन व प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दलादली चौक समीप हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर में भव्य उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पाठ, भजन-कीर्तन, दीपोत्सव, अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की लाईव प्रसारित किये जाने की व्यवस्था, मंदिर के आस पास के चौक चौराहों व क्षेत्रों को श्री राम हनुमान झंडों को लगाकर उक्त क्षेत्रों को राममय बनाकर मौके पर पटाखे फोड़कर खुशी मनाया जाएगा।

### यादव अहिराना मिलन समारोह सह वनभोज 28 जनवरी को



**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज के प्रमुख सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक धुर्वा में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 जनवरी को श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के तत्वावधान में धुर्वा जगन्नाथपुर मंदिर के समीप पहाड़ स्थान पर यादव अहिराना मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान होनहार बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष सुरेश राय, नंदन यादव, रामकुमार यादव, चंद्रिका यादव, सुधीर गोप, उमेश यादव, मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी, मनोज यादव, शंकर यादव मौजूद थे।

## एक नजर

### अल्बर्ट एक्का चौक में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**रांची।** कड़ाके की ठंड से गरीब और असहाय लोगों को राहत दिलाने के लिए रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। महानगर अध्यक्ष हुसैन खान ने अल्बर्ट एक्का चौक तथा आसपास गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और भोजन पैकेट का वितरण किया। हुसैन खान ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। जरूरतमंद को गर्म कपड़ा देकर सभी को मदद करना चाहिए।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की मंदिरों की साफ सफाई

**रांची।** मकर संक्रांति के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाया। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। इसका शुभारंभ समर्पण शाखा ने हरमू श्याम मंदिर की सफाई के साथ आरंभ किया। मकर सक्रांति के अवसर पर सुबह 7 बजे हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर एवं देवी मंडप की सफाई की गई। शाखा की मेंबर्स ने मिलकर पूरे मंदिर के प्रांगण की सफाई की। सेवा कार्य में अध्यक्ष श्वेता भाला, सचिव सपना सिंघानिया, दीपिका मोतिका और सरिता बथवाल सहित अन्य शामिल थे।

### ग्रामीणों के बीच बांटा गया अयोध्या का अक्षत

**रांची।** चापूटोली के अवधेश नगर में अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से आये पवित्र अक्षत का वितरण हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता दीपम बनर्जी, ज़िला महिला मोर्चा से ज्योति, अरगोड़ा मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर साहू, सोशल मीडिया से नवनीत, नीतू, निशु और शांति ने ग्रामीणों के बीच अक्षत का वितरण किया। नेताओं ने कहा कि इस समय में सभी लोगों को एकजुट होकर धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का समर्थन करने की जरूरत है।

**एनएसएस के 150 स्वयंसेवकों ने लिया भाग**

# सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को चौक-चौराहों पर किया जागरूक

## एनएसएस के युवाओं ने यातायात नियमों के पालन के लिए चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शहर में यातायात जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। विभिन्न चौक चौराहों पर अभियान चलाकर लोगों को यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र संगठन, सड़क सुरक्षा विभाग और यातायात पुलिस के संयुक्त आयोजन से यह अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के बारे में लागों को जानकारी दी गयी। अभियान में एनएसएस के 150 स्वयंसेवकों द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, लालपुर चौक, डांगरा टोली चौक, कांटा टोली चौक, प्लाजा चौक, कचहरी चौक, एसएसपी आवास चौक, रेडियम चौक, करमटोली चौक, शहीद चौक, जयपाल सिंह स्टेडियम चौक, मिशन चौक और न्यूक्लियस चौक पर यातायात व्यवस्था को ठीक करने में योगदान दिया। स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, नेहरू युवा केंद्र के उप निदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने भी लोगों को जागरूक किया।

### श्लोगन से दिया सुरक्षा का संदेश

कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक एनएसएस ने ठाना है, सड़क सुरक्षा अपनाना है, मत करो इतनी मस्ती, जीवन नहीं है इतनी सस्ती जैसे नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में डॉ ओमप्रकाश, उज्ज्वल कुमार, मो. अजहर, दिवाकर आनंद, संदीप कुमार, स्वरा शाश्वत, रिकेश, अंकित, सुप्रिया, प्रीति, कृति, खुशबू, खुशी, शिवानी, ऋतु, स्मृति, सृष्टि, नंदनी, बिटटू कुमारी शामिल थे।

### हाथ जोड़कर हेलमेट पहने की अपील

स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे युवाओं को हाथ जोड़कर हेलमेट पहनने का निवेदन किया। बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनने, बाइक पर ट्रिपल राइडिंग नहीं करने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाने एवं मोबाइल का प्रयोग नही करने को लेकर जागरूक किया गया।

### सदानों को हक के लिए आर पार की लड़ाई लड़नी होगी : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोकसभा व विधानसभा चुनाव और राजनीतिक अधिकारों पर चर्चा हुई। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं। लेकिन सामान्य सीटों में मूलवासी सदानों के स्थान पर बाहर के व्यक्ति को राजनीतिक दल उम्मीदवार बनाकर सदानों की हकमारी कर रहे हैं। जिसे अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मूलवास सदान छात्र-छात्राओं और युवाओं से अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सदान समुदाय के अगड़ी-पिछड़ी दलित से आने वाले हर वर्ग को उनका अधिकार मिले सरकार सुनिश्चित करे। पद्मश्री मुकुल नायक ने कहा कि माए-माटी के असली सपूतों को इनका वाजिद हक मिलना ही चाहिए।

### आंदोलनरत दिव्यांगजनों ने रातू रोड में किया भिक्षाटन, लोगों को बताई अपनी पीड़ा



**रांची।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ की ओर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले एक दिसंबर से राजभवन के समक्ष धरना दे रहा है। लगातार धरना के बावजूद सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किये जाने से दिव्यांगजनों में आक्रोश है। अनिश्चितकालीन धरना के बाद भी सरकार द्वारा मांगों के संदर्भ में कोई निर्णय या आश्वासन नहीं दिया गया है। जिससे नाराज दिव्यांगजनों ने आंदोलन का तरीका बदल कर आमलोगों के बीच जाने का निर्णय लिया है। सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने के लिए झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के सदस्यों ने जन जागृति सह भिक्षाटन कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत रविवार को रातू रोड न्यू मार्केट चौक से लेकर पिस्का मोड़ तक आंदोलनरत सदस्यों ने सड़क पर भिक्षाटन की।

### उत्थान विकास ट्रस्ट 22 को निकालेगा राम लला उत्सव जुलूस



**रांची।** न्यू शाहदेव नगर पंडरा में उत्थान विकास ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच कंबल और साड़ी का वितरण किया। उत्थान विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष रीता देवी ने बताया कि इस कपकपाती ठंड में गरीब लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे गरीब और जरूरतमंद लोगों को कुछ मदद करने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया गया। ताकि जरूरतमंद लोगों को थोड़ी राहत मिल सके। मौके पर महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया गया। रीता देवी ने कहा कि 22 जनवरी को एक भव्य राम लला के उत्सव को लेकर जुलूस निकाली जाएगी, जो राम मंदिर से लेकर पहाड़ी मंदिर तक जाएगी। मौके पर चंदन कुमार, अफरोज आलम, ललिता मिश्रा, राजा मिश्रा, शारदा देवी, सुनीता सिंह, ममता मिश्रा, सविता देवी, गुड्डी देवी, रजनी देवी, शालू खान और भूपेंद्र मिश्रा के साथ कई महिलाएं मौजूद थी।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मना ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र चौधरी बगान में संस्था के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने जानकारी दी कि ब्रह्मा बाबा सन 1969 में जनवरी मास में स्थूल देह का परित्याग कर अव्यक्त हो गये। प्रजापिता ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वे जनक थे। ब्रह्मा बाबा ने ही महिलाओं को स्वतंत्र विचारधारा दी और परमात्म ज्ञान को प्राप्त करने का अधिकारी बनाया। पूर्व उपमहापौर अजयनाथ शाहदेव ने कहा श्रेष्ठ जन जिस प्रकार का आचरण-व्यवहार, आदर्श और कर्तव्य करते हैं। उसी तरह का आाचरण और व्यवहार अन्य सभी मानव करने लग जाते हैं। डॉ अनिल कुमार वैज्ञानिक ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने जितने भी संसारिक कर्म किये वह सब अलौकिक कल्याण के लिये थे। उसमें उनकी न तो आसक्ति थी और न ही अहं था। पंडित शशिकांत तिवारी ने कहा कि कर्म का परित्याग करने के लिए ब्रह्मा बाबा ने नहीं कहा परंतु संदेश दिया कि अध्यात्म ज्ञान बिना लौकिक कर्म अधूरा है और ईश्वरीय ज्ञान में महिला कभी बाधक नहीं होती है।

# भगवान जगत पिता हैं और हम सभी जीवात्मा उनके पुत्र : अनिरूद्धाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में धनुर्मास गोदा व्रत महोत्सव के समापन पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज रांची में है। उन्होंने श्रीगोदा दिव्य चरित्र कथा में कहा कि श्रीगोदाम्बाजी ने भगवान को पति रूप में प्राप्त करने का मनोरथ किया। उसकी पूर्ति भगवान ने की। कोई भी जीवात्मा सच्चा मनोरथ यदि भगवान से करता है, तो भगवान उसके सब मनोरथ पूरे करते हैं। जीवों के मन में भगवान ने इच्छा शक्ति दी है। भगवान से सच्ची इच्छा करने पर कोई भी वस्तु की प्राप्ति होती है। परंतु शरीर के अंदर जीवात्मा और जीवात्मा के मालिक परमात्मा है। जीवात्मा शरीर को सुखी रखना चाहता है, पर शरीर को छोड़ शरीर के अंदर जो आत्मा है, उसके कल्याण का नहीं सोचता। वह संसार की माया में ही फंसा रहता है। भगवान सर्वज्ञ हैं सर्व व्यापक हैं। सर्वशक्तिमान हैं और जीव के नातेदार हैं। भगवान का जीव से दृढ़ संबंध है। राजा, प्रजा, पिता, पुत्र अनेक संबंध जीव और परमात्मा में है। भगवान से मिलने के लिए जीव का हक होता है। भगवान जगत पिता हैं और हम सभी जीवात्मा उनके पुत्र हैं। श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज के साथ गोविन्द दास जी महाराज और भागीरथ भी रांची पधारे हैं।

### भोले बाबा का 22 को होगा रुद्राभिषेक

रांची। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजस्थान मित्र मंडल ने रविवार को रांची में बैठक की। बैठक में तय किया गया कि 22 जनवरी को अपर बाजार स्थित सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का रुद्राभिषेक दोपहर 1:30 बजे से किया जाएगा। दस दौरान भजन गायक भजन करेंगे। साथ ही कीर्तन और भंडारा भी किया जायेगा। शाम से युवा नाट्य अकादमी की ओर से संपूर्ण रामायण की जीवंत झांकी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जाएगी। शाम सात बजे से दीपोत्सव एवं मनमोहक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा।

### सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का रुद्राभिषेक 22 को

**रांची।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजस्थान मित्र मंडल ने रविवार को रांची में बैठक की। बैठक में तय किया गया कि 22 जनवरी को अपर बाजार स्थित सरोवर महादेव मंदिर में भोले बाबा का रुद्राभिषेक दोपहर 1:30 बजे से किया जाएगा। दस दौरान भजन गायक भजन करेंगे। इसके बाद कीर्तन और भंडारा भी किया जायेगा। शाम से युवा नाट्य अकादमी की ओर से संपूर्ण रामायण की जीवंत झांकी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जाएगी। शाम सात बजे से दीपोत्सव एवं मनमोहक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित ने बताया कि अपर बाजार की दीपावली पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है। उसी के तर्ज पर पूरे अपर बाजार में दीप उत्सव एवं जगह-जगह प्रसाद वितरण और अपर बाजार के हर क्षेत्र में आतिशबाजी की जाएगी। सभी कार्यक्रमों के जानकारी के लिए पोस्टर का भी विमोचन राजस्थान मित्र मंडल की ओर से किया गया।

## बारिश के दिनों में घुटने तक होता है पानी, तेज बहाव से हो चुकी है युवक की मौत

# नदी के ऊपर बसा है पंचशील नगर

**अमित कुमार। रांची**

ओटीसी मैदान के आगे पंचशील नगर है। यहां 30 साल पहले एक नदी बहा करती थी। स्थानीय लोग बताते हैं कि पंचशील नगर नदी के ऊपर ही बसा हुआ है। नदी तो अब बची नहीं लेकिन उसकी जगह पर एक नाला जरूर बह रहा है। पूर्व में यह नदी नगड़ी से बजरा होते हुए पंडरा के किनारे से पंचशील नगर में प्रवेश करती है। फिर अंदर ही अंदर शाहदेव नगर होते हुए यह कांके डैम में गिरती थी। वैसे सरकार का नियम है कि नदी के दोनों किनारों पर 100 मीटर तक निर्माण कार्य नहीं कर सकते। स्थानीय लोगों ने बताया कि 1985 के पूर्व ही आदिवासियों द्वारा यहां की अधिकतर जमीनें बेच दी गईं। जिन्होंने भी नदी के किनारे जमनी खरीद कर घर बनाया उनमें से किसी के पास नक्शा नहीं है। कई घर तो नाले के उपर ही बने हैं। प्रारंभ में नाला 20 फीट चौड़ा है और आगे जाकर 10 फीट चौड़ा रह गया है। वहीं पंचशील नगर रोड नंबर तीन तक इसकी चौड़ाई पांच फीट रह जाती है, इसके बाद का बहाव क्षेत्र महज 10 इंच का रह जाता है।



### घरों में घुस जाता है गंदा पानी

बारिश के दिनों में पानी का बहाव तेज हो जाता है। सड़कों पर घुटना भर पानी भर जाता है। नदी के किनारे वाले सभी घरो में नाले का गंदा पानी घुसने से वहां के लोग परेशान रहते है।

### तीन साल पहले बह गया था युवक

तेज बहाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीन साल पहले हुई बारिश के तेज बहाव में एक युवक की मौत हो चुकी है। तब उसकी लाश डैम से प्राप्त हुई थी।

### वार्ड 34 के पार्षद सुनीता देवी

उन्होंने बताया कि जब क्षेत्र का विस्तार हो रहा था उस वक्त जमीन के मालिकों ने लोगों को बसने के लिए जमीन तो बेचा, लेकिन अब यहां की जनसंख्या 15 हजार से जयादा हो चुकी है। कई घरे बिना नक्शा के बनी है। ऐस में नगर निगम को ही प्रयास करना होगा कि इस समस्या का समाधान कैसे हो, जिससे वहां के कम से कम लोग प्रभावित हो सकें।



मंदिर के बगल में बहता हुआ नाली का गंदा पानी



नदी के बहाव क्षेत्र में बाउंड्री किया हुआ है। बजरा से होकर पंडरा से पहले पंचशील नगर के दक्षिणी की ओर के बहाव क्षेत्र पर कई लोगों ने जमीन खरीद कर बाउंड्री कर ली है।

### शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215वीं जयंती समारोह 17 जनवरी को

**रांची।** 1857 के क्रांतिवीर शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215 वी जयंती समारोह सह विकास मेला का आयोजन 17 जनवरी को किया जाएगा। समारोह शहीद की जन्मस्थली लोहरदगा के आदर्श ग्राम भौरो प्रखंड भंडरा में होगा। हर वर्ष लोहरदगा जिला प्रशासन एवं शहीद पाण्डेय गणपत राय स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में जयंती समारोह सह विकास मेला का आयोजन होता है। बिहार क्लब में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए शहीद पाण्डेय गणपत राय की प्रपौत्री डॉ वंदना राय बताया कि शहीद पाण्डेय गणपत राय के परिवार के सदस्यों द्वारा भूमि राज्यपाल के नाम दान दी गई। जिसमें तत्कालीन उपायुक्त आराधना पटनायक के सहयोग से एक सुंदर स्मारक का निर्माण करा कर मूर्ति स्थापित की गई। शहीद स्मारक परिसर ग्राम भौरो को सरकार पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित की है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# विधायक नीरा यादव ने मकर संक्रांति महोत्सव का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने रविवार को ध्वजाधारी धाम में दही चूड़ा तिलकुट एवं संगीत का आयोजन किया। साथ ही जिले वासियों को बधाई एवं एवं शुभकामनाएं दी है। सभी कार्यकताओं नए साल का कैलेंडर दिया गया।

कार्यक्रम में गायक दीपक कुमार सिंह, संजीत भारती, रंजीत मलाकार, सुवेता सिह, घीरज पंडेय, राजा चौरसिया, आराधना सिंह, काली महिला मंडल ने भजन गाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, जिलाध्यक्ष नितेश चन्द्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र सिंह, रवि मोदी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# राज्य के नये मतदाता आगामी चुनाव में लिखेंगे नई कहानी : बाबूलाल

## मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए मतदाताओं से करेंगे वर्चुअल संवाद

### झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में होगा नव मतदाता सम्मेलन

### मतदाता सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 जारी किया

**नवीन मेल संवाददाता। साहेबगंज**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर मतदाता सम्मेलन को लेकर रविवार को साहेबगंज परिसदन में पत्रकार वार्ता करते हुए हेमंत सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। मरांडी ने कहा कि नए मतदाता आने वाले 2024 चुनाव में नई कहानी लिखने को तैयार हैं।




उन्होंने कहा कि झारखंड में 50 लाख नये मतदाता जुड़े हैं। नए मतदाता अपनी सरकार बनाने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए मतदाताओं से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उनसे संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 5000 स्थानों पर कार्यक्रम होगा, जहां नए मतदाता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन होना है। इस सम्मेलन में लाखों की संख्या में युवा जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि नए मतदाता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार है। इनके अंदर भारी उत्सुकता है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि भ्रष्ट हेमंत सरकार को नए मतदाता जवाब देने को भी आतुर हैं।

वादा खिलाफी से युवाओं में काफी रोष है। उन्होंने मतदाता सम्मेलन के लिए राष्ट्रव्यापी रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 भी जारी किया। साथ ही नव मतदाताओं को उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल कर पंजीयन कराने का आग्रह किया। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी भी उपस्थित थे।

# झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा में मॉडलों ने किया रैंप वॉक

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
रांची। पनाश इंटरप्राइजेज की ओर से मिस्टर, मिस, मिसेज एंड किड्स स्टार इंडिया कॉन्टेस्ट का ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। आइडियल बैंक्विट हॉल कांके रोड में आयोजित गैंड फिनाले के मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह ने दीप प्रज्वलित व गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। मॉडलों ने झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित परिधान पहन कर झारखंडी गानों पर रैंप वॉक किया। जिसमे झारखंड की संस्कृति व परंपरा को दर्शाया। इसके बाद मॉडल में फंकी राउंड पेश किया। फिर वेस्टर्न राउंड हुआ। इस शो में इंट्रोडक्शन राउंड तथा प्रश्न उत्तर राउंड भी था। शो में रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों बिहार, झारखंड, उड़ीसा, बंगाल एवं राजस्थान से 62 मॉडलों ने भाग लिया। कुल चार कैटेगरी में मिस्टर मिस मिसेज और किड्स शामिल हुए। ग्रैंड फिनाले में जूरी की भूमिका जिम गुप्ता, डॉक्टर मो महबूब आलम, डेजी सिन्हा, संजय कुमार मोहता तथा खुशी काकन ने निभाया। कोरियोग्राफी आकाश साव और नैना ने किया। इस कार्यक्रम में कई मां बेटी ने भी साथ-साथ हिस्सा लिया। इसकी जानकारी शो के डायरेक्टर मधु सिंह और रोशन सिंह ने दी।



# अवैध खनन मामले में ईडी 15 को विनोद सिंह से करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अवैध खनन मामले में विनोद सिंह से 15 जनवरी को पूछताछ करेगी। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी करते हुए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी, विनोद सिंह को 15 जनवरी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था।

# 'जतरा मेला से सामाजिक सद्भाव का होता है विकास'

## मंत्री ने किया लोहरदगा के खरता में विवाह मंडप एवं मेले का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा के कैरो प्रखंड के खरता में विधायक निधि से नवनिर्मित विवाह मंडप एवं दक्षिणी कोयल नदी के तट पर स्थित भोलेनाथ मंदिर के समीप सदभावना मेला का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक पारंपरिक आवश्यकताओं को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को लेकर कैरो प्रखंड के खरता ग्राम में ग्रामीणों की मांग थी कि विवाह मंडप का निर्माण कराया जाए। जिसे हमने प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कर पूरा करने का काम किया। हमारा प्रयास है कि



इस रमणीक स्थल का पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए। मंत्री ने कहा कि जतरा मेला से सामाजिक सदभाव का विकास होता है। इससे सभी जातियों के लोगों के बीच सदभाव बढ़ता है। साथ ही घर में सुख शांति एवं समृद्धि भी आती है। जतरा में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं।

# कैंपस प्लेसमेंट के लिए कंपनियों का आना हर्ष की बात : वीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसे इंश्योरेंस कंपनी की ओर से संचालित किया गया। इसके तहत ग्रुप डिस्कसन और इंटरव्यू के माध्यम से 10 विद्यार्थियों का चयन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंश्योरेंस के लिया किया गया।

इसमें 6 विद्यार्थी कॉमर्स संकाय के और 4 बीबीए पाठ्यक्रम से चयनित हुए। इन चयनित विद्यार्थियों को कंपनी के एचआर विभाग से उनके अग्रेत्तर कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किए जायेंगे। इसके बाद अपने पाठ्यक्रम की समाप्ति पर चयनित विद्यार्थी कंपनी में अपनी सेवा प्रदान करेंगे। इस कैंपस ड्राइव पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि हाल के दिनों में पर्याप्त संख्या में देश की श्रेष्ठ कंपनियां यहां प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। विश्वविद्यालय का भी निरंतर यह प्रयास रहा है न सिर्फ व्यवसायिक बल्कि पारंपरिक स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए भी विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने इस संबंध में जल्द ही विश्वविद्यालय के द्वारा रोजगार मेला के आयोजन की बात कही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह भी मौजूद थीं।

# छात्रों ने शून्यकाल 2.0 द जीरो ऑवर में लोकसभा की कार्यप्रणाली को जाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मिशन ब्लू फांउडेशन के तत्वावधान में लोकसभा की तर्ज पर दो दिवसीय शून्यकाल 2.0 द जीरो ऑवर का समापन हो गया। कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम अंतिम दिन रविवार को शून्यकाल के तहत पक्ष और विपक्ष के लोगों ने सवाल पूछे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति गोपाल पाठक ने स्पीकर की भूमिका निभाते हुए सदन का संचालन किया। पक्ष और विपक्ष से शून्यकाल के तहत सवालों को सुना। शून्यकाल में सांसदों की भूमिका निभा रहे विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने कई विषयों पर सवाल पूछे। एक देश एक चुनाव, ऑनलाइन गेमिंग पर लगे जीएसटी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर सवाल पुछे। सांसदों ने नव तस्करी, सीएनटी एक्ट, बालू की तस्करी पर सवाल उठाये और इसका निराकरण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पत्रकार निलय सिंह, सुनंदा मित्रा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने स्पीकर के रूप सदन का संचालन किया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में पर कई विषयों पर विपक्ष से सता पक्ष को सवालों से घेरा। इससे पहले शनिवार को बाल श्रम (उन्मूलन) विधेयक 2024 को पेश किया गया। जिसे बहुमत से लोकसभा में पास किया गया। बिल को पेश करने के बाद पर इस पर पक्ष और विपक्ष ने खुल कर चर्चा की और इस दौरान बिल पर तीखी बहस भी हुई। पक्ष और विपक्ष की भूमिका विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लेते हुए अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद समीर उरांव ने किया। वहीं, राष्ट्रपति के रूप में बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह ने संबोधित किया। वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा ने लोकसभा और विधानसभा की कार्यप्रणाली को समझाया और शून्यकाल के बारिकियों के बारे में भी बताया। मौके पर मिशन ब्लू फांउडेशन के पंकज सोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में मंजीत सिंह, मेरी स्टेला माइकल, प्राची नारायण, मनीष पाठक एवं देवकी पवार समेत अन्य लोग मौजूद थे। मंच का संचालन मारिया एंथोनी ने किया।




# ईडी ने अवैध खनन मामले में कन्हैया खुडानिया समेत 30 लोगों को भेजा समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में कन्हैया खुडानिया सहित 30 लोगों को समन भेजा है। ईडी उनसे 17 जनवरी से पूछताछ करेगी। इससे पूर्व बीते तीन जनवरी को कन्हैया के घर में छापेमारी के दौरान ईडी को छह लाख नकदी के साथ 30 अलग-अलग बेनामी बैंक अकाउंट के खाते मिले थे। इन बेनामी अकाउंट खातों की जांच मामले के दौरान सामने आए नाम के लोगों को समन जारी किया गया है।

# सीजीएचएस का एक केंद्र जमशेदपुर में खुलेगा, केंद्र सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा लभार्थी संघ के पहल पर भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने जमशेदपुर में सीजीएचएस का एक चिकित्सा केंद्र खोलने की सहमति दी है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में रांची के अतिरिक्त निदेशक को वहां एक उपयुक्त भवन एवं लभार्थियों की अनुमानित संख्या का विवरण मांगा गया है। ज्ञात हो कि गत जुलाई माह में लभार्थियों के संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो को एक ज्ञापन दिया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर सीजीएचएस का एक केंद्र जमशेदपुर में खोलने का आग्रह किया गया था। सीजीएचएस के जमशेदपुर में केंद्र की अनुमति के लिए गणेश प्रसाद चौधरी, संतोष कुमार मुखर्जी और पून्यधन सेन का सराहनीय प्रयास रहा।

# आजसू बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष बने डोमन सिंह मुंडा व डॉ मुकुंद चंद्र मेहता महासचिव

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय महासचिव बनाया है। डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र महतो को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव बनाए जाने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरन भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो, रौशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, कौशिक चांद, अंचल किंगर, अरविंद कुमार, सज्जाद आलम, प्रो मिथलेश सिंह, प्रो के पी सिन्हा, प्रो शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह तथा आदित्य महतो ने बधाई दी।

# सिविल कोर्ट अधिवक्ता अभय मिंज का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता सह झारखंड अधिवक्ता मंच के पूर्व सचिव अरसंडे, कांके निवासी अभय मिंज (47) का निधन हो गया। रविवार सुबह तीन बजे ग्लोबल अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। अभय मिंज जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में बतौर संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) के उम्मीदवार पर नामांकन भरा था। नामांकन के दो दिन बाद ही उनका ब्रेन हेमरेज हुआ था। उनके निधन से अधिवक्ता परिवार में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता राजकुमार साहू, रविंद्र कुमार, उत्तम कुजूर तथा सतीश कुमार समेत अन्य अधिवक्ता शामिल हैं।



# राजनीति में सामूहिक विचारों को समाहित करना जरूरी : सुदेश महतो

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न रांची के कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। कल की चिंता से पहले हमें आज लिए जा रहे राजनीतिक फैसलों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। यदि हम आज गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हमें इसका नुकसान उठाना होगा। यह बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही।

इस दौरान मो. सरफराज आलम और मो. शाहनवाज आलम के नेतृत्व में रांची शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी युवा साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति किसी एक व्यक्ति के विचार से नहीं, बल्कि अनेक विचारों को एक जगह समाहित करने से चलती और सशक्त दिखती है। राजनीति में सामूहिकता को प्लेटफार्म देने का काम आजसू पार्टी करती है। पार्टी में सभी की भावनाओं का सम्मान होता है। भावनाओं के सम्मान और विचारों को राज्य के विकास में लगाना हमारा लक्ष्य है।



उन्होंने कहा कि इंडी अलायन्स सिर्फ चुनाव लड़ने और जीतने की कोशिश तक ही सीमित है। इसमें देश और देशवासियों की तरक्की नहीं दिखाई देती है। देश एवं देशवासियों के प्रति इनकी कोई जवाबदेही नजर नहीं आती है।

अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनकी याद में एक मिनट का मौन रख कर उन्हें नमन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहादुर ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने अपनी सोच और ऊर्जा से पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया था। पार्टी में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता, केंद्रीय सांगठनिक सचिव एस अली, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

# अग्रवाल क्रिकेट लीग में अग्रोहा वॉरियर्स ने दादी सेना को 43 रनों से हराया




**अग्रवाल युवा सभा रांची द्वारा अग्रवाल क्रिकेट लीग सीजन-2 का आयोजन**

**रांची।** जिमखाना क्लब क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल मैच के दौरान एक रोमांचक और अद्भुत पारी के साथ टीम अग्रोहा वॉरियर्स ने 43 रनों से दादी सेना को हराकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच देवांश पोद्दार रहे, जिन्होंने मैच में 47 गेंदों में 80 रन बनाकर एक शानदार पारी का प्रदर्शन किया। बेस्ट बैट्समैन एवं मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से अखिल टिकमानी को सम्मानित किया गया। बेस्ट बॉलर के रूप में चंद्र प्रकाश रुहिया को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट फील्डर अनुबंध अग्रवाल बने। टुर्नामेंट के टाइटल स्पॉन्सर तुलस्यान ज्वेलर्स की ओर से निहार तुलस्यान एवं को-स्पॉन्सर सिंघानिया मोटर्स ग्रुप से पुलक सिंघानिया को सम्मानित किया गया। टी-शर्ट पार्टनर महालक्ष्मी सुजुकी से अमित अग्रवाल एवं निखिल गोयल, ट्रॉफी पार्टनर एनहांस ग्रुप, बेवरेज पार्टनर अमूल से विशाल पड़िया, ड्रिंकिंग पार्टनर केम्प्टी से अनिमेष लोधा, फोटोग्राफी पार्टनर एवी फोटोग्राफी से मिथिलेश को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी पारंगत खिलाड़ियों एवं टीम को मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी, समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं अन्य संस्थाओं के सदस्यों का पूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम के संयोजक सनी टिबड़ेवाल, रौनक झुनझुनवाला एवं विवेक टिंबरड़ेवाल थे। संस्था के स्पोर्ट्स डायरेक्टर अभिषेक जालान (बिटली) एवं उनके सहयोगी अरुण पोद्दार और शुभम मोदी रहे। संस्था के अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रोहित सरावगी, कोषाध्यक्ष शुभम लोहिया के साथ पूरी अग्रवाल युवा सभा, रांची की टीम का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित प्रकाश बजाज ने दी।

# मारवाड़ी कॉलेज में वित्तीय कल्याण कार्यक्रम पर वेबिनार का आयोजन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के निर्देश पर एसइबीआई के तहत एकदिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोग वित्तीय साक्षरता को समझ सके और उसमें निपुण बन सके। कार्यक्रम में बीकॉम की छात्राएं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस वेबिनार का विषय फाइनेंस वैलनेस सेशन था। वेबिनार में कुल 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस सत्र की अध्यक्षता आईक्यूएसी मेंबर सेक्रेटरी एवं हेड और डीन ऑफ कॉमर्स डॉ आरआर शर्मा ने की। सत्र का संचालन असिस्टेंट प्रो. अंकित कुमार शर्मा द्वारा किया गया। मुंबई से आए मुख्य वक्ता नम्रता अरोड़ा ने नोवाइज लर्निंग एकेडमी की ओर से यह एकदिवसीय राष्ट्रीय महिला जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें उन्होंने कई जानकारियां दी गयी। उन्होंने छात्राएं के बीच व्याख्यान प्रस्तुत कर पैसे को सुरक्षित रखने के टिप्स दिया। म्युचुअल फंड जो आजकल हम सभी नाम सुनते हैं उसके बारे में बताया कि कैसे यह काम करता है। निफ़्टी, सेंसेक्स के बारे में भी जानकारी दी। इस वेबिनार के सभी भागीदारों को मारवाड़ी वीमेंस कॉलेज की प्रोफेसर इन चार्ज डॉ एसपी महतो और प्रो महामणि कुमारी ने सर्टिफिकेट प्रदान किया।



# कराटे ग्रेडिंग सह सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट के तत्वावधान में एक दिवसीय ग्रेडिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वाईएमसीए कांटा टोली में आयोजित समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू और विशिष्ट अतिथि शिहान विमल आनंद नाग ने किया। मुख्य तकनीकी निदेशक इस्मा एवं प्रवीण कुमार अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग खिलाड़ी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विनय सिन्हा दीपू ने कहा मार्शल आर्टस के क्षेत्र में इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्टस इस्मा के बच्चे कराटे के साथ साथ किक बॉक्सिंग एवं बाक्सिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसके लिए सभी प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं। कराटे ग्रीटिंग व्हाइट बेल्ट से ब्राउन 1 तक के बच्चों ने दिया। जिसमें 38 बच्चों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग महिला लीग प्रतियोगिता पूर्णिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाली लड़कियों को सम्मानित किया गया। जिन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उनमें अयन अली, अहाना कर्मकार, आरजू अली, यशिका मेहता, साक्षी संपत, लावण्या शर्मा तथा शरिया साजिद शामिल थे। कार्यक्रम में नौशाद खान, गुलाम गौस कुरैशी, कमल किशोर कच्छप, गुलाम जावेद, इबरार अंसारी, लालचंद लोहार, राहुल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिन्देश्वरी दुबे की जयंती मनाई

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और इंटक नेता स्व. बिन्देश्वरी दुबे की जयंती रांची के कांग्रेस भवन में रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने स्व. दूबे के चित्र पर माल्र्यापण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने उनकी सादगी का विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें कांग्रेस का संगठनकर्ता बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड के विकास के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि गुमला जिला अंतर्गत शंख नदी पर बना पुल उन्होंने ही बनवाया था। स्व. दूबे कांग्रेस के कई प्रतिष्ठित पदों का सफल संचालन कर कार्यकताओं के प्रेरणा स्त्रोत रहें। स्व. दूबे समाज को एक नई चेतना दी और मजदूरों के नारों को अमलीजामा पहनाया।

# श्री श्याम सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में भजनों की बही गंगा

**रांची।** श्री श्याम सेवा समिति चुटिया के द्वारा सेठ रामेश्वरम लाल पोद्दार स्मृति भवन में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में फतेह चन्द अग्रवाल, के के पोद्दार, आरएस अग्रवाल, प्रकाश मोदी और ओम प्रकाश अग्रवाल उपस्थित हुए। सभी का स्वागत कमल अग्रवाल, प्रदीप मोदी, अर्जुन सिंघानिया, सांवरमल अग्रवाल, अरुण केड़िया ने किया। समिति के अध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं सचिव पवन अग्रवाल ने समिति के क्रिया कलापों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मुख्य जजमान जुगल किशोर अग्रवाल के परिवार द्वारा बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई। इसके उपरांत श्री श्याम सेवा समिति के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। भजनों के बीच उपस्थित भक्त जमकर झूमे। महिला सदस्यों द्वारा बाबा को गजरा एवं बागा समर्पित किया।

## एक नजर

### उत्साह के साथ दादी जी की पाठशाला में पहुंचे बच्चे



**हजारीबाग।** श्री रानी सती दादी मंदिर मे रविवार को दादी जी की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ भाग लिया।आपको बताते चले कि कार्यक्रम में बच्चों को रानी सती दादी जी के बारे बताया गया।मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सभी बच्चे अपने घरों से पतंग लेकर आए थें।कार्यक्रम में दादी जी की जीवनी के बारे में जानकारी दी गईं। वही अनिल स्वेता चौधरी द्वारा प्रभावना की गई। बच्चों में आदया अग्रवाल, कार्तिक गर्ग, संचित अग्रवाल, रूद्र बंसल, सांची अग्रवाल संचिका अग्रवाल यार अग्रवाल, राशिका अग्रवाल एवं सुधा अग्रवाल शामिल थे।

### श्री राम भक्तों ने गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

**हजारीबाग।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर उत्साहित राम भक्तों ने गाजे बाजे, भगवा ध्वज के साथ कलश यात्रा निकाली। सिरसी शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर हर गली मोहल्ले में जा जा कर हर घर में पूजित अक्षत देकर नागरिकों को आमंत्रण दिया गया। सनातनी माताओं बहनों नौजवानों बच्चे बुजुर्ग सभी ने कलश यात्रा में शामिल होकर इस पूजित अक्षत को हर घर में सफलतापूर्वक पहुंचाने का कार्य किया।

### 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर करियातपुर में हुआ बैठक

**बरही ।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर शुक्रवार रात्रि हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वा दीपोत्सव को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता चंदन केशरी एवं संचालन कैलाश केशरी के द्वारा किया ने किया,वहीं पूर्व से निर्धारित करियातपुर के सभी मंदिरों को लाइट से सजाया जाएगा और 22 जनवरी को मंदिरों में भजन कीर्तन, पूजा पाठ करने एवं अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने के लिए टीवी और साउंड लगाया जाएगा।

# पंचायत भवन में हुआ संकल्प यात्रा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सलगावां पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों,विभागों, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार के संगठनों और संस्थानों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है। इस दौरान सरकारी योजनाओं, सरकार द्वारा हर घर को शौचालय, रसोई गैस, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, बिजली, पानी की उपलब्धता पर जानकारी दी गई। सलगावां शाखा डाकपाल राजीव रंजन मिश्रा ने डाकघर के माध्यम से चल रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं व डाकघर द्वारा सरकार द्वारा प्रदत डीबीटी प्राप्ति व भुगतान की सुविधा के बारे में जानकारी दी। सभी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना हर संभव योगदान देने का संकल्प लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि इंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुखिया मधु रानी, पंचायत समिति सदस्य भगिया देवी, पंचायत सेवक महेश राम, रोजगार सेवक सुधीर राम, गंगा साव, वार्ड सदस्य रीना देवी, संगीता देवी, अनिता देवी, रितेश कुशवाहा, संजय रविदास, संतोष ओझा, महेश कुशवाहा, अविनाश हेम्ब्रम शाकाल, अर्जुन प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने गौशाला कर्मचारियों के संग मनाया मकर संक्रांति का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर से करीब सात किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के संग हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मकर संक्रांति का महापर्व मनाया। इसके पूर्व सभी लोगों ने गौ माता की सेवा कर उन्हें गुड,चोकर खिलाया। गौशाला में कार्य कर रहे 45 कर्मचारियों के बीच चूड़ा, गुड, तिलकुट सहित अन्य सामानों का वितरण किया गया। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि गौशाला में इनकी सेवा अतुलनीय है जिस तरह गौ माता यह लोग सेवा करते है हमें भी इनकी उतना ही ध्यान रखना चाहिए इसी को देखते हुए आज गौशाला परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मकर संक्रांति पर चूड़ा,गुड, तिलकुट एवं अन्य सामान का वितरण किया साथ ही साथ सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी कहा कि मीठी बोली मीठी जुबान मकरसंक्रांति का है ये ही पैगाम। उन्होंने सभी कर्मचारी बंधुओं को बताया कि मकर संक्रांति एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है यह भारत में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा यह हर साल 14 एवं 15 जनवरी को मनाया जाता है। यह त्योहार भारत के प्रमुख त्योहारों में से है जो पूरे उत्साह से मनाया जाता है। यह त्योहार एक पारंपरिक त्योहार जो की उत्तरायन के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग तिल, गुड़, रेवड़ी से बने पदार्थ खा कर आनंद उठाते हैं और पतंग भी उड़ाते है। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास केसरी,प्रमोद खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकाश तिवारी उदित तिवारी एवं सतेंद्र सिंह डॉ वी वेंकटेश, वसंता लक्ष्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### मकर संक्रांति के अवसर पर साईं मन्दिर में आज विशाल भंडारे का होगा आयोजन



**हजारीबाग।** शहर के छठ तालाब के समीप अवस्थित साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सोमवार को साईं भण्डारा का कार्यक्रम कराया जा रहा है। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में सोमवार को अहले सुबह साईं मंदिर में 5 बजे काकड़ आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का श्रीगणेश किया जाएगा। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का भी इंतजाम रहेगा। इसी दौरान विशेष उपस्थिति आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषी और भैयाजन की होगी। इन सभी के बीच साईं बाबा का प्रसाद वितरण किया जायेगा। बता दें कि साईं परिवार, हजारीबाग समूह समाजिक सरोकार से जुड़कर सेवा कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह समूह सामाजिक एकता के साथ सामाजिक समरसता को बरकरार रखने के लिए कार्य करता है। साईं परिवार, हजारीबाग समाज के जरूरतमंद वर्गों को व्यक्तिगत रूप से भी अपनी क्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है। समूह का लक्ष्य है कि साईं भक्तों का एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है।उक्त आयोजन को सफल बनाने में संयोजक सुनील अग्रवाल , अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा , सचिव संजय कुमार , कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता , सुशील जायसवाल , राकेश सिन्हा , मनीष चौरसिया , प्रदीप मालाकार , डॉ अमरेंद्र सिंह , बल्ली गुप्ता समेत साईं परिवार के अन्य सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता का प्रयास लाया रंग, आंगो पंचायत का होगा सर्वांगीण विकास



**हजारीबाग।** विकास की किरणों से अछूते पंचायतों की सुध लेने के लिए एक प्रखर मनोस्थिति की आवश्यकता होती है। सामजिक कार्यकर्ता डॉ देवेन्द्र सिंह देव भी इसी कोटि से आते हैं।उन्होंने इस बार आंगो पंचायत के विकास का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रपति को पत्र द्वारा अवगत कराने पर उन्हे राष्ट्रपति सचिवालय के पत्रांक 1230/ पीएमओ प्राप्त हुआ। डॉ सिंह की पहल का सकारात्मक असर भी हुआ है।ग्राम पचडा प्रखंड बड़कागांव में पुल पुलिया का निर्माण ग्रामीण खुद करते हैं,लेकिन बरसात में इनका निर्माण ढह जाता है। इसके लिए बेहतर सामाजिक संरचना की निमित सरकार आगे क्या करती है यह देखना शेष है।

### गुरु गोविंद सिंह जी की 357वीं जयंती पर हुआ नगर कीर्तन सह शोभायात्रा का आयोजन



**हजारीबाग।** धर्म की रक्षा, लोगों की सेवा, सत्य, न्याय और मानव कल्याण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धा, अदम्य साहसी एवं सिक्खों के दसवें गुरु पूज्य गुरु गोविंद सिंह जी की 357वीं जयंती गुरु पर्व पर शनिवार को हजारीबाग गुरुद्वारा कमेटी द्वारा निकाले गए नगर कीर्तन सह शोभायात्रा झण्डा चौक पहुंचने पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं के बीच विधायक मनीष जायसवाल ने अल्पाहार का भी वितरण किया। नगर कीर्तन सह शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज कारनामा दिखाया गया वहीं सफाई को लेकर जागरूकता संदेश भी बिखेरा गया।

### झारखंड जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में आठ टीमों ने लिया भाग

**हजारीबाग।** 23वें जूनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बालकों के कुल आठ टीमों ने मैच खेला। जिसमें जैप 1 ने बोकारो स्पोर्ट को , सरायकेला ने सिंदरी को , पूर्वी सिंहभूम ने पश्चिम सिंहभूम को, हजारीबाग ने सरायकेला को एवं जमशेदपुर ने धनबाद को हराया।वहीं बालिकाओं के वर्ग में कुल छह टीमों के बीच मैच खेला गया जिसमें बोकारो ने धनबाद को, पूर्वी सिंहभूम ने पश्चिम सिंहभूम को तथा जमशेदपुर ने बोकारो को हरा कर जीत हासिल किया।

### दिगवार और ईरगा चंडी स्थान में हुआ भव्य मेले का आयोजन



**हजारीबाग।** दारू प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत और ईरगा पंचायत के चंडी स्थान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी को भव्य मेले का आयोजन किया गया। दिगवार चंडी स्थान में मेले का आयोजन लगभग दो दशकों से लगातार धूमधाम से किया जा रहा है। यहां पर लोगो की माता पर आस्था और विश्वास बहुत है। यह पावन स्थल दारू प्रखंड अंतर्गत दिगवार पंचायत के घने जंगलों में स्थित है जो दारू झूमरा और चुरचू प्रखंड के मुख्य मार्ग काला रोड के किनारे अवस्थित है। ईरगा चंडी स्थान में मेले का आयोजन विगत दो वर्षों से हो रहा है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष काफी मात्रा मे भक्त उपस्थित हुए, यहां चर्चित समाजसेवी सह कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने उपस्थित होकर चंडी मां का दर्शन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस स्थान पर एक मंदिर भी बनना चाहिए जिसमे मेरा भी सहयोग रहेगा।

### अडरा में बांटे गए अयोध्या से आए पूजित अक्षत



हजारीबाग/ कटकमदाग। प्रखंड के ग्राम अडरा में रविवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरूप सनातनी धर्मावलंबियों के घर घर वितरित किया गया। अडरा शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अक्षत वितरण का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव ने किया। जय श्रीराम के नारे लगाते हुए राम भक्तों ने घर-घर जाकर लोगों को अक्षत देते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्रामीणों को अपने-अपने घरों में दीप जलाकर उत्सव मनाने को अपील की। उन्होंने बताया कि उस दिन गांव के मंदिरों को सजा कर विशेष पूजा की जाएगी। अक्षत वितरण कार्यक्रम में गांव के युवाओं ने बढ चढ़कर भाग लिया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत के बाद सड़क हुआ जाम

# विधायक व पूर्व विधायक के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने हटाया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही (हजारीबाग)**
प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में इंडियन पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक लाइन होटल के बगल में 11 हजार तार के चपेट में आने से 38 वर्षीय पंचमाधव गांव निवासी गणेश ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह करीब 10:30 बजे घटी। मृतक गणेश ठाकुर पेशाब करने के लिए होटल के बगल में गया था, इस दौरान उसके ऊपर 11 हजार की हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया और उसके चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। वही होटल में बैठे 3 से 4 लोग बाल बाल बच गए। बिजली विभाग के लापरवाही को देखते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों ओर से सड़क को जाम कर दिया, और सड़क पर ही बैठ गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, प्रमुख मनोज रजक, जेबीकेएसएस के नेता संजय मेहता, राजद के पूनम यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, थाना प्रभारी रोहित सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, छठू गोप, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, तौकीर रजा, बीरेंद्र यादव आदि घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व बरही प्रशासन से उचित मुआवजा, पीड़ित परिवार के घर से एक व्यक्ति को बिजली विभाग में नौकरी व लचर बिजली व्यवस्था को सुधार करने की मांग करने लगे और करीब 3 घंटे तक सड़क को जाम रखा। उचित मुवावजा और पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति के नौकरी मिलने के आश्वाशन के बाद जाम हटाया गया। वही बरही पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के करना यह घटना घटी है।

# शिक्षा राज्यमंत्री व सदर विधायक ने बुढ़िया माता मंदिर में मत्था टेका



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा परिवार, इचाक प्रखंड द्वारा बुढ़िया माता मंदिर परिसर, इचाक में दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए। दोनों जनप्रतिनिधियों ने यहां पहुंचकर प्राचीन बुढ़िया माता मंदिर में माथा टेका और क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। बताते चलें कि हजारीबाग जिला मुख्यालय से महज 17 किमी दूर इचाक के बुढ़िया माता मंदिर का इतिहास करीब 4 सौ वर्षों का है। यहां प्रतिमा नहीं बल्कि मिट्टी और सिंदूर के पिंड की पूजा की जाती है। यहां मिट्टी के पिंड पर सिंदूर का लेप लगाया जाता है और माता लोगों की मन्नतें पूरी करती हैं। बुढ़िया माता मंदिर को लेकर कहा जाता है कि सदियों पूर्व जब इस इलाके में हैजा और कोलेरा का प्रकोप फैला तो क्षेत्र में मौत का तांडव शुरू हो गया। ऐसे में यहां बुढ़िया माता ने पिंड स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया और तब से क्षेत्र में अकाल मौत से लोग बचते आए हैं। यहां कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है।

### रामनवमी महासमिति सभी अखाड़ो मे करेगा झंडा, दिया व हनुमान चालीसा का वितरण

# 22 जनवरी को सभी रामभक्त मनाएं उत्सव करें हनुमान चालीसा का पाठ : कुणाल यादव



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
बड़ा अखाड़ों प्रांगण में अयोध्या मे 22 जनवरी को हो रहे रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़ा अखाड़ा प्रांगण मे एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे 22 जनवरी के उत्सव के स्वरूप पर चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक के माध्यम से रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव ने लोगो से अपील करते हुए कहा की रामलल्ला का प्राण प्रतिष्ठा होना हम सभी हिंदूओं के लिए गौरव, सम्मान व हर्ष का विषय है इस दिन को हम सभी को एक उत्सव के रूप मे मनाना है। वहीं रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा बिरु ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की इस दिन को हम सभी को धूमधाम से मनाना है सबो को अपने आस पास के मंदिरों को साफ सफाई करनी है। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव ने अपने संबोधन मे कहा की 500 वर्षों के बाद रामलल्ला अपने घर वापस आ रहे हैं। त्रेता युग मे प्रभु श्री राम 14 वर्षों के बाद जब अयोध्या वापस लौटे थे तो घर घर दीप जलाकर खुशियाँ मनाई गई थी इस कलयुग मे प्रभु श्री राम 500 वर्षों के बाद घर लौट रहे हैं इसलिए इस बार हमलोगों को पूरे उत्साह और उमंग से इस उत्सव को मनाना है। उन्होंने आगे कहा की जैसा की इस बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है की महासमिति की ओर से सभी अखाड़ो में झंडा, दिया, घी व हनुमान चालीसा का वितरण करेगी। साथ ही इस उत्सव मे जनभागीदारी व जनजागरण हेतू रथ रवाना करेगी।

# पांच दिवसीय बाना दाग पहाड़ी मेला का समावसेवी ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के बाना दाग मे गौरी शंकर धाम ट्रस्ट शिव पहाड़ी मंदिर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 5 दिनों तक चलेगा।मेले का उद्घाटन रविवार को शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन से पूर्व हर्ष अजमेरा ने गौरी शंकर धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। तत्पश्चात गौरीशंकर धाम मंदिर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष अजमेरा का जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के द्वारा मेले को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मेले में खानपान,बच्चों के झूले सहित अन्य आकर्षण उपलब्ध है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि बाना दाग का इतिहास सनातनी धर्म के लिए जाना जाता है।मौके पर संदीप कुमार अध्यक्ष, अजय कुमार राम मेला संचालक, धूकन महतो महामंत्री, सोहर प्रसाद उप सचिव, चमन महतो संरक्षक, सुरेश रजक कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार उमेश प्रसाद, सूरज कुमार मीडिया प्रभारी,रोहित कुमार श्रवण कुमार मुकेश प्रसाद, पप्पू कुमार शिवम कुमार विशाल कुमार मुंशी प्रसाद सहित कई अन्य मौजूद थे।

### समाजसेवी मो. कयूम के पिता के निधन पर शोक की लहर



**बरही (हजारीबाग)।** बरही विधान सभा के अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कयूम अंसारी के पिता हाजी नूर मोहम्मद का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे बरही विधानसभा में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है पिछले कुछ दिनों से उनके पिता बीमार चल रहे थे। जानकारी मिलने पर कई समाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास गरजामु पहुंचे और उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं मृत आत्मा का सुपुर्दे खाक के गरजामु स्थित कब्रिस्तान में किया गया। अंतिम संस्कार में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव, बंधन यादव, किशोर यादव सहित अन्य ग्रामीण व उनके परिजन मौजूद थे।

### बरही के रसोइया धमना निवासी अर्पित साहू का यूपीएससी में चयन

**बरही (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना निवासी ढालो साहू के पुत्र अर्पित कुमार का चयन यूपीएससी में हुवा। इन्होंने रसोइया धमना पंचायत समेत बरही व पूरे जिला का मान बढ़ाया है। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू ने बताया की मेरे चचेरे भाई अर्पित साहू यूपीएससी द्वारा आयोजित केंद्रीय भू-वैज्ञानिक सेवा में पूरे भारत में 21 वा स्थान प्राप्त किया। आज पूरा परिवार खुश है, इनके बड़े भाई भी सीनियर सॉफ्टवेयर इंजिनियर है। बता दे की अर्पित साहू अपने घर रसोईया धमना में रह कर दिनरात मेहनत कर खुद से तैयारी कर यह मुकाम हासिल किए है, इन्होंने बताया की किसी भी कार्य को आत्मविश्वास के साथ दृढ़ संकल्पित होकर करने से सफलता अवश्य मिलती है। इधर अर्पित साहू के यूपीएससी में चयन होने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, अनुमंडलीय साहू समाज अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला मंत्री सुनील साहू, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद साहू, पंसस मो. तैयब, मो. तौकीर रजा, मो. तस्लीम अंसारी, कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, युवा नेता मनोहर यादव, प्रो. बद्री साहू, प्रो. हिरामन साहू, धीरेंद्र गुप्ता आदि ने बधाई दिया।

# झारखंड पुलिस सेवा की औपबंधिक वरीयता सूची जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ हजारीबाग**
झारखंड राज्य पुलिस सेवा के 243 अफसरों की औपबंधिक वरीयता सूची जारी की गयी है। यह वरीयता सूची झारखंड होम डिपार्टमेंट ने जारी की है। वरीयता सूची सभी प्रक्षेत्र के आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी ऑफिस को भी उपलब्ध कराया गया है। वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर संबंधित पुलिस अफसर होम डिपार्टमेंट में आवेदन दे सकते हैं।जारी वरीयता सूची में सरोजनी लकड़ा, अलमेड़ा एक्का, शिवेंद्र, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह 1, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार 1, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार 1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार, रौशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, विरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाइक, क्रिस्टोफोर केरकेट्टा, प्रभार रंजन बरवार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, हीरालाल रवि, वचनदेव कुजुर, रजत मणि बाखला, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार, जगदीश प्रसाद, अमित कुमार, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, वेंकटेश्वर रमण, प्रमोद कुमार केसरी, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा कुमार मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, चंदन कुमार वत्स, ज्ञानरंजन, कैसर अली, पवन कुमार, अमर कुमार पांडे, मनोज कुमार महतो, रणवीर सिंह, मनोज कुमार झा, अभिषेक कुमार, धीरेंद्र नारायण बंका, प्रकाश तिवारी, सुदर्शन कुमार आस्तिक, संजय कुमार, विजय कुमार महतो, प्रवीण कुमार सिंह, नीरज कुमार, संजीव कुमार बेसरा, अजीत कुमार सिन्हा, अजय केरकेट्टा, जयदीप लकड़ा, विनोद रावानी, मनीष कुमार, जीत वाहन उरांव, नजीर अख्तर, दिलीप खलखो, अशोक कुमार सिंह, संतोष कुमार, सुनील कुमार रजवार, मुजीब उर रहमान, भूपेंद्र प्रसाद रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केरकेट्टा, बहामन टूटी, पूनम मिंज, बैजनाथ प्रसाद, फैज अकरम, दीपक कुमार, अमित कुमार कच्छप, प्रदीप उरांव और अरविंद कुमार वर्मा का नाम शामिल है। वरीयता सूची में विकास आनंद लागुरी ,संदीप भगत, अनुज उरांव, प्रदीप पाल कच्छप, प्रकाश सोए, आशीष कुमार महली, अरविंद सिंह बिन्हा, शकील आबिद शम्स, मंगल सिंह जमुदा, नवनीत एंथोनी हेंब्रम, कपिंदर उरांव, विश्वजीत बक्स राय, महेंद्र सिंह मुंडा, विजय कुमार, मनोज कुमार राय, प्राण रंजन कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, नितिन खंडेलवाल, सुमित प्रसाद, नेहा बाला, यशोधरा, नौशाद आलम, विमलेश कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्र, आशुतोष कुमार सत्यम, अशोक रविदास, कुलदीप कुमार, सरिता मुर्मू, पवन कुमार, नवीन कुमार सिंह, आलोक रंजन, अरविंद कुमार साजिद जफर, जय श्री कुजुर, मुस्तफा अंसारी, वरुण रजक, प्रकाश चंद्र महतो, चंद्रशेखर आजाद, मनोज कुमार, संदीप सुमन, महेश प्रजापति, राजीव कुमार, किशोर कुमार रजक, रंजीत कुमार लकड़ा, गोपाल कालुंडिया, विजय कुमार कुशवाहा, वरुण देवगन, सुमित सौरव लकड़ा, राजेंद्र प्रसाद, अखिल नीतीश कुजुर, अमिता लकड़ा, ओम प्रकाश, सिरिल कुमार मरांडी, प्रमोद कुमार मिश्र, कृष्ण कुमार महतो, कमलेश सिंह, अवध कुमार यादव, जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे, अनिल कुमार सिंह, सुधीर कुमार, अमरनाथ, नीरज कुमार सिंह, भोला प्रसाद सिंह, नवीन कुमार लकड़ा, शमशाद आलम शमसी, मनीष चंद्र लाल, केदारनाथ राम, परमेश्वर प्रसाद नबीन चंद्र दास, जयप्रकाश नाग, जितेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, संजय कुमार सिंह और जयप्रकाश नारायण चौधरी, हेलेन सोय, रीतिभान सिंह, दीप नारायण रजक, जितेंद्र कुमार , सुमन गिनी नाग, अरुण कुमार तिर्की, राजेश कुजुर, डेविड ए दोडराय , तारामणि बाखला, पतरस बिरुवा, राकेश नंदन मिंज, ईकडू डुंगडुंग, नोवेल कुजुर, हिमांशु चंद्र मांझी, बैजनाथ होरो, तालो सोरेन, रिमेजियस टोप्पो, सत्येंद्र नारायण सिंह, नीरा प्रभा टोप्पो, दिल्लू लोहार, परम प्यारेलाल खलखो, सिप्रियन बागे, शशिकांत, सुधांशु कुजुर, वीरेंद्र बाड़ा, संचमान तमांग, विजय शंकर चौधरी, आनंद मोहन सिंह, अंजनी कुमार तिवारी, आमोद नारायण सिंह, संजय कुमार, अरविंद कुमार 2, कमल किशोर, संजीव कुमार सिंह, तेतरू उरांव, शिव शंकर तिवारी, संजय कुमार राणा, अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार 1, सियाशरण प्रसाद, सुमन आनन, अशोक कुमार 2, विनोद कुमार, यज्ञ नारायण तिवारी, अमरेंद्र नारायण कुमार, तालकेश्वर राम, टेशलाल राम, बेनेडिक्ट मरांडी, गंदरु उरांव, बिंदेश्वर महतो, अनिमेष कुमार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, जोना योगेंद्र मुर्मू, कुलदीप टोपनो, महावीर शिलानंद किंडो, आलोक कुमार टूटी, प्लेयर किस्कू, प्रमोद कुमार सिंह ,अंकिता राय, रोहित रंजन सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, सुरेश प्रसाद यादव और धनंजय कुमार के नाम भी वरीयता सूची में शामिल हैं।

## एक नजर

### पुरोहित ईश्वर व समाज की ओर चुने गए सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी होते हैं :कोंगाड़ी



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत रेंगारीह में रविवार को पुरोहित अभिषेक कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी उपस्थित रहे । मौके पर फादर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।बताया गया रेंगारीह पल्ली के रेंगारीह चर्च में फादर संदीप बीरेंद्र बागे,फादर नेल्सन मिंज,फादर सेलेस्टिन मिंज का पुरोहित अभिषेक आयोजित की गई।
पुरोहिताभिषेक की समस्त विधि सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष बिशप स्वामी विसेंट बरवा की अगुवाई में सम्पन्न हुई। विधायक ने कहा को कहा कि समाज मे पुरोहितों धर्म बहने एवं प्रचारक तथा पादरी हमारे समाज के लिए अपने जीवन को त्याग ,तपस्या तथा समस्त सुख सुविधाओं को कुर्बान कर सभी लोगों को सेवाएं देते आ रहे हैं ।कोई अच्छे शिक्षक के रूप में भी सेवा देते आ रहे हैं। सभी जाति धर्म के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम कर रहे।

### ऑटो चालकों की समस्या को लेकर बैठक का हुआ आयोजन 2 फरवरी को होगा सम्मेलन



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरया स्कूल मैदान में क्षेत्र के ऑटो चालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया ।रविवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे जहां पर प्रखंड के पदाधिकारी के द्वारा माला पहनकर उनका स्वागत किया गया ।जिसके बाद ऑटो चालकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए, जहां पर ऑटो चालकों ने बताया कि सिमडेगा के महावीर चौक में ऑटो चालकों को ऑटो खड़ा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसके अलावा ऑटो चालकों के साथ कई प्रकार की समस्या है।

### बोलबा प्रखण्ड के अलिंगुड जतरा टोंगरी में धूमधाम से मनायी गयी मकर संक्रांति

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अलिंगुड जतरा टोंगरी में ओमकरेश्वर धाम में धूमधाम से मनाया गया मकर सक्रांति इस मौके पर मेला का आयोजन किया गया। साथ ही पैंकी नृत्य मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा । यहाँ वर्षो से मकर संक्रान्ति मेला लगते आ रहा है ।इस मौके पर प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह ने मकर सक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी त्योहार हमे मिलजुल मनाने चाहिए । इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है । इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाइक ने गरीबों के बीच कंबल वितरण किया इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के टकबार सिंह , बिनोद बड़ाईक, अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह,सचिव दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष पारस सिंह,विश्वा सिंह, लखन सिंह एवं अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

मकर संक्रांति के मौके पर भैरव बाबा पहाड़ी में धार्मिक मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# अपनी संस्कृति और विरासत को बचाने के लिए समाज हित में दें ध्यानः बिमला प्रधान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
मकर संक्रांति के मौके पर अरानी के भैरव बाबा पहाड़ी फुलवाटांगर में मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को ही अधिवास पूजन के साथ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ हो गया था जो रविवार को दिन के 11:00 बजे संपन्न हुआ इस मौके पर दधि भंजन एवं नगर भ्रमण का भी आयोजन किया गया ।इधर रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री विमला प्रधान विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के छोटा नागपुर सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता के द्वारा रिबन काटकर शुरूआत की।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने सभी लोगों को सबसे पहले मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी जिसके बाद उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत को बचाने के लिए हम सभी को धर्म-कर्म और समाज हित के लिए हमेशा समय देने की आवश्यकता है । बाबा भैरवनाथ के पहाड़ी के रूप में विख्यात या स्थान धीरे-धीरे विकसित कर रही है और आने वाला दिनों में यहां पर सभी चीजों की व्यवस्था होगी ताकि दूर-दूर से सैलानी यहां पर आ सके। वर्तमान समय हमारे लिए गर्व की बात है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है, जिसमें प्रत्येक घरों में निमंत्रण पहुंच रही है। वहीं सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने कहा कि आप सभी 22 जनवरी को अपने घरों को भव्य तरीके से सजावट करते हुए उत्सव मनाएं ,क्योंकि लंबे संघर्षों के बाद यह दिन आया है। वहीं उन्होंने गीत संगीत और अपने परंपरा को बचाए रखने के लिए सांस्कृतिक आयोजन को लेकर समिति का सराहना किया। इस दौरान झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों को मनोरंजन कराया। इस मौके पर मेला का भी आयोजन किया गया जहां पर दूर-दूर से खिलौने मिठाई सहित सभी प्रकार की चीजों की दुकानें सजी हुई थी जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचे थे इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए घनश्याम सिंह ,घनश्याम दास ,दुर्गविजय सिंह देव ,गंगाधर लोहरा सत्यजीत कुमार,गोपाल केशरी सहित भैरव बाबा विकास समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों की भूमिका रही।

### विधायक मद से बने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ संत अन्ना कोन्वेंट विद्यालय परिसर में रविवार को विधायक मद से निर्मित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के द्वारा किया गया।विधायक ने कहा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का खुल जाने से स्थानीय बेरोजगार युवक युवतियों के रोजगार का सृजन होगा। हमारे विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के लिए कोई व्यापक स्तर पर औद्योगिक केंद्र नहीं है जिस कारण यहां के कई बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी के लिए बाहर पलायन करना पड़ता है।इसी को ध्यान में रखते हुए हमने विचार विमर्श किया और और लचरागढ़ क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्र खोलने का निर्णय लिया।प्रशिक्षण केंद्र में विधायक मत से नई मशीन दी गई हैं।

## न्यूज बॉक्स

### झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने किसान के घर को तोड़ा, प्रखंड प्रमुख ने पहुंचाई आर्थिक मदद



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत जोराम के पतराटोली गांव में बीती रात झुंड से बिछड़ा जंगली हाथी ने सोमारू लोहरा नामक किसान के घर को ध्वस्त कर घर में रखे चावल को खा गया ।वही हाथी द्वारा पलंग को पलटने से किसान की पत्नी सुखमणि देवी को हल्की चोट लगी । बताया कि सुखमणि देवी लकवाग्रस्त हैं शायद इसलिए हाथी ने सूंघ कर कोई हानि नहीं पहुंचाया हालांकि किसा दूसरे कमरा में जाकर जान बचाई इधर रविवार की सुबह सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,,जोराम मुखिया प्रीतम कांडुलना, उपमुखिया कोरोलिना सोरेंग मोहम्मद वाहिद के साथ पीड़ित से मिलने पहुंचे एवं तत्काल सहायता स्वरूप चावल और कंबल दिए ।वही उन्होंने वन विभाग को जानकारी देते हुए जल्द मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन को जमा करने के लिए कहा ।इस मौके पर वार्ड पार्षद मैन्युअल डांग,सामाजिक कार्यकर्ता अजय डुंगडुंग,सहबाज अली,संजय आयंद एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### जंगली हाथी ने तीन घरों को पहुंचाया नुकसान



**बानो।** प्रखण्ड में जंगली हाथी का कहर जारी है। शनिवार रात्रि सूत्रीउली की ओर से ग्राम महाबुवाग रात्रि 2 बजे पंहुचा। जंगली हाथी की आने की खबर किसी को नहीं थी। सभी ग्रामीण अपने-अपने घरों में सोए हुए थे तभी जंगली हाथी महाबुवाग बुका टोली में भोजन की तलाश में तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया हाथी ने मुनी देवी प्रदीप सिंह व मोहन सिंह के दीवारतोड़ कर घर में रखे अनाज को चट कर गया। हाथी द्वारा दीवार तोड़ने से कई सामान भी बर्बाद हो गया जानकारी मिलने पर सोय मुखिया सोमारी कैथवार व वार्ड सदस्य सन्दीप समद रविवार सुबह महाबुवांग बुका टोली जा कर स्थिति का जायजा लिया।

### प्रेमिका के साथ इश्क लड़ा रहे पति को पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ा, बीच सड़क पर कर दी धुनाई



**जलडेगा।** जलडेगा थाना चौक के पास पति पत्नी और वो के बीच सड़क पर सेरआम चले ड्रामे को देखने के लिये रविवार सुबह लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई, इश्क में अंधे एक कंवारी प्रेमिका के साथ प्यार के कसीदे पढ़ना एक शादीशुदा युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब खुद इस युवक की पत्नी मौके पर पहुंच गई, पति को एक कुंवारी प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़कर पत्नी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और परिजनों को साथ लेकर सरेआम बीच सड़क पर पति और उसकी प्रेमिका के सर से इश्क का भूत उतार डाला। बताया गया युवक गेल इंडिया लिमिटेड कंपनी में कार्यरत है, जबकि लड़की चक्रधरपुर से उससे मिलने के लिए आई थी।

### कुरडेग के प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न महंगाई व बेरोजगारी पर की गयी चर्चा



**कुरडेग।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी पारंगत खलखो की अध्यक्षता मे रविवार को हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा की आज देश में बढ़ती महंगाई,बेरोजगारी के बीच युवा और गरीब पढ़ाई कमाई और दवाई के बोझ तले दबा जा रहा है।और सरकारी अमृत काल का उत्सव मना रही है इसलिए अन्याय की इस आंधी में न्याय की लौ जलाए रखने के लिए हम सभी को गांव में बैठ कर विचार करना होगा।मोदी की सरकार सिर्फ अपनी सत्ता सुख के कारण युवाओं को युवतियों को नफरत की राजनीति की आग में झोंक रही है। एक ओर 80 करोड़ जनता राशन की लाइन में लगी है दूसरी ओर सरकार पूंजीपतियों का 10 लाख करोड़ रुपिया कर्ज माफी कर हमें बढ़ती टेक्स की मार झेलनी पड़ रही है बैठक में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष देवनिष खलखो , शशिर मिंज, वरिष्ठ कांग्रेसी सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष हर्ष बारला, विजय बेग, फ्रांसिस खलखो, नीलिमा खाखा, अरुण जायसवाल, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष वाल्टर टोपो ,संदीप लकड़ा, विजय लकड़ा, विजय एक्का,सुनील कुजूर,जॉन एक्का,संदीप नायक,अनिल खेस,बसीर अंसारी, केशवाय यादव, थॉमस तिर्की, टेलोस्फेर टोप्पो, ज्ञान कुजूर, सविता लकड़ा एवम सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे ।

### भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर चलाया जागरुकता अभियान



**बोलबा।** प्रखंड भाजपा अध्यक्ष सूरजन बड़ाईक के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर क्षेत्र के कारीगरों से मुलाकात करते हुए जागरूकता अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा पूजा के दिन इस योजना की शुरूआत की, जिसके तहत देश के 18 अलग-अलग प्रकार के कारीगरों को उसमें शामिल किया गया है। जिन्हें प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड बैंक पासबुक एवं फोटो लेकर रजिस्ट्रेशन करना है रजिस्ट्रेशन का पश्चात ,उन्हें प्रशिक्षण देने का काम सरकार के द्वारा किया जाएगा और प्रशिक्षण अवधि में उन्हें सरकार 500 की राशि से प्रत्येक दिन का भुगतान भी करेगी ।इसके बाद उन्हें कम दर के साथ लोन उपलब्ध कराने का काम करेगी ताकि वह अपने आर्थिक आय को बढ़ाकर 2047 तक देश को विकसित भारत बना सके एवं खुद आत्मनिर्भर बन सके।

---

# खिलाड़ी खेल भावना से देश का नाम विश्व में करें रोशन:अनिल कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड अंतर्गत पैतेंनो में रविवार को हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया ।फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं सचिव शफीक खान तथा विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य संता रोसालिया कंडुलना मौजूद रही। फाइनल मैच जैड़ेगा ओड़िशा बनाम ओढ़गा महुआटोली के बीच खेला गया,जिसमें जैड़ेगा ओड़िशा की टीम ने 1-0 गोलों से विजय हासिल की। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि आज हमारे सिमडेगा जिला को और हामरे झारखण्ड राज्य को विश्व स्तर पर कोई पहचान दिलाया है तो वे हमारे खिलाडी है।आप सभी खिलाड़ी भ खेल को खेल की भावना से खेलिए आप अपने खेल को उचाईयों पर ले जाएं और आने वाले दिनों में आप अपने जिला एवं राज्य फिर देश का नाम विश्व में रोशन करें । जिला सचिव मो सफीक खान ने कहा सरकार आप खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का काम कर रही है और झारखण्ड राज्य में खेल को आगे बढ़ाने का प्रयास है । आप सभी युवा खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खेल के क्षेत्र में प्राप्त अवसरों का लाभ लें।मौके पर झामुमो उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग, झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन, और जलड़ेगा प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख जुसाब लुगुन ने भी सम्बोधित किया। मैच रेफ्री की भूमिका मैन्युल जोजो और लूईस धनवार ने निभाया। इस अवसर पर जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अजित कीड़ो, उपाध्यक्ष मो रियाज,जिंदन कैठा, ग्राम सभा अध्यक्ष सुजीत लुगुन, उपाध्यक्ष प्रभुसाहय लुगुन, प्रदीप बडिंग, आनंदिनी लुगुन, वार्ड पूनम लुगुन आदि उपस्थित थे।

# झारखंडी संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत:संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
नवयुवक संघ कोंडेकरा के द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष पर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां बतौर मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विभव संदेश एक्का शामिल हुए। मक्कार संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने तथा बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाने वाला पर्व है जिसे अलग अलग जगहों पर अलग अलग नामों से पुकारा जाता है माघ बिहु, पोंगल, लोहड़ी आदि शामिल है।संदेश एक्का ने अपने संबोधन में आयोजन समिति को अपना आभार प्रकट करते हुए सभी को तिलकुट परब, खिचड़ी परब, मकर संक्रांति की बधाई दी साथ ही उन्होंने कहा आज हमारे झारखंड की संस्कृति ही हमारी पहचान है जो समय के साथ लुप्त होते जा रहा है ,हमें हमारी संस्कृति को बचाए रखना है अपनी पहचान को बचाए रखना है ताकि हमारा पहचान सुरक्षित रहे ।साथ ही उन्होंने युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में आने को कहा ताकि हम - हमारे और हमारे आने वाले पीढ़ी को सुधार सके अंत में मौजूद लोगों से शांतिपूर्वक कार्यक्रम देखने की अपील किया।

# आदिवासी नशा पान पर करें नियंत्रण समाज का होगा विकास : अनिल कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के गाँगुटोली पारिस में रविवार को कैथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ की संयुक्त बैठक आयोजन की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना शामिल हुए। उन्होंने आज आदिवासी समाज पिछड़ा हुआ समाज है और इसका पिछड़ेपन का मुख्य कारण नशा -पान , जिस रोज हम आदिवासी नशा -पान पर नियंत्रण पा लेंगे उसी दिन से हमारा विकास शुरू होगा । जिस घर में माता या पिता नशा -पान करते हैं, उस घर के बच्चे भी नशा -पान करने लग जाते हैं जिसे चाह कर भी माँ -बाप रोक नहीं पाते हैं हमारे आदिवासी समाज में नशा अपनी जड़े बहुत गहराई तक जमा चूका है।जन्मे तो शराब, मरेंगे तो शराब, शादी विवाह, पर्व -त्यौहार से लेकर खेत -खलिहान में भी मदईत और पंचा के नाम पर धड़ले से शराब का उपयोग होता है।यहां तक कि शराब के लिए चावल -धान घर से चुराया जाता है आज कल तो छोटे -छोटे स्कूल जाने वाले बच्चे भी शराब का सेवन करते हुए अन्यत्र देखे जा सकते हैं।

तेज रफ्तार ट्रक ने डिलीवरी बॉय को मारी टक्कर, हालत गंभीर

# समय पर नहीं पहुंचा 108 एंबुलेंस वाहन



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र से हिट एंड रन का मामला सामने आया है, गांगूटोली लाडो चौक के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने दो पहिया वाहन चालक को टक्कर मारी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। जिसके बाद युवक के अन्य साथियों ने गंभीर रूप से घायल अपने साथी को आनन फानन में जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां घायल युवक की गंभीर अवस्था को देखते हुए नर्सों ने रेफर कर दिया। घायलों की पहचान सुहेत कुमार केशरी, लचरागढ़ निवासी और रितेश लसिया निवासी के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनो युवक लचरागढ़ स्थित डिलीवरी डॉट कॉम कंपनी में डिलीवरी बॉय में पद पर कार्यरत हैं। दोनो युवक गांगूटोली पार्सल पहुंचा कर वापस लचरागढ़ लौट रहे थे इसी क्रम में लाडो चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने युवकों को टक्कर मार कर भाग गया।इधर युवक की हालत को गंभीर देख परिजनों ने 108 पर कॉल किया लेकिन 108 एम्बुलेंस भी खाली नहीं था, अस्पताल के प्रांगण में चार एम्बुलेंस बेकार पड़ी है जिसमे से दो ऑक्सिजन युक्त संजीवनी वाहन भी है। ये सभी वाहन महज दिखावा के लिए अस्पताल के बाहर रखे गए हैं। आपातकाल स्थिति में अस्पताल प्रबंधन के पास मरीज की जान बचाने के लिए कोई भी वैकल्पिक रास्ता नहीं है। यही नहीं जलडेगा अस्पताल में स्थाई डॉक्टर तक नही है अस्पताल के नर्स और ड्रेसर ही अस्पताल को चला रहे हैं। मरीज को अस्पताल की ओर से कोई सुविधा नहीं मिलने पर स्थानीय समाज सेवक पन्ना लाल साहू ने अपने गाड़ी से दुर्घटनाग्रस्त युवक को सिमडेगा पहुंचाया।

**अस्पताल के प्रांगण में धूल फांक रहा है ऑक्सीजन युक्त संजीवनी वाहन**

# देश के पांचवें धाम के रूप में रामरेखा धाम को किया जाएगा विकसित : स्वामी विवेकानंद पुरी



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड** श्री रामरेखा धाम में साक्षात भगवान राम की उपस्तिथि का एहसास होता है। रामरेखा धाम को राष्ट्र के पवित्र पांचवे धाम के रूप में पहचान दिलाने का कार्य किया जाएगा। स्वामी विवेकानन्द पूरी ने लोगों को प्रवचन देते हुए रामरेखा धाम की महिमा का वर्णन किया। गोरक्ष पीठाधीश्वर सह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आध्यात्मिक प्रतिनिधि के जिम्मेवारी मिलने के बाद महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानन्द पूरी जी रामरेखा धाम दर्शन के लिए पहुंचे थे। स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के तप से रामरेखा धाम का पूरा वनवासी क्षेत्र पवित्र हो चुका है। यहां के कण-कण में भगवान राम के अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा जैसे तपस्वी संत का सानिध्य मिलना उनके जीवन का महत्वपूर्ण पल था। स्वामी जी ने रामरेखा धाम की महिमा का वर्णन करते हुए इसे अयोध्या की तरह पवित्र बताया। उन्होंने योगी आदित्यनाथ जी के आध्यात्मिक प्रतिनिधि के रूप में 22 जनवरी को समस्त जिले वासियों से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को मेरा गांव मेरा अयोध्या के रूप में मनाने के बात कहते हुए 28 जनवरी के बाद अयोध्या धाम आने का भी निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के बाद महाराज श्री योगी आदित्यनाथ उनको एक निष्काम तपस्वी के रूप में नजर आए और महाराज योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मानस पुत्र के रूप में स्वीकार करते हुए अपने आध्यात्मिक प्रतिनिधि की जिम्मेवारी दी।

### विश्व कल्याण और राष्ट्र के विकास के लिए रामरेखा धाम में किया पूजन

महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद पुरी ने रामरेखा धाम की गुफा में स्थापित भगवान श्री राम और अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का पूजन किया। उन्होंने विश्व कल्याण और राष्ट्र के विकास की कामना के साथ पूजन किया। मौके पर पुजारी के रूप में नागेश्वर होता ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। पूजन के बाद स्वामी जी ने राम धुन का जाप करते हुए भगवान श्री राम से सभी के कस्टो को दूर करने की प्रार्थना की। मौके पर स्वामी जी ने ब्रह्मलीन देवराहा बाबा और रामरेखा बाबा का भी पूजन करते हुए शीश झुकाया। इससे पूर्व रामरेखा पहुंचते ही सबसे पहले स्वामी विवेकानंद पुरी ने ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा की समाधि पर माथा टेककर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। मौके पर स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा ने हमेशा गुरु के रूप में उनका मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र कार्य की नई जिम्मेवारी मिलने के बाद वह अपने सद्गुरु ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए रामरेखा धाम आए हैं।

# ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
ओड़गा के देलसेरा के पास रविवार को ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत होने के लिए झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का रविवार को गांव पहुंचे पहुंचने के साथ ही ग्रामीणों के द्वारा पूर्व मंत्री का भव्य तरीके से स्वागत किया। इस दौरान स्वागत गान वहां की महिलाओं के द्वारा किया गया और कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया यह कार्यक्रम सेंट पीटर मंडली के द्वारा आयोजित की गई। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय के बाद अपने क्षेत्र के अगवा नेता को हमारे बीच पाकर हम गर्म महसूस कर रहे हैं आज हमारे क्षेत्र में समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है आज हम इस जगह पर टापू के समान जीवन जीने पर मजबूर है। सरकार के योजनाओं को लागू तो करती है लेकिन हमारे तक उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है जिसके लिए हम ठगा महसूस कर रहे हैं। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा आपकी समस्या जायज है क्योंकि आपका एक छोटा सा गलती 4 वर्षों से लगातार आपको सरकारी योजनाओं से दूर रखने का काम किया। जब इस क्षेत्र का प्रतिनिधि था तब इस क्षेत्र में विकास की किरणें एवं कई बड़े योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किए गए।

# भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बरही, हुआ जोरदार स्वागत

## बहुजनों पर अत्याचार जारी, केस में फंसाया जा रहा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविदास और जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार की एक सभा हुई। प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव और जिला सचिव राहुल अंबेडकर की अगुवाई में दोनों नेताओ का जोरदार स्वागत हुआ। कार्यक्रम का अध्यक्षता भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष व संचालन सुनील कुमार ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में दलित बहुजनों पर अत्याचार जारी है। झूठे मुकदमे में फंसाए जा रहे हैं। कई प्राथमिक दर्ज किया जा चुके हैं, जिस पर अब तक कोई कारवाई नही हुई है। उन्होंने कहा की आगामी 20 जनवरी को भीम आर्मी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी। इस कार्यक्रम में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सबों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील किया। जिलाध्यक्ष ने भी लोगो से कार्यक्रम में शामिल होने के अपील करते हुए कहा कि बरही में आए दिन दलीत के साथ अत्याचार के मामले सामने आते रहे हैं। परंतु कोई भी संगठन या जन प्रतिनिधि दलितों की पक्ष में खड़ा नहीं हुआ है। जबकि हम सभी वोट देते रहे है।

कार्यक्रम में करसो पंचायत अध्यक्ष विनोद दास, नागेश्वर रविदास, धर्मवीर कुमार, करियातपुर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, कोलुआकला पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार, कोनरा पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुमार, पंचमाधाव पंचायत अध्यक्ष रमेश कुमार, नरेंद्र कुमार, देवराज भुइयां, प्रमोद भुइयां, मनोज रविदास, अनुज कुमार, सीताराम रवि, संतोष रविदास, राहुल कुमार, बालेश्वर रविदास, अनुज दास, दुर्गा दास राजकुमार दास, जितेंद्र तुरी, शंकर कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से 15 मिनट तक जलता रहा दिव्यांग

## ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया आरोप, कॉल नहीं तक नहीं उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 02 पंचमाधव धोबियाडीह के निकट रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां से गुजर रही 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से विकलांग युवक गणेश ठाकुर पिता सहदेव ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार करीब साढ़े दस बजे की है। जिसके बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर एनएच 02 सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मांग की थी कि बिजली विभाग घटना स्थल पर आकर वार्ता करें और 10 लाख रुपये मुआवजा और आश्रितों को एक सरकारी नौकरी देने का काम करें।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि घटना करीब 11:10 बजे की है जब युवक सैलून में काम करने के दौरान पेशाब करने बाहर निकले, दुकान के बाहर निकला तो 11 हजार वोल्ट का जर्जर तार टूटकर उनके ऊपर जा गिरा, जिससे आग लग गयी। आग लगने के पश्चात बिजली विभाग से काफी सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन विभाग ने एक बार भी कॉल नही उठाया। जिसके बाद करीब 15 मिनट तक आग





जलता रहा और उनकी मौत हो गयी।

**ग्रामीणों ने किया घंटों सड़क जाम :** युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया और आक्रोशित होकर सड़क पर बैठ गए। जिसके बाद राहगीरों व यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, इतना ही नही 108 एम्बुलेंस को वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों को बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण बिजली विभाग को घटना स्थल पर बुलाने की बात पर डटे रहे।

**विधायक, पूर्व विधायक सहित कई युवा नेता घटना स्थल पर पहुंचे :** दुर्घटना की सूचना मिलते ही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जेबीकेएसएस युवा नेता संजय मेहता, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, राजद महिला नेत्री पूनम यादव घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और कहा कि घटना में विभाग की पूरी लापरवाही है। विभाग पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने का काम करें।

**मृतक के पिता ने बरही थाना में आवेदन देकर विभाग पर लगाया आरोप :** मृतक के पिता सहदेव ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देकर विभाग के पदाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि इससे पहले भी विभाग को जर्जर तार बदलने हेतु आग्रह किया जा चुका है बावजूद इसके विभाग ने मामले का संज्ञान नही लिया।

**घटनास्थल पर यह रहे मौजूद :** मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, जेबीकेएसएस युवा नेता संजय मेहता, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पूनम यादव, छट्ठू गोप, रघुनंदन गोप, मो तौकीर रजा, बिरेन्द्र यादव, प्रदीप चंद्रवंशी, मनोहर यादव, संजय यादव, नागेश्वर रजक, सिकन्दर कुमार, प्रकाश ठाकुर, बिरेन्द्र सिंह, बिरेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, नागेश्वर सिंह, धीरेंद्र कुमार यादव, कैलाश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# खबरें बरकट्ठा की

## मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय सूर्यकुंड मेला का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के सूर्यकुंडधाम में मकर संक्रान्ति के अवसर पर आयोजित झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा सूर्यकुंड मेला 14 जनवरी को शुभारंभ हुआ।मेला का विधिवत उद्धघाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी, केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव ने सयुंक्त रूप से पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। उद्धघाटन कार्यक्रम का संचालन मेला ठेकेदार पांच पांडव ने की। उद्घाटन के अवसर पर विधायक ने कहा कि यदि सूर्यकुंड का विकास चाहते हैं तो त्याग की भावना रखना होगा।उन्होंने कहा अपने कार्यकाल में सूर्यकुंड का बहुत हद तक विकास किया है।लेकिन अभी भी काफी विकास करने की जरूरत है।झारखंड सरकार व केंद्र सरकार के मंत्री से विधायक ने सूर्यकुंड का विकास बृहत स्तर पर करने के लिए अनुरोध किया। मंत्री बेबी देवी ने युवाओं से अपील करते हुए मेला को शांतिपूर्ण चलाने में मदद करने की बात कही।कहा सूर्यकुंड के विकास को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री से बात किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सूर्यकुंड के विकास में हमारा पूरा सहयोग रहेगा।उद्धघाटन के अवसर पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग,सीओ श्रीकांत लाल मांझी,जेएमएम नेता डॉ कमलनयन सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, जिप सदस्य प्रेणा प्रिया, मुखिया ललिता देवी, प्रीति गुप्ता, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जेएमएम केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतों, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतों, रीतलाल प्रसाद, धीरेंद्र पांडेय,सी के पांडेय, सलीम अंसारी, भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, सुरेंद्र साव, अर्जुन राणा, मेला कमिटी के सभी सदस्य समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कानू समाज का वनभोज सह परिवारिक मिलन समारोह संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कानू वैश्य विकास समिति बरकट्ठा के तत्वावधान में वनभोज सह परिवारिक मिलन समारोह कार्यक्रम कोशो जंगल स्थित हथिया पत्थर के पास आयोजित की गई। जिसमें बरकट्ठा उतरी और दक्षिणी पंचायत के कानू समाज के लोगों ने भाग लिया। बरकट्ठा में मकर संक्रांति के अवसर पर विधायक, पूर्व विधायक, समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दही चुड़ा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के सवालों पर समाज के वरिष्ठ इंद्रजीत प्रसाद ने बताया कि बरकट्ठा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को वोट के समय ही कानू समाज याद आता है और जीतने के बाद हमेशा समाज की अनदेखी की गई है। इसलिए समाज ने दही चुडा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया। वनभोज कार्यक्रम को संपन्न कराने में इंद्रजीत प्रसाद, कानू वैश्य विकास समिति अध्यक्ष त्रिलोकी साव, सचिव महादेव साव, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, शंभू साव,गुड्डन साव, संजय साव,बासदेव साव, अशोक साव, राजकुमार साव,रवि साव, मुकेश साव, मनोज साव समेत आदि लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

## बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर बिरसा किसान रथ को किया रवाना



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आत्मा द्वारा बिरसा किसान रथ का परिचालन किया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर से बिरसा किसान रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया । इस बाबत बीटीएम चिन्ता हरण पाठक ने बताया कि बिरसा किसान रथ के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे किसानों को उन्नत विधि से जैविक खेती करने, जल प्रबंधन, बीज उपचार, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, कृषि ऋण माफी योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। योजना के प्रचार प्रसार हेतु बीटीएम चिन्ता हरण पाठक,कृषक मित्र मुंशी पासवान, प्रमेश्वर साव, किशोर कुमार समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## यासीन खान के आवास पर दही-चूड़ा सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से मकर संक्रांति पर दही-चुडा सह कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोनहराखुर्द स्थित पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. जिसमें झारखंड सरकार कि मंत्री बेबी देवी, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कमलनयन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष कुद्दूस अंसारी, बासुदेव महतो समेत पार्टी के लोग मौजूद थे। यासीन खान ने मंत्री बेबी देवी का पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया।मौके पर चलकुशा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, नसीम खान, जाहीद खान, राजकुमार पांडेय, मुखिया निजाम अंसारी, कारी बरकत अंसारी, मोइन अंसारी, एजाज अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेड़ोकला में झामुमो की ओर से दही-चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** बेड़ोकला गांव मे झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से मकर संक्राति पर दही-चुड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय ने फीता काटकर किया। मौके पर गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव, संजय कुमार साव, प्रमोद गुप्ता, चंद्रदीप पांडेय, संजय साव समेत पार्टी के अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्राम गाड़ी योजना के लिए मुख्यालय तक 53 रूट की गई है निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में रविवार को झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 को लेकर बैठक की गई। बैठक में योजना का उद्देश्य को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक के दौरान उपयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 का उद्देश्य सुदूर एवं परिचालन रहित / सहित क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद स्थानीय ग्रामिणों को वाहन की सुलब्धता हेतु छात्र छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, राज्य सरकार के पेंशन से आच्छादित विधवा, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनाकारियों को बस भाड़ा में शत प्रतिशत रियायत से संबंधित है।

विशेष जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत गिरिडीह जिला के अर्न्तगत प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक कुल 53 रूट निर्धारित की गई है, जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के तहत वाहन चलेगी।

इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं की भी जानकारी दी गई।

- इस योजना के तहत कम से कम 7 सीट तथा अधिकतम 42 सीटों वाली नई वाहनों को निर्धारित सरकार द्वारा 5 वर्षों के लिए टैक्स, परमिट, फिटनेस, निबंधन शुल्क एवं बस पड़ाव व नगर निगम प्रवेश शुक्ल आदि की छूट दी गई है।
- ब्याज सब्सिडी में 20 प्रतिशत मार्जिन मनी के उपर बैंक द्वारा वाहन लोन की सुविधा उपलब्ध तथा 80000 रुपए की वार्षिक सब्सिडी यानी 5 सालों में कुल 4 लाख रुपए तक ब्याज सब्सिडी दिया जाएगा।
- डीजल सब्सिडी योजना के तहत परमिट निर्गत होने के उपरांत संचालन करने पर 33 से 42 सीट वाले वाहनों के लिए 15 रुपए/कि0मी0, 25 से 32 सीट के लिए 14.50 रुपए/कि0मी0, 13 से 25 सीट के लिए 10.50 रुपए / कि०मी० और सात से 12 कि लिए 7. 50 रुपए/कि०मी० डीजल सब्सिडी दी जायेगी।
- इच्छुक व्यक्ति आवेदन हेतु आधार कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, वार्षिक आय, पैन कार्ड, वाहन से संबंधित अन्य दस्तावेज आवेदकों के द्वारा स्वभिप्रमाणित कर जिला परिवहन कार्यालय, गिरिडीह में जमा करेंगें।

उक्त बैठक में अध्यक्ष / सचिव, बस ऑनर एसोसियेसन/ बस मालिकों एवं अन्य इच्छुक व्यक्ति के इस योजना से संबंधित विचार-विमर्श के साथ सहमति जताई गई।

## 36 गाय व आठ बैल मुक्त करा भेजा गोशाला

**गिरिडीह।** अवैध गोवंशीय पशु तस्करी के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गिरिडीह एसपी को प्राप्त हुए गुप्त सूचना के आधार पर डुमरी पुलिस द्वारा रविवार (14 जनवरी) को एक कन्टेनर वाहन संख्या एनएल 01एई 7973 जिसमें क्रुरता पूर्वक गोवंशीय पशु लदा है, को डुमरी टॉल प्लॉजा के पास से पकड़ा गया है। उक्त कन्टेनर में क्रूरता पूर्वक लदे 36 गाय एवं 08 बैल को मुक्त करा कर मधुबन गौशाला भेजा गया। इस संबंध में कन्टेनर चालक, खलासी, कंटेनर मालिक,पशु तस्करी में शामिल लोगों के विरूद्ध काण्ड अंकित कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई में जूट गयी है। वहीं कंटेनर के चालक दानिश रज्जा ग्राम कलवन पोस्ट दरिऔरा थाना आमस जिला गया खलासी शहनवाज कुरैसी थे।

# तरडाका में सोहराय मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

छछंदो पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र तरडाका में शनिवार की शाम सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सूबे के मंत्री सह स्थानीय विधायक बेबी देवी आजसू विधानसभा डुमरी यशोदा देवी मंत्री पुत्र अखिलेश महतो भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश स्तरीय नेता दीपक श्रीवास्तव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो,पंकज महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर एवं पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। वहीं अतिथियों ने आदिवासी समुदाय के साथ मांदर के थाप एवं लोकगीत पर नृत्य किया।वक्ताओं ने कहा कि सोहराय मानव को प्रगति से जुड़ने और उसका संरक्षण करने की प्रेरणा देता है।इस दौरान मुखिया रुपानी देवी कैलाश तुरी जागेश्वर मिर्धा मांझी हडम सोनू हेंब्रम पेंड्रा मांझी फागु मांझी फूलचंद हेंब्रम कटि हसदा राजेन्द्र सोरेन अरविंद टुडू सुशील हेम्ब्रम राजेश हेंब्रम मोतीलाल हांसदा शनिचर टुडू लखन हेम्ब्रम गायत्री देवी सोनिया देवी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बाइक से घायल युवक की इलाज के दौरान रिम्स में चौथे दिन हुई मौत

**गिरिडीह।** बिरनी थाना के मंझिलाडीह पंचायत अंतर्गत भलुआ पुल के पास बुधवार शाम को बाइक से एक युवक दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गए था जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें रांची रिम्स ले गये। जहां घायल युवक की चौथे दिन शनिवार को इलाज के दैरान मौत ही गई। मृतक की पहचान बाराडीह पंचायत अंतर्गत बिराजपुर निवासी 18 वर्षीय संजीत राय के रूप में हुई है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बड़ा चौक के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगा 22 जनवरी को

**गिरिडीह।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी में पूरा देश डूबा हुआ है। तो दुसरी तरफ गिरिडीह के बड़ा चाौक स्थित हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी भी चल रही है। रविवार को ही मंदिर समिति के सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा जानकारी दिया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश यादव, मुकेश जालान, संतोष गुप्ता समेत कई सदस्यों ने बताया कि 18 जनवरी से बड़ा चाौक स्थित मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू कर दिया जाएगा। पहले दिन ही शहर में भव्य कलश यात्रा निकाला जाएगा।

# ठगी करते पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

साइबर पुलिस के सहयोग से पांच साईबर अपराधी गिरफ्तार किया गया। गिरिडीह एसपी को मिली सूचना के आधार पर अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से गिरिडीह साइबर थाना पुलिस ने बैंक कर्मी बनकर ठगी कर रहे थे, पुलिस अधीक्षक महोदय गिरिडीह को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि एलियापुर थाना क्षेत्र जमजूरी में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का प्रयोग करते हुए आम लोगों से ठगी कर रही है उसके आधार पर पुलिस उपाधीक्षक साइबर संदीप सुमन के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस और निरीक्षक सुबल में गौरव



कुमार, सहखयक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, योगेंद्र कुमार साकेत वर्मा सौरभ कुमार हवलदार सुरेश यादव के सहयोग से छापामारी करते हुए अलग-अलग स्थान से कुल पांच साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, एवं दो को नामजद किया गया है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम अब्दुल हलीम पिता अब्दुल लतीफ मोहम्मद मिनहाज पिता मोहम्मद खलील शकीन जामजोरी थाना अहिल्यापुर जिला गिरिडीह का निवासी, पवन कुमार मंडल पिता नकुल मंडल शकीन बिशनपुर थाना बेंगाबाद, सुजीत कुमार मंडल पिता अजय कुमार मंडल देवंडीह आदि थे।

## असफलता ही सफलता की कुंजी है: अर्पित



**बरही।** अपने हौसले और संकल्प के दम पर बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के रसोईयाधमना के युवक अर्पित कुमार ने यूपीएससी 2023 की परीक्षा में भूगर्भशास्त्र से सफलता हासिल कर पूरे विधानसभा क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने बताया कि वह एक साधारण परिवार से है। उनके पिता ढालू साव चरही में स्वयसेवी संस्थान जन सेवा परिषद में कार्यरत है। मां कुशल गृहिणी है बड़े भाई अंकित कुमार हरियाणा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

## स्व आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

# यंग क्रिकेट क्लब ने रॉयल क्रिकेट क्लब को 123 रनों से पराजित किया




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ क्रिकेट एसोसिशन द्वारा शहर के छावनी फुटबाल मैदान में आयोजित स्व आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच 14 जनवरी को मैच यंग क्रिकेट क्लब भुरकुंडा बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया।

फाइनल मटक के मुख्य अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा, विशिष्ट अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव पी.एन.सिंह, रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य एवं रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, झारखंड राज्य क्रिकेट संगठन के सदस्य रंजीत कुमार सिंह, रणंजय कुमार, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक सह प्रायोजक रमन मेहरा, अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू, उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, संयुक्त सचिव रोहित कुमार, सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, सदस्य परशुराम शाह, महावीर अग्रवाल, डॉक्टर राहुल सिंह, शिवनंदन सिंह, अतुल्लेश कुमार सिंह, सागर मुंडा मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की रविवार को पतरातु प्रखंड अन्तर्गत हरिहरपुर पंचायत मे कमेटी विस्तार को लवकर बैजनाथ महतो की अध्यक्षता एवम बालदेव करमाली के संचालन में बैठक हुई । बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कोर कमेटी सदस्य एवं सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

मौके पर सभी ने सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने की बात कही। कहा की सभी पंचायतों में जल्द कमेटी विस्तार किया जायेगा। पतरातु प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हरिहरपुर पंचायत में जेबीकेएसएस के प्रति लोगों में काफी रुझान दिखा, इस दौरान कई लोगों ने कहा कई वे बदलाव करने के लिए सभी संकल्पित है।

# जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार मिलना गर्व की बात

## हजारीबाग लोकसभा वासियों के बीच हर्ष का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भारतीय जनता पार्टी जिला समिति द्वारा रविवार को होटल लॉ मेरिटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी एवं सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजीत सिन्हा, रविंद्र शर्मा, राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, दिलीप सिंह, राजीव पामदत्त मौजूद थे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सांसद महारत्न पुरस्कार देने की घेषणा की गई है। उन्होंने बताया की यह सम्मान उनके 5 वर्षों की बेहतरीन



सेवा के लिए दिया गया है। बताया कि सांसद को इस पुरस्कार से फरवरी माह में दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। बताया की पुरस्कार के लिए उनका चयन निर्णायक समिति के सदस्यों केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व वरिष्ठ चुनाव प्रमुख टी एस कृष्णमूर्ति व अन्य सदस्यों ने किया।

जिलाध्यक्ष ने बताया की सांसद जयंत सिन्हा की 2019 से अबतक लोकसभा में 100 प्रतिशत उपस्थिति रही है। सांसद ने 2019 से अबतक सदन में हजरीबाग, रामगढ़, झारखंड एवं देशहित से जुड़े 1000 प्रश्न उठाये।

सांसद ने अति महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जीओ ऑवर के तहत 54 एवं नियम 377 के तहत 29 मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट करवाया है। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया में सांसद जयंत सिन्हा ने देशहित से जुड़े 13 प्राइवेट मेंबर मिल प्रस्तुत किये।

सीखने की इच्छा रखने वाला, सुनने की चाहत रखने वाला और वास्तविकता की समझ रखने वाला व्यक्ति सदा जीवन में आगे बढ़ता है : अज्ञात



# सीट बंटवारे पर कहीं बिखर न जाये इंडी गठबंधन

इंडी अलायंस में शामिल राजनीतिक दलों की दो दिन पहले दो घंटे चली वर्चुअल मीटिंग में 'सीट बंटवारे' को लेकर कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। पर इस बैठक की एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि नीतीश कुमार की जगह, मल्लिकार्जुन खरगे को विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन के अध्यक्ष पद पर बैठा दिया। नीतीश कुमार ने इस पद के लिए अनिच्छा जताई। उन्होंने कहा, गठबंधन का संयोजक बनने की उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। गठबंधन की एकजुटता जरूरी है। जमीन पर यह गठबंधन आगे बढ़ना चाहिए। राजनीतिक पंडितों के अनुसार अब ये सवाल उठना स्वाभाविक है कि 'सीट शेयरिंग' पर कहीं विपक्षी गठबंधन दरकने तो नहीं लगा है ? विपक्षी दलों की वर्चुअल मीटिंग में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे और सपा नेता अखिलेश यादव शामिल ही नहीं हुए। पिछले कुछ दिनों से सीट शेयरिंग को लेकर टीएमसी, सपा और कांग्रेस के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिल रही है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा है कि ममता बनर्जी अहंकारी और बेईमान हैं। जिन लोगों की वजह से वो नेता बनी हैं, उन्हीं को आज अहंकार दिखा रही हैं। ममता और भाजपा के बीच सांठगांठ हो चुकी है। वे पीएम मोदी को धोखा नहीं देंगी। यही वजह है कि इंडी गठबंधन में ममता, सीटों पर समझौता नहीं करना चाहती हैं। इस बयानबाजी को गठबंधन में गंभीरता से लिया गया। एक तरफ नीतीश कुमार का संयोजक पद लेने से मना करना और दूसरी ओर तीन बड़े नेताओं का वर्चुअल मीटिंग से किनारा करना, ये गठबंधन की एकजुटता के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पार्टी असहज स्थिति में हैं। दोनों दलों के नेताओं के बीच बैठक होनी थी, लेकिन अंतिम समय पर कांग्रेस ने सपा को फोन कर बैठक टालने का आग्रह किया। सपा की ओर से 'एक्स' पर एक पोस्ट डाली गई, जिसे कुछ घंटे बाद हटा लिया गया था। उसमें कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगाया गया था। अभी तक बसपा प्रमुख मायावती ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि देर सवेर बसपा के साथ दूरियां कम हो सकती हैं। दूसरी ओर, सपा भी इसी उम्मीद में लगी है कि बुआ और भतीजे के बीच सुलह हो जाए। इस वजह से कांग्रेस और सपा के बीच सीट शेयरिंग आगे नहीं बढ़ रही है। गत वर्ष इंडिया गठबंधन की पहली बैठक जो पटना में हुई थी, उसमें नीतीश कुमार का जोश देखने लायक था। उसके बाद बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली की बैठकों में नीतीश कुमार का वह जोश पूरी तरह से गायब नजर आया। उन्होंने अपनी पार्टी के अध्यक्ष ललन सिंह को हटाकर खुद कमान संभाल ली है। उनकी पार्टी के कई नेता, लालू यादव की आरजेडी को साथ लेकर चलने से खुश नहीं हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पार्टी असहज स्थिति में हैं। दोनों दलों के नेताओं के बीच बैठक होनी थी, लेकिन अंतिम समय पर कांग्रेस ने सपा को फोन कर बैठक टालने का आग्रह किया। सपा की ओर से 'एक्स' पर एक पोस्ट डाली गई, जिसे कुछ घंटे बाद हटा लिया गया था। उसमें कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगाया गया था। अभी तक बसपा प्रमुख मायावती ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि देर सवेर बसपा के साथ दूरियां कम हो सकती हैं। दूसरी ओर, सपा भी इसी उम्मीद में लगी है कि बुआ और भतीजे के बीच सुलह हो जाए।

इन दिनों

# सारे तीरथ बार-बार, गंगासागर एक बार


रमेश सर्राफ धमोरा



**गंगासागर** में मकर संक्रांति पर प्रतिवर्ष विशाल मेला आयोजित होता है। इस दौरान दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु यहां स्नान के लिए पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रांतियों में मकर संक्रांति का सबसे ज्यादा महत्व है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं, उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मंदिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भगीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति से 15 दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनियाभर से पंहुचे तीर्थयात्री, और साधु-संत संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रांति पर यहां सूर्य पूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु के कहने पर कपिल मुनि के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होंने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरूप कपिल मुनि का जन्म हुआ। उन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सागर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इसके बाद यज्ञ के अश्वों को छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते हैं। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सागर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सागर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हें अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुए अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्ष बाद राजा सागर के पौत्र राजा भगीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भगीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगाजल से ही राजा सागर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भगीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रांति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये संभव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर है। उन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रांति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुंदर वन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान और ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग, छोटी नदियां और नहरें भी हैं। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगा जी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिए एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गई थी। मंदिर की मूर्ति अब कोलकाता में है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा-अर्चना के लिए मिलती है। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर समुद्र में समा चुका है।

गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर कहते हैं। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुंभ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

## आपकी बात

### नोटा के वोट व्यर्थ होने का जिम्मेदार कौन ?


शिव प्रसाद अग्रवाल

किसी भी पार्टी या प्रत्याशी से निराश लोग चुनाव में किसी को नहीं यानी नोटा का प्रयोग करते हैं जो चुनाव आयोग का अनूठा प्रयोग है पर इसका समाचार में एक आंकड़ा बनाने से ज्यादा कोई भूमिका नहीं है जबकि नोटा का प्रयोग समाज के सबसे बुद्धिमान या बड़ी सोच वाले लोग करते हैं । चुनाव आयोग और समाज के अलावा विशेषकर युवाओं को इसपर सवाल उठाना चाहिए कि इसपर कानून बने कि नोटा का महत्व सौ वोटों के बराबर गिना जाए और कुल मतदान का दो प्रतिशत से ज्यादा यदि नोटा हो जाए चुनाव आयोग वहाँ बैठक करे कि एस क्यों हो रहा है तभी पब्लिक का विरोध बुलंद होगा ।

**(अध्यक्ष अखिल भारतीय मानव सेवा दल नोएडा/रांची)**

### सीटी बजाओ कर रहा जागरूक ...


संतोष पाण्डेय अधिवक्ता

पलामू में इन दिनों सीटी बचाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम चर्चा का केंद्र बना हुआ है। निश्चित रूप से सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के दृष्टिकोण से यह शासन की अच्छी पहल है। 21 प्रखंड व 265 पंचायतों वाली जिले में 2564 स्कूलों में सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे दिन में गांवों के गलियां और शहर के मुहल्ला सीटी से गूंज रहे हैं। स्कूल के आसपास के गांवों के लोग भी सीटी की आवाज सुनकर समझ नहीं पा रहे थे कि आखिल बच्चे सीटी क्यों बजा रहे हैं। बच्चों ने सीटी बजाकर संदेश दिया कि आओ मिलकर स्कूल चले, तुम भी पढ़ो हम भी पढ़े। सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम से जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं उनके अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों में भी इस अभियान से उत्साह देखा जा रहा है। आवश्यकता है अभियान को जारी रखते हुये शासन स्तर पर और प्रयास करने की। साथ ही अभिभावकों को भी अपने बच्चों के पठन-पाठन के प्रति पूरी सजगता बरतनी होगी। तभी सही मायने में अभियान की सार्थकता साबित होगी। उम्मीद है अन्य सरकारी योजनाओं की तरह शिक्षा विभाग यह उपयोगी योजना निष्फल नहीं जायेगी। सभी को सीटी बजाओ अभियान के परिणाम का बेसब्री से इंतजार है।

आध्यात्म

# प्रभु श्री रामोत्सव-देश दुनियां मे दीपोत्सव


किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर आध्यात्मिकता की गहराइयों तक सराबोर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक संख्या वाला देश भारत, 22 जनवरी 2024 की तैयारीयों में इस तरह मशगूल है मानो हर नागरिक प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी स्वयं की स्वागत करने की जवाबदारी है, ऐसा है मेरा भारत देश जिसका करीब करीब हर नागरिक किसी न किसी धर्म जाति आस्था में विश्वास रखता है, परंतु 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बसे मूल भारतीयों द्वारा भी अपने अपने नजदीकी के मंदिर में जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की अभिलाषा रखते है उल्लेखनीय है कि अमेरिका के 10 से अधिक राज्यों में प्रभु श्रीराम के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं, तो वहीं मॉरीशस ने मंदिर दर्शन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। यह इसलिए के कुछ दिन पहले माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को देश-विदेश के सभी मंदिरों मैं साफ सफाई कर दीपोत्सव से जगमगा दें, तथा घरों में भी चारों तरफ दिये जलाकर दीपोत्सव का माहौल बनाएं, जिसे सभी ने हाथों-हाथ लेकर पूर्ण करने की ठान ली है। मंदिरों के व्यवस्थापकों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ केसरी दुपट्टा टोपी पहनकर श्रद्धालुओं नागरिकों को 22 जनवरी 2024 को मंदिर आने का निमंत्रण और घरों में दिये जलाने का निवेदन किया है। दिनांक 13 जनवरी 2024 को हमारी धर्म नगरी गोंदिया में भी ढोल नगाड़ों के साथ श्याम बाबा मंदिर व्यवस्थापकों और जिला व्यापारी फेडरेशन द्वारा दुपट्टा टोपी पहने जनता औरश्रद्धालुओं को मंदिर आने का निमंत्रण दिया, हमारे ऑफिस घर में भी आकर विनम्रता से आमंत्रित किया। सबसे बड़ी बात यह है कि मंदिर व्यवस्थापक कार्यकर्ता सेवादार किसी पार्टी के नहीं थे और ना ही किसी पार्टी का झंडा लिए हुए थे बस प्रभु श्री राम जी के भक्त लग रहे थे। मेरामानना है कि यह माहौल करीब हर शहर गांव में दिख रहा होगा। चूंकि देश-विदेश के सभी मंदिर और घर 22 जनवरी 2024 को दीपोत्सव से सराबोर होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री रामोंत्सव, देश दुनियां में दीपोत्सव।

मंदिरों के व्यवस्थापकों ने अपने आसपास के क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ केसरी दुपट्टा टोपी पहनकर श्रद्धालुओं को 22 जनवरी 2024 को मंदिर आने का निमंत्रण व घरों में दिये जलाने का निवेदन किया है।



बोधि वृक्ष

# पशुपतिनाथ व्रत की विधि व कथा

यह व्रत भगवान शिव को समर्पित है या आप यह भी कह सकते हैं कि यह व्रत भगवान शिव से संबंधित है। भगवान शिव दीन दयालु है इस व्रत से आपके जीवन की सभी कठिनाई समाप्त हो जायेगी और आपका जीवन आनंद में हो जायेगा। यह व्रत मुख्य रूप से 5 सोमवार किया जाता है इस व्रत का प्रारंभ सोमवार के दिन किया जाता है इस व्रत में आपको क्या क्या सावधानियां बरतनी है और इन उपायों को करके आप भगवान शिव को खुश कर सकते हैं यह सभी जानकारी आपको इस लेख के माध्यम से मिल जायेगी।

1. इस व्रत को रखने का नियम यह है कि जिस सोमवार से यह व्रत रखना है उससे एक दिन पहले ब्रह्मचर्य का पालन करें। सोमवार के दिन सूर्योदय से पहले उठकर नित्य कर्मों के बाद यदि आपके घर के पास कोई पवित्र नदी बह रही हो तो जाकर उसमें स्नान कर लें, नहीं तो नहाने के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर घर में ही स्नान करें।
2. स्नान के बाद पूजा की थाली बनाएं जिसमें धूप-दीप, शमी पत्र, बेलपत्र, भांग धतूरा, मंदार पुष्प, पंचामृत आदि भगवान शिव के मंदिर में जाएं।
3. याद रखें कि व्रत के पहले दिन आप जिस मंदिर में जाते हैं, बाकी के चार सोमवार उसी मंदिर में जाएं।
4. शिव मंदिर में जाकर घी का दीपक जलाएं। हो सके तो मिट्टी या आटे का दीपक भी बनाया जा सकता है। हो सके तो शिवलिंग के आसपास की जगह को अच्छे से साफ कर लें। अब सबसे पहले शिवलिंग पर जल चढ़ाएं।
5. जल चढ़ाते समय मन ही मन भगवान शिव के किसी मंत्र का जाप करते रहें। उसके बाद पंचाभिषेक यानी दूध, दही, घी, शहद और अंत में फिर से जल चढ़ाएं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में श्रीराम बिराजें- 08

## ।।।। इहलोक के दुख में खड़ा ईश्वर ।।।।


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

**राम** मानव है जिन्होंने इस धरती पर देवत्व की यात्रा कीं। अपने कर्म और व्यवहार से मनुष्य को मनुष्यता का पाठ पढ़ाया। उनके जीवन में कोई ईश्वरीय चमत्कार नहीं रहा। इसके बावजूद भी वह हरेक दुखी, परेशान और व्याकुल आत्मा की चाह है। महादेव के लिए सबकुछ संभव है। वह पल में प्रलय ला देते हैं। श्रीकृष्ण का समूचा जीवन दैवीय चमत्कार का रहा। उनके व्यवहार और कर्म को कोई साधारण मानव सहज ही अनुगामी नहीं हो सकता। धरती पर और कोई भी ईश्वरीय सत्ता उतना मानवीय नहीं रहा, जितना प्रभु श्रीराम रहे। उनके जीवन में लौकिकता है, इस कारण वह इहलोक के दुखों में खड़ा आशादीप है। इसलिए जब सवाल किया गया कि इस धरती पर जीवन में चरित्र से युक्त कौन है ? वाल्मीकि ने चरित्रवान व्यक्ति को ढूंढ़ने के लिए रामायण लिखी और राम को केंद्रीय भूमिका में रखा। धरती पर राम शरीरधारी धर्म है जिसमें मन, कर्म और वाणी से चरित्र की जो कथाएं आती हैं वह धर्म की ही व्याख्या करती है। राम सनातन धर्मवृक्ष के वह बीज है, जिसमें इहलोक के दुख के साथ खड़ा होना का चरित्रबल है और वे उस दुख और विपरीत भाव में भी विचलित नहीं होते हैं। जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि, जन्म-मरण सब में एक समान व अविचल उनकी बुद्धि रहती है। रामकथा में भरत और राम दोनों धर्म के प्रतीक है, एक धर्म के मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं, तो दूसरा धर्म के माध्यम से कर्ममय जीवन को सार्थक करते हैं। यही कारण है कि वन में राम मिलने पर भरत कहते है कि- हे राम, लोक में ऐसा कौन है, जैसे आप हो। दुख आपको व्यथा नहीं पहुंचा पाती है। कल्याण में आपको हर्ष नहीं होता है। आपके लिए मृत्यु और जीवन, होना और न होना दोनों समान हैं। ऐसी बुद्धि जिसकी हो उसको परिताप कहां से हो सकता है। सुतीक्ष्ण मुनि के आश्रम में श्रीराम से ऋषि-मुनि ने राक्षसों के आतंक से मुक्ति की याचना की, जिसे राम ने स्वीकार कर लिया। तब माता ने कहा कि वन में तप करने आए थे, अब क्षात्र धर्म यानी शस्त्र सेवा से बुद्धि कातर हो जाती है। अतएव आप यहां वन में मुनि जैसे नियमों का पालन कीजिए। यही आपका धर्म है। इस पर राम ने कहा कि देवि, तुमने ठीक कहा। किंतु तुमने ही तो पहले यह कहा था कि क्षत्रिय इसलिए धनुष धारण करते है कि लोक में कहीं दुख की पुकार न हो।

दुख आपको व्यथा नहीं पहुंचा पाती है। कल्याण में आपको हर्ष नहीं होता है। आपके लिए मृत्यु और जीवन, होना और न होना दोनों समान हैं। ऐसी बुद्धि जिसकी हो उसको परिताप कहां से हो सकता है।

## टेक वर्ल्ड

### गायब हुई तस्वीरों को रिकवर करने का तरीका

**गूगल फोटोज में तस्वीरों को वापस लाने के लिए निम्नलिखित कदमों का पालन करें:**

**स्टेप 1: गूगल फोटोज अनुप्रयोग खोलें**
पहले गूगल फोटोज अनुप्रयोग खोलें या photos.google.com पर जाएं।



**स्टेप 2: 'बिना स्मरण गई हुई तस्वीरें' सेक्शन में जाएं**
अपनी तस्वीरें वापस प्राप्त करने के लिए, 'बिना स्मरण गई हुई तस्वीरें' सेक्शन में जाएं।

**स्टेप 3: तस्वीर का चयन करें और वापस लायें**
वहां, आपको अपनी गलती से हटी गई तस्वीरों की सूची मिलेगी। जिस तस्वीर को वापस प्राप्त करना चाहते हैं, उसे चुनें और 'स्मरण में लाएं' या 'फोटो गैलरी में वापस लाएं' विकल्प पर क्लिक करें।

**स्टेप 4: तस्वीर की पुर्नस्थापना**
चयनित तस्वीर अब आपकी गैलरी में वापस लौट आई होगी! इसे आप अपने डिवाइस पर फिर से देख सकते हैं और साझा कर सकते हैं।

**- स्थानीय बैकअप का इस्तेमाल करें:** अक्सर गूगल फोटोज से हटाई गई तस्वीरें स्थानीय बैकअप में उपलब्ध होती हैं। आपके फोन के गैलरी में, स्टोरेज फोल्डर में, या अन्य ऑनलाइन संग्रहण स्थलों में जांचें।

**- गूगल फोटोज के रिसायकल बिन में देखें:** गूगल फोटोज में डिलीट हुई तस्वीरें अक्सर 60 दिनों तक रिसायकल बिन में रहती हैं। आप गूगल फोटोज वेबसाइट पर जाकर रिसायकल बिन चेक कर सकते हैं और जरूरत अनुसार वापस उन्हें रिस्टोर कर सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# संक्रांति पर संगम स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु



**प्रयागराज।** माघ मेला सोमवार से शुरू होने जा रहा है, वहीं शनिवार को मकर संक्रांति पर भक्त संगम में स्नान के लिए उमड़ पड़े। 53 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक मेले के लिए विशेष आयोजन किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। य्मेले में अक्सर लोगों के भटक जाने से उनके स्वजनों को काफी परेशानी होती थी। ऐसे में इस वर्ष खोया-पाया शिविर में परिवर्तन करते हुए इसे हाईटेक बनाया गया है ताकि भटके लोग अपने स्वजनों से आसानी से मिल सकें। शिविर के आयोजक उमेश तिवारी ने कहा, "पहली बार, खोया-पाया शिविर में शिविर के स्वयंसेवकों के लिए वेब-कैमरा और इंटरनेट सेवाओं के साथ कंप्यूटर सेट होंगे ताकि वे पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रह सकें और लापता व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलवाने में मदद कर सकें।" शिविर मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। माघ मेला देश के सभी हिस्सों से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है, जिनमें से अधिकांश बुजुर्ग और अशिक्षित हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बस्ती में अपना रास्ता भूल जाते हैं। शिविर ने 1946 से अब तक 15.32 लाख लोगों को उनके परिवारों से दोबारा मिलवाया है।

## एक नजर

### पुलिस ने शराब के धंधेबाज को भेजा जेल

**गया।** जिले के शेरघाटी पुलिस ने शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.पुलिस ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब के धंधे में संलिप्त धंधेबाज के विरुद्ध पूर्व से ही थाने में मुकदमा दर्ज है.आरोपी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

### दिल्ली के मीना बाजार में 19 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के मीना बाजार में तीन लोगों ने 19 साल के एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मृतक की पहचान गाजियाबाद के लोनी निवासी अरमान उर्फ कासिम के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार सुबह 4:30 बजे जामा मस्जिद इलाके में हुई। सुबह करीब 5:20 बजे जामा मस्जिद थाने में सूचना मिली कि एक घायल व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। शुरूआती जांच से पता चलता है कि मृतक और तीन अन्य लड़कों के बीच विवाद हुआ था, जिसके कारण यह घटना हुई। भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 34 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### दलित परिवार का आशियाना तोड़े जाने पर हम पार्टी नाराज

**गया।** जिला के शेरघाटी स्थित बुढी नदी में रह रहे भूमिहीन दलित परिवार के आसियानों को तोड़े जाने के विरोध में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी एवं महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूबी देवी ने बैठक कर इस कार्रवाई की घोर निंदा किया. उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर दलित परिवार के लोगों के साथ स्थानीय प्रशासन ने इस ठंड में बर्बरता पूर्ण कार्रवाई किया है.जिससे दर्जनों परिवार बेघर हो गया है. अगर दलित परिवार के लोगों को परमाना नहीं मिलता है, और बुलडोजर से हुए नुकसान का भरपाई करने की कार्रवाई नहीं की जाती है।

### गोरखनाथ में प्रसिद्ध खिचड़ी भोग आज

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार सोमवार को शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी का भोग लगाएंगे। समूचे जनमानस की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। हालांकि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला रविवार से ही शुरू है।

# योगी ने 75 ई-वाहनों को दिखाई हरी झंडी, टूरिस्ट ऐप किया लांच

**लोगों की सुविधा के लिए अयोध्या की सड़कों पर दौड़ेंगी 50 ई-बसें व 25 ई-ऑटो**

**श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि होगी 22 जनवरी**



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्याधाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री योगी ने 75 ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट ऐप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्याधाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल ऐप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ भी किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने और भारत के स्वाभिमान व सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप देकर यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा।

# एंबुलेंस मामले में मुख्तार के सहयोगी की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी। लखनऊ**



बाराबंकी पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के करीबी सहयोगी अफरोज खान की लखनऊ में 1.5 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। बाराबंकी के अतिरिक्त सड़क परिवहन अधिकारी पंकज सिंह ने धोखाधड़ी से पंजीकृत एक एंबुलेंस के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर साल 2021 में एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में ये संपत्ति कुर्क की गई है। जांच से पता चला कि इस एंबुलेंस का इस्तेमाल 31 मार्च 2021 को मुख्तार अंसारी को पंजाब की रोपड़ जेल से मोहाली की अदालत में पेशी के लिए ले जाने के लिए किया गया था। एआरटीओ ने 2 अप्रैल 2021 को मऊ की अलका राय के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने 4 जुलाई 2021 को मुख्तार अंसारी, अलका राय और कई अन्य के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दायर किया। शहर कोतवाली में 25 मार्च 2022 को मुख्तार अंसारी और अफरोज खान उर्फ चुन्नू समेत 13 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बाराबंकी के एसपी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने अफरोज की लखनऊ में अवैध रूप से खरीदी गई संपत्ति की पहचान की। टीम ने त्रिवेणी नगर के खदरा वार्ड में अफरोज की पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड 171.635 वर्ग मीटर जमीन और उस पर बनी बिल्डिंग को कुर्क कर लिया। इरादत नगर में 55.20 वर्ग मीटर जमीन और उस पर बनी इमारत भी कुर्क की गई।

# छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार के बड़े फैसलों का पहला महीना

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी सरकार को एक माह हो गया है। सरकार का यह पहला माह बड़े फैसलों का रहा है। सरकार के फैसले पूरे माह सोशल मीडिया पर सबसे ऊपर रहे। एक महीना पहले 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई थी। नई सरकार के सामने जन घोषणा पत्र ह्यमोदी की गारंटीह्य को पूरा करना आसान नहीं था, मगर सरकार के गठन के साथ ही उन पर अमल शुरू कर दिया गया। विष्णु देव सरकार के फैसलों पर गौर करें तो पहले ही कैबिनेट में 18 लाख लोगों के लिए आवास बनाने का निर्णय लिया गया। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बोनस दिया गया। इसके तहत प्रदेश के किसानों के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि दी अंतरित की जा चुकी है।

## एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गिरते स्तर को देखते हुए श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप)-3 से जुड़ी पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। संशोधित ग्रैप-3 के तहत प्रमुख तौर पर कुछ आवश्यक कार्यों को छोड़कर निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी जाती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज सुबह 9 बजे 'गंभीर' श्रेणी में 458 पर था।

# न्याय यात्रा छलावा, इनके अपने नेताओं को ही नहीं मिल रहा है न्याय : अनुराग

**एजेंसी। ऊना**




केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को ऊना में इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली करारी शिकस्त के बाद आज सहयोगी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उधर बंगाल में ममता बनर्जी सीटें देने को तैयार नहीं हैं। इधर नीतीश कुमार संयोजक बनने के लिए तैयार नहीं हैं। शरद पवार अपना पल्ला झाड़ रहे हैं और जब खड़गे का नाम आया तो गांधी परिवार तैयार नहीं है। यह गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट है। नेताओं द्वारा लगातार कांग्रेस छोड़ने पर चुटकी लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा है। आज जिस कांग्रेस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी लोगों को न्याय दिलाने की बात करते हैं वहां कांग्रेस के नेताओं को ही न्याय नहीं मिल रहा है। एक के बाद एक बड़ा नेता कांग्रेस को छोड़ रहा है। अनुराग ने कहा कि कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, अश्विनी कुमार, हिमंता बिस्वा शर्मा, सुरेश जाखड़, आरपीएन सिंह, अनिल एंटोनी, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अब मिलिंद देवड़ा ने भी कांग्रेस छोड़ दी है। अपनी पार्टी में ही न्याय न मिलने के कारण आज कांग्रेस छोड़ने वालों की लंबी लाइन लगी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी को सम्मान मिला है। हम अच्छे लोगों को अपना परिवार मानते हैं।

# अमित शाह ने कार्यकताओं के साथ उड़ाई पतंग



**एजेंसी। अहमदाबाद**

राज्य भर में बुधवार को उत्तरायण पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही लोग छतों पर पहुंच कर पतंगबाजी में मशगूल हो गए। शोर करने वाले विभिन्न वाद्ययंत्रों के बीच पूरा आसमान सतरंगी पतंगों से छा गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अहमदाबाद के वेजलपुर में परंपरागत त्योहार का लुत्फ उठाया और नेताओं-कार्यकताओं से साथ पतंग उड़ाई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के वेजपुर में रविवार को उत्तरायण का पर्व मनाया। वेजलपुर के विधायक अमित ठाकर समेत भाजपा कार्यकताओं के साथ शाह ने पतंग उड़ाई। इससे पूर्व सुबह केन्द्रीय मंत्री शाह ने जमालपुर क्षेत्र में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन किये। इसके अलावा शाम 4 बजे गांधीनगर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं के साथ पतंग उड़ाने का केन्द्रीय मंत्री का कार्यक्रम हैं। वह शाम 5 बजे भी अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के चांदलोढिया में कार्यकताओं के साथ पतंगबाजी में शामिल होंगे।

## आयोजन 'तीर्थ स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए नड्डा, कहा-

# 22 तक देशभर में अभियान चला रही भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को राजधानी दिल्ली के गुरू संत रविदास के ऐतिहासिक मंदिर में झाड़ू लगाकर और सफाई कर पार्टी के 'स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए। 'स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान' के तहत मंदिर में सफाई करने के बाद मीडिया से बात करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पार्टी ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से 22 जनवरी तक हम (पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता) हरेक तीर्थस्थल और मंदिर के सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जाने वाले अभियान की जानकारी देते हुए नड्डा ने आगे कहा कि 22 जनवरी को हम सभी अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाकर प्रभु श्री राम की आराधना करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के इसी कार्यक्रम को उन्होंने आज यहां गुरू संत रविदास के ऐतिहासिक मंदिर से प्रारंभ किया और उन्हें यहां स्वच्छता अभियान में भाग लेने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ और आज इस कार्यक्रम में भाग लेकर वे बहुत आनंदित हैं। आपको बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक भाजपा ने देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने की योजना बनाई है।

'स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान' के इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्र सरकार के सभी मंत्री, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राज्यों के मंत्री एवं राज्यों के पदाधिकारी सहित पार्टी के सारे जनप्रतिनिधि स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेंगे।

# दिल्ली में अंगीठी और लकड़ी के धुएं से छह लोगों का दम घुटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रात को दो स्थानों पर अंगीठी और लकड़ी के धुएं से छह लोगों का दम घुट गया। पहली घटना अलीपुर क्षेत्र स्थित खेड़ा खुर्द में हुई। यहां चार लोगों की अंगीठी के धुएं से दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति, पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि रविवार सुबह सूचना मिली कि एक घर में चार शव पड़े हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह अंदर दाखिल होने पर कमरे में एक जलती हुई अंगीठी मिली। परिवार ने ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी ताकि कमरा गरम रहे। इसके अलावा इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई। यह लोग रात को लोहड़ी मनाकर सोए थे। कमरा गरम रहे, इसके लिए उन्होंने सोने से पहले कमरे में लकड़ी जलाई थी। मृतकों की पहचान रामबहादुर और अभिषेक के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने बताया कि यह लोग संजय शर्मा के यहां काम करते थे। अभिषेक उनकी कार चलाता था और रामबहादुर घरेलू नौकर था। दोनों घर के ऊपर बने कमरे में ही रहते थे।

### हैदराबाद पुलिस ने निवेश धोखाधड़ी के आरोप में हरियाणा के दो लोगों को गिरफ्तार किया




**हैदराबाद।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी में हरियाणा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हिमांशु (30) और प्रवीण (26) निर्दोष लोगों को धोखा देने के लिए फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाने और विभिन्न फर्मों के नाम पर चालू बैंक खाते खोलने में शामिल थे। हरियाणा के दोनों युवकों ने चालू बैंक खातों की आपूर्ति करने और ऑनलाइन अंशकालिक नौकरी/निवेश के माध्यम से लोगों को धोखा देने के लिए देवेंदर पांचाल के साथ मिलीभगत की थी। हैदराबाद के अमीरपेट क्षेत्र के एक निवासी से प्राप्त शिकायत के बाद पुलिस ने जांच के दौरान गिरफ्तारियां कीं, जिसमें कहा गया था कि साइबर जालसाजों ने ऑनलाइन अंशकालिक नौकरी/निवेश के माध्यम से उसे धोखा दिया और प्रदान किए गए बैंक खातों में लगभग 4.75 लाख रुपये स्थानांतरित कर दिए।

### हम ने महिला सम्मेलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

गया। जिला के शेरघाटी शहर स्थित नूतन नगर मोहल्ला में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के प्रखंड अध्यक्ष एवं मनोज कुमार मांझी के देख रेख में बैठक आयोजित किया गया। जिसमे होने वाले लोकसभा चुनाव में एकजुटता व एक रूपता बनाकर कार्य करने पर चर्चा किया गया। उक्त बैठक के दौरान महिला जिला अध्यक्ष रूबी देवी ने बताया कि सोमवार को बोधगया में होने वाली महिला सम्मेलन को बैठक आयोजित करते हुए जानकारी दी जा रही है ताकि बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित हो। उक्त बैठक में पूर्व मंत्री हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन व बाराचट्टी विधायक सह महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति मांझी के अलावे कई नेता गन भी शामिल रहेंगे।



### जगन मोहन रेड्डी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है : चंद्रबाबू नायडू



अमरावती : तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जन सेना पार्टी (जेएसपी) नेता और अभिनेता पवन कल्याण के साथ अमरावती के मंडदम में भोगी समारोह में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने वाईएसआरसीपी सरकार के 'जनविरोधी' नीतियों को भोगी अग्नि में जलाया। टीडीपी और जेएसपी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा की है। दोनों दल भोगी मनाने के लिए एक साथ आए, जो तीन दिवसीय संक्रांति उत्सव की शुरूआत है। नायडू ने कहा कि जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

### खुद को कास्टिंग डायरेक्टर बताकर दिल्ली में 15 मॉडलों से ठगी करने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि कास्टिंग डायरेक्टर के भेष में 15 से अधिक मॉडलों को इवेंट और फोटो शूट में काम दिलाने के बहाने कथित तौर पर ठगने के आरोप में एक ठग को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मालवीय नगर निवासी गौरव खन्ना (43) के रूप में हुई है और वह मॉडलों को ठगने की अपनी योजनाओं को अंजाम देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता, एक महत्वाकांक्षी मॉडल, ने कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, इसमें आरोप लगाया गया कि वह इंस्टाग्राम के माध्यम से खन्ना से जुड़ी, जहां उन्होंने खुद को प्रोडक्शन हाउस 'एएनजी प्रोडक्शंस' के कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में पेश किया।

### यूपी कांग्रेस के अयोध्या दौरे में शामिल होंगे दो हजार से ज्यादा कार्यकर्ता



**लखनऊ।** कांग्रेस द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से अनुपस्थित रहने की घोषणा के साथ, यूपी कांग्रेस ने अब सोमवार की पवित्र शहर की अपनी यात्रा का पैमाना बढ़ा दिया है। पार्टी ने पहले घोषणा की थी कि यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और यूपीसीसी अध्यक्ष अजय राय लगभग 100 पार्टी कार्यकताओं के एक समूह के साथ अयोध्या में पूजा करेंगे। पार्टी ने अब कहा है कि 2,000 से अधिक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर अयोध्या जाएंगे। इन नेताओं में उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, यूपी कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना', पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और फैजाबाद के पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पी.एल. पुनिया और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### केंद्रीय नेताओं के साथ इंफाल पहुंचे राहुल गांधी, सड़क मार्ग से थौबल के लिए हुए रवाना



**इंफाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केंद्रीय नेताओं के एक समूह के साथ रविवार को इंफाल पहुंच गए। यहां हवाई अड्डे पर मणिपुर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी यहां से सड़क मार्ग से थौबल जिले के खांगजाम के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी खंगजाम मैदान से अपनी प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरूआत करेंगे। रविवार को घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से राहुल गांधी के इंडिगो के विशेष उड़ान में करीब चार घंटे की देरी हुई। उनके साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, अभिषेक मनु सिंघवी, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद और कई केंद्रीय नेता मौजूद थे।

### फर्स्ट टाइम वोटर पर भाजपा क्यों लगा रही है बड़ा दांव



**नई दिल्ली।** देश के गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर खास फोकस कर रही भाजपा देश के 18 वर्ष से 23 वर्ष के बीच के युवाओं पर बड़ा दांव खेलने जा रही है। दरअसल, 2024 के लोक सभा चुनाव में पहली बार वही वोटर्स वोट डालेंगे जो 2019 के पिछले लोक सभा चुनाव तक 18 वर्ष के नहीं हुए थे। भाजपा का मानना है कि सिर्फ 18-19 वर्ष की उम्र के युवा ही नहीं, बल्कि 23 वर्ष की आयु तक के युवा 2024 में सांसद और देश का प्रधानमंत्री चुनने के लिए पहली बार अपना वोट करेंगे। पार्टी का यह भी मानना है कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे, उस समय इन युवाओं की उम्र औसतन 8-13 वर्ष की रही होगी यानी इन युवाओं ने कांग्रेस की सरकारों को नहीं देखा है, कांग्रेस राज के अनुभवों को महसूस नहीं किया है। भाजपा आलाकमान का मानना है कि इसलिए इन युवाओं को कांग्रेस बनाम मोदी सरकार के अंतर को समझाना बहुत जरूरी है।

# भारत ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पीटा

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर

**रांची।** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के अंतिम मैच में रविवार को न्यूजीलैंड की टीम को 3-1 से हरा दिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन के लिए सलिमा टेटे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी व उदीता ने एक-एक गोल किया। वहीं दूसरा मुकाबला जर्मनी और जापान के बीच खेला गया। यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। जर्मनी के लिए तीसरे क्वार्टर में पहला गोल लिजा नोल्टे ने किया जबकि इसके बाद जापान के लिए मिउ हसेगावा ने एक गोल दागकर मुकाबला 1-1 पर ला दिया। पूरे मैच में दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए एक-दूसरे पर लगातार हमला बोला। ओलंपिक क्वालिफायर के लिए 13 जनवरी से अबतक खेले गए कुल छह मुकाबले में यह पहला मैच भी रहा जो बराबरी पर छूटा। 13 जनवरी को खेले गए मुकाबले में जर्मनी ने चिली को और जापान ने चेक गणराज्य को परास्त किया था। ऐसे में दोनों के बीच रोमांचक खेल की उम्मीद की जा रही थी। जर्मनी ने कुल मिलाकर 14 पेनल्टी कॉर्नर गंवाये। यह दो हिस्सों का मैच था, जिसमें पहले हाफ में जर्मनी ने बढ़त बनाये रखी और दूसरे हाफ में जापान ने वापसी की। इस ड्रा का मतलब है कि जापान और जर्मनी दोनों दो मैचों में तीन अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं जबकि चिली दो मैचों में तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।



## चिली ने चेक रिपब्लिक को 6-0 से हराया



**रांची।** एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दिन रविवार को रांची के मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहला मुकाबला चेक रिपब्लिक और चिली के बीच खेला गया। इस मुकाबले में चेक रिपब्लिक को 6-0 से हराकर चिली की टीम विजयी रही। चिली की ओर से डे लास हेरास कॉन्सुएलो ने एक गोल, उरोज मैनुएला ने दो गोल, कैरम कैमिला ने एक गोल, मोरालेस ऑर्चर्ड अंतानिया ने एक गोल और माल्डोनाडो मारिया ने एक गोल किया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उरोज मैनुएला (चिली) बनीं।

## यूएसए की लगातार दूसरी जीत, इटली को 2-0 से हराया

**रांची।** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के तहत रविवार को तीसरा मैच अमेरिका और इटली के बीच हुआ। ओलंपिक क्वालिफायर के इस सातवें मुकाबले में अमेरिका ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। उसने इटली को 2-0 से हराया। इससे पहले शनिवार को अमेरिका ने मेजबान भारत को हराया था। अमेरिका के लिए दूसरे क्वार्टर में एश्ले सेसा ने एक और कप्तान एश्ले हॉफमैन ने चौथे क्वार्टर में एक गोल दागा। इससे पहले रविवार को तीसरा मुकाबला जर्मनी और जापान के बीच खेला गया था। जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड में खेला गया यह मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा।



## भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी



**एजेंसी। इंदौर**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में रविवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय टीम में दो बदलाव किये गए हैं। कोहली और जायसवाल की वापसी हुई है। गिल और तिलक आज का मुकाबला नहीं खेलेंगे जबकि अफगानिस्तान की टीम में एक बदलाव हुआ है, रहमत शाह आज का मुकाबला नहीं खेल रहे हैं, उनकी जगह पर नूर अहमद को एकादश में शामिल किया गया है।

रोहित ने कहा कि मैदान के इतिहास को देखते हुए वह बाद में बल्लेबाजी करना चाहते थे क्योंकि यह ग्राउंड चेज़िंग ग्राउंड रहा है। युवा खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए रोहित ने कहा कि उन्हें छूट देने की ज़िम्मेदारी उनकी और अन्य सीनियर खिलाड़ियों की है।

अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान ने कहा कि उनकी टीम को बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरत है और नेट्स में उनकी टीम ने काफी अभ्यास भी किया है।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपर), इब्राहिम जदरान (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जदरान, करीम जनत, गुलाबदीन नैब, फजलहक फारूकी, नूर अहमद, नवीन उल हक, मुजीब उर रहमान।

## निलंबित भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष को धमकी



**एजेंसी। वाराणसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह 'बबलू' को अनजान फोन नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में संजय सिंह की ओर से भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार भेलूपुर थाना क्षेत्र के कबीर नगर दुगाकुंड निवासी संजय सिंह को 12 जनवरी की रात 8.30 से नौ बजे के बीच उनके दोनों फोन नंबरों पर अनजान नंबर 9120316232 से फोन आया। फोन उठाते ही फोन करने वाला गाली व जान से मारने की धमकी देने लगा।

## लिनेट के रिटायर होने के बाद वोज्नियाकी दूसरे दौर में




**एजेंसी। मेलबर्न**

पूर्व नंबर 1 डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गईं, जब नंबर 20 सीड मैग्डा लिनेट को चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 के बाद से मेलबर्न पार्क में अपना पहला मैच खेलते हुए, वोज्नियाकी ने 6-2, 2-0 से बढ़त बना ली। इससे पहले कि लिनेट 55 मिनट के खेल के बाद मैच से रिटायर हो गईं। दूसरे दौर में डेन का सामना 20 वर्षीय क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा से होगा। वोज्नियाकी पिछली गर्मियों में उत्तरी अमेरिकी हार्ड-कोर्ट स्विंग के दौरान सेवानिवृत्ति से बाहर आईं और यूएस ओपन में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाने के लिए आगे बढ़ीं। डब्ल्यूटीए टूर पर वापसी के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन उनकी दूसरी स्लैम उपस्थिति है। उन्होंने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने सीजन की शुरूआत की, जहां वह पहले दौर में एलिना स्वितोलिना से सीधे सेटों में हार गईं।

## ओ'सुलिवान आसानी से स्नूकर मास्टर्स के फाइनल में



**एजेंसी। लंदन**

एलेक्जेंड्रा पैलेस में सेमीफाइनल में शॉन मर्फी को 6-2 से हराने के बाद रोनी ओ'सुलिवान रिकॉर्ड आठवीं बार स्नूकर मास्टर्स खिताब जीतने की राह पर बने हुए हैं और मास्टर्स में अपने 14वें फाइनल में पहुंच गए हैं। ओ'सुलिवान की जीत ने मर्फी के खिलाफ उनके पहले से ही प्रभावी आमने-सामने के रिकॉर्ड को बढ़ा दिया। अब वह जोड़ी के बीच मुकाबलों में अपने साथी अंग्रेज से 14-3 से आगे हैं। मास्टर्स में अपने उल्लेखनीय रिकॉर्ड के बावजूद, 40 बार के रैंकिंग इवेंट विजेता ओ'सुलिवान ने 2017 के बाद से उत्तरी लंदन में खिताब नहीं जीता है।

## ब्रायन लारा के पास जो ज्ञान है वह अद्वितीय है : जोशुआ

**एजेंसी। एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले ब्रायन लारा को अनुभवहीन वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का मेंटर बनाए जाने पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा ने कहा कि बल्लेबाजी और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के बारे में इस महान बल्लेबाज का ज्ञान अद्वितीय है।

हालांकि लारा एडिलेड और ब्रिस्बेन में टेस्ट मैचों में फॉक्स क्रिकेट के लिए कमेंटरी करेंगे, लारा वेस्ट इंडीज टीम का मार्गदर्शन भी करेंगे, जिनकी 15 सदस्यीय टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। पिछले साल जब वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था तब लारा इसी पद पर थे।

उनके पास जो ज्ञान है, वह बेजोड़ है। उन्होंने खेल के लिए क्या किया है, उन्होंने अपने दम पर वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए क्या किया है... तो बस उनका साथ होना, उनकी मौजूदगी ही अपने बारे में सब कुछ बोल देती है। डी सिल्वा ने एडिलेड में पत्रकारों से कहा, उन्होंने (मौजूदा टीम में) सभी के साथ काम किया है, वह हमारे गुरु हैं इसलिए वह हर किसी की मदद करेंगे, गेंदबाजों और बल्लेबाजों की। क्योंकि उनके पास इतना अनुभव है कि मुझे लगता है कि हर कोई उनसे सीख सकता है।




बल्लेबाज केवम हॉज, सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और तेज गेंदबाज शामर जोसेफ एडिलेड टेस्ट के लिए संभावित पदार्पणकर्ता हैं। वेस्टइंडीज को 2022 में ऑस्ट्रेलिया में अपने आखिरी दो टेस्ट मैचों में बुरी तरह हार मिली थी।

डा सिल्वा जिन्होंने पिछले हफ्ते करेन रोल्टन ओवल में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कके खिलाफ अभ्यास मैच में शतक बनाया था, सोचते हैं कि नए चेहरे उन्हें टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद कर सकते हैं।

पिछला साल आखिरी साल है और हम फिर से प्रयास करने के लिए यहां हैं। हमारे पास कुछ नए चेहरे हैं इसलिए हमारे पास थोड़ा नया खून आने वाला है। यह रोमांचक होने वाला है। हर कोई उत्सुक है। सात अनकैप्ड खिलाड़ी। यदि वे स्वाद नहीं मिला है, वे वास्तव में इसका स्वाद लेने के लिए उतावले हैं। इसलिए, शिविर में मूड बहुत अच्छा है।

## स्टीव हार्मिसन ने खुलासा किया कि अबू धाबी कैंप को लेकर सवाल उठाने के बाद उनकी बेन स्टोक्स से बातचीत हुई थी

**लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने खुलासा किया कि भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे से पहले अबू धाबी में टीम के तैयारी शिविर पर सवाल उठाने के बाद उन्होंने वर्तमान टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ बातचीत की थी।

पिछले महीने, टॉकस्पोर्ट के फॉलोइंग ऑन पॉडकास्ट पर बोलते हुए, हार्मिसन इंग्लैंड की अबू धाबी में 11-दिवसीय शिविर की योजना और 25 जनवरी को हैदराबाद में टेस्ट श्रृंखला के उद्घाटन से तीन दिन पहले भारत पहुंचने से चिढ़ गए थे, जिसके कारण स्टोक्स ने आलोचना पर नाराजगी व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया पर बात की थी।

मैंने इस बारे में बेन के साथ अच्छी बातचीत की। यह दो लोग बात कर रहे थे जिनके मन में एक-दूसरे के लिए बहुत सम्मान है क्योंकि मैंने उसके साथ खेला और उसे बड़ा होते देखा। और जिस तरह से वह कप्तान के रूप में काम कर रहे हैं वह मुझे पसंद है। यह पुराने साथी खुलकर और ईमानदारी से बात कर रहे थे और यह ठीक था। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। बेन मेरे पास वापस आया और मुझे यह पसंद आया। जो कहा गया वह निजी रहेगा लेकिन एक बात जो मैं कहूंगा वह यह है कि मैंने उससे कहा था, चाहे इस श्रृंखला में कुछ भी हो, आप मुझे यह कहते हुए कभी नहीं सुनेंगे, मैंने तुमसे ऐसा कहा था। मुझे इस बारे में सही होने में कोई खुशी नहीं होगी।

हार्मिसन ने डेली मेल से कहा कि अबू धाबी में अभ्यास के तर्क के बारे में आगे बात करते हुए हार्मिसन ने कहा, मुझे पता है कि वे कितने अच्छे हैं। पिचें भारत की तुलना में अभ्यास के लिए बेहतर होंगी और खिलाड़ी आनंद उठाएंगे। यह महत्वपूर्ण है। आजकल उनके गोल्फ खेलने के बारे में बहुत चर्चा होती है लेकिन इससे एक आरामदायक माहौल बनाने में मदद मिलती है। मेरे द्वारा वह बात समझी जा सकती है। मैं दौरे पर कई बार मानसिक रूप से संघर्ष करता था, यह कोई रहस्य नहीं है, और मेरे लिए सबसे बुरा समय अभ्यास के बाद था, जब मैं दबाव में महसूस करता था और होटल के कमरे के अलावा कहीं और जाने के लिए नहीं था। यदि आप थोड़ी देर और आराम कर सकते हैं तो बहुत अच्छा है। हो सकता है कि मैं थोड़ा पुराने जमाने का हूं, लेकिन उन्हें उस देश में अधिक समय देना चाहिए था जहां वे श्रृंखला खेलने जा रहे हैं - पहली गेंद फेंके जाने से पहले निश्चित रूप से 72 घंटे से अधिक। अत्यंत आक्रामक दृष्टिकोण के साथ, स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड मनोरंजक टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है और मैच जीत रहा है। हार्मिसन का मानना है कि इंग्लैंड 2012/13 सीजन के बाद पहली बार भारत में जीत सकता है, लेकिन उपमहाद्वीप में परीक्षा ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का सामना करने से भी कठिन होगी। मुझे समझ में नहीं आता कि इंग्लैंड की शैली भारत में सफल क्यों नहीं हो सकती क्योंकि यह मेरे लिए एक मानसिकता है।

> मैं उन्हें भारत में मैदान पर अधिक समय देना पसंद करूंगा, खासकर गेंदबाजों के लिए, लेकिन क्या मैं उनके अबू धाबी जाने के पीछे के तर्क को देख सकता हूं? बेशक मैं कर सकता हूं।
> हार्मिसन



## खबरें व्यापार जगत की

### जून तक अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप तैयार हो जाएगा कुशीनगर एयरपोर्ट



**कुशीनगर।** जून 2024 तक कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार हो जाएगा। तब निर्बाध घरेलू एवं विदेशी उड़ान सेवा शुरू होने में कोई तकनीकी या व्यावहारिक बाधा नहीं रह जाएगी। दरअसल, नेवीगेशनल सिस्टम बनाने वाली रूसी कंपनी ने इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) के उपकरण भारत के लिए रवाना कर दिए हैं, जो इसी महीने कुशीनगर आ आएगा। फरवरी में इलेक्ट्रिकल वर्क शुरू होगा। जून में आईएलएस के आपरेशनल हो जाने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ एयरपोर्ट पर डाप्लर वेरी ओमनी रेंज (डीबीओआर) इंस्टालेशन का कार्य चल रहा है, जो एक मार्च से आपरेशनल हो जाएगा। इन दोनों सिस्टम के आपरेशनल हो जाने के बाद देश-विदेश के विमान निर्बाध रूप से किसी भी मौसम में लैंड और टेक आफ कर सकेंगे। एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक नरेंद्र रे ने बताया कि जून से कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप हो जाएगा। उस स्थिति में देशी-विदेशी विमानन कंपनियां यहां से उड़ान सेवा शुरू करने के लिए आकर्षित होंगी। आईएलएस उपकरण और डीबीओआर का इंस्टालेशन ही अंतिम बाधा है। गत वर्ष मार्च में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरपोर्ट पर आईएलएस और डीबीओआर की स्थापना के लिए 5.75 करोड़ की निविदा जारी की थी। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में निविदा खोली गई। चयनित कंपनी को कार्य पूर्ण करने के लिए चार माह का समय दिया गया है, लेकिन निर्यात में अंतरराष्ट्रीय औपचारिकता में समय लगा। सिस्टम के आपरेशनल होने के बाद विमान प्रतिकूल मौसम में भी स्वचालित मोड में रन-वे पर लैंड व टेक आफ कर सकेंगे।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी त्योहारी पेशकश को 31 मार्च तक बढ़ाया




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी त्योहारी पेशकश को तीन महीने और 31 मार्च, 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले ये पेशकश 31 दिसंबर, 2023 तक जारी थी। बैंक के मुताबिक त्योहारी पेशकश को तीन महीने और 31 मार्च, 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इससे पहले सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की यह पेशकश 31 दिसंबर, 2023 तक जारी थी। बैंक के महाप्रबंधक (खुदरा संपत्ति) विवेक कुमार ने कहा कि बैंक इस अवधि में अपने ग्राहकों के लिए कम ब्याज दर, ह्यप्रोसेसिंगह्न शुल्क में छूट और अन्य सुविधाएं दे रहा है। विवेक कुमार ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सेंट गृह लक्ष्मी योजना और सेंट बिजनेस स्कीम पूरे उद्योग में सबसे कम ब्याज दर की पेशकश कर रही है, जो 8.35 फीसदी से शुरू होती है।

### करीब 150 उड़ानें घंटों विलंबित, 11 का मार्ग परिवर्तन, कुछ रद्द

**नई दिल्ली।** आईजीआई हवाईअड्डे पर रविवार को यातायात की भीड़ के कारण लगभग 150 उड़ानें घंटों विलंबित हुईं, जबकि 11 उड़ानों को डायवर्ट किया गया और कुछ को घने कोहरे के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे विमानों का परिचालन बाधित हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 4.30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत कुल 11 उड़ानों को डायवर्ट किया गया। आठ उड़ानों को जयपुर के लिए पुनर्निर्देशित किया गया, जबकि एक-एक को अहमदाबाद, मुंबई और शिमला के लिए भेजा गया। घने कोहरे ने न केवल घरेलू मार्गों को प्रभावित किया, बल्कि विदेशी सेवाओं में भी काफी देरी हुई और उन्हें रद्द करना पड़ा। यात्रियों को संभावित व्यवधानों के बारे में सूचित करने के लिए एयरलाइंस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। अकासा एयर ने एक्स पर पोस्ट किया दिल्ली, चेन्नई, वाराणसी, बागडोगरा और लखनऊ में प्रतिकूल मौसम (कोहरे) के कारण, हमारी उड़ान अनुसूची प्रभावित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप देरी हो सकती है। हम समझते हैं कि यह आपकी यात्रा योजनाओं को प्रभावित कर सकता है और असुविधा के लिए हमें खेद है।

### उबर ने उबरगो और इंटरसिटी राइड के लिए अयोध्या में ईवी ऑटो किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म उबर ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में अपनी उबर ऑटो कैटेगिरी के तहत अयोध्या में अपनी ईवी ऑटो रिक्शा सर्विस को हरी झंडी दिखाई। कंपनी ने कहा कि वह अयोध्या में उबर इंटरसिटी के साथ-साथ अपनी किफायती कार सर्विस उबर-गो का परिचालन भी शुरू करेगा, जो आस्था से भरे शहर को विभिन्न गंतव्यों से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के भीतर लोकप्रिय स्थलों से पवित्र शहर की सभी इंटर-सिटी ट्रेवल आवश्यकताओं का समर्थन करेगा। उबर इंडिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा, इस विस्तार के साथ, हम न केवल पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए मोबिलिटी ऑप्शन प्रदान कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्र में कई अन्य लोगों के लिए कमाई के अवसर भी खोल रहे हैं। कंपनी ने कहा कि अयोध्या में विस्तार भारत में उबर की विकास योजनाओं के अनुरूप है। आज, उबर 125 शहरों में उपलब्ध है। सिंह ने कहा, हम अयोध्या के पर्यटन में योगदान देने, निर्बाध यात्रा अनुभव को बढ़ावा देने और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस महीने की शुरूआत में, उबर ने अपने यूजर बेस का विस्तार करने के लिए भारत के कई टियर 2 और 3 शहरों में अपने मजबूत प्राइसिंग सर्विस का परीक्षण शुरू किया, जिससे यात्रियों को अपनी सवारी के लिए एक विशेष किराया बोली लगाने की अनुमति मिल सके। फ्लेक्सिबल प्राइसिंग सर्विस कॉलर उबर फ्लेक्स का भारत में पहली बार पिछले साल अक्टूबर में टेस्ट किया गया था। इस सेवा का विस्तार अब औरंगाबाद, अजमेर, बरेली, चंडीगढ़, कोयंबटूर, देहरादून, ग्वालियर, इंदौर, जोधपुर और सूरत जैसे अन्य शहरों में किया गया है।

### जेनएआई एशिया की 60% शीर्ष कंपनियों को कर्मचारी प्रतिधारण को बढ़ावा देने में मदद करेगा

**नई दिल्ली।** एशिया की लगभग 60 प्रतिशत शीर्ष कंपनियां व्यक्तिगत कार्य अनुभव और बेहतर सहयोग के साथ कर्मचारी प्रतिधारण को बढ़ाने के लिए 2025 तक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों को अपग्रेड करेंगी। एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जेनेरेटिव एआई संगठनात्मक उन्नति के लिए एक गेम-चेंजर के रूप में उभरता है, जो तीन प्रमुख मोर्चों पर एक सहज टेपेस्ट्री बुनता है: इंटेलिजेंट डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग (आईडीपी), जेनेरेटिव ऑटोमेशन और नॉलेज शेयरिंग। आईडीसी रिपोर्ट में भविष्यवाणी की गई है, 2026 तक, जेनएआई को स्मार्ट दस्तावेज प्रबंधन से जोड़ने वाले व्यवसाय इसका उपयोग करने, उत्पादकता, स्केलेबिलिटी बढ़ाने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के 20 प्रतिशत अधिक तरीके खोज लेंगे। कोड जनरेशन कोपायलट का उपयोग करने वाली व्यावसायिक टीमें 2024 तक कम-कोड और आईटी-समर्थित विकास की जगह, कार्य/वर्कफ़्लो स्वचालन के साथ नौकरियों को सुव्यवस्थित करने में 70 प्रतिशत सफलता दर प्राप्त करेंगी। आईडीसी एशिया/प्रशांत फ्यूचर की शोध कार्य विभाग की निदेशक डॉ लिली फान ने कहा कौशल विकास पर ध्यान देना वक्त की जरूरत है और यह रणनीतिक अनिवार्यता बन जाता है, क्योंकि जेनएआई वैयक्तिकृत विकास को सक्षम बनाता है। साथ ही, डिजिटल जुड़वां और स्थिरता के साथ कार्यस्थलों की पुनर्कल्पना कंपनियों के लिए प्रमुख फोकस के रूप में सामने आती है।

## एक नजर

### घायल व्यक्ति की पांचवें दिन सदर अस्पताल में मौत

**मेदिनीनगर।** ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पांचवें दिन रविवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अखबार और सोशल मीडिया पर खबर छपने के बाद प्रतापगढ़ यूपी से उसके परिजन रविवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस की देखरेख में सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान संदीप मौर्या उम्र 35 वर्ष निवासी सांगीपुर प्रतापगढ़ के रूप में की गयी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने बताया कि कुछ वर्षों से संदीप की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अपने घर से कभी भी निकल कर कहीं चला जाता था। परिजन उसकी तलाश में परेशान रहते थे। शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि संदीप गढ़वा में ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो चुका है और उसे इलाज के लिए जीआरपी थाना की पुलिस द्वारा पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीपीआई कार्यालय में धूमधाम से मनाई गयी जयंती

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम दशरथ मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि माउंटेन मैन के नाम से विख्यात दशरथ माझी नौजवानों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी जिंदगी से हमें सीख मिलती है कि यदि किसी काम को ठान लिया जाये तो वह मुश्किल नहीं है। इसका जीता जागता प्रमाण है कि उन्होंने महज छेनी-हथौड़ी के सहारे पहाड़ का सीना चीरकर 55 किलोमीटर लंबा रास्ता बना दिया। मौके पर अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइयां, चंदन कुमार भूइयां, मनोज कुमार भूइयां, मिथलेश कुमार, विकास कुमार, शिशुपाल सिंह,नसीम राइन, आलोक कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला में प्लंबरों को दिया गया प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** रविवार को आयोजित कार्यशाला में पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले से आये 500 से अधिक प्लंबरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंघानिया ने किया। उन्होंने इस मेगा मीट के माध्यम से समस्त रिटेलरों और प्लंबरों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिये प्रेरित किया। कंपनी की तरफ से अभिषेक जी, पंकज जी, राकेश जी,जीवन, दीपक आदि ने सभी को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### कर्मचारियों की कमी से कामकाज प्रभावित



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि 361 लोगों की नियुक्ति हेतु मेरिट लिस्ट बना था। जिसमें से 255 लोगों की ही नियुक्ति की गई। अभी सैकड़ों पद खाली है। नियुक्ति की आस में बेरोजगारों की उम्र सीमा समाप्ति की कगार पर पहुंच गयी है। कितने ऐसे हैं कि जिनकी उम्र सीमा समाप्त भी हो गयी है। दूसरी तरफ विभिन्न विभागों में 500 से अधिक पद रिक्त हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। सफल अभ्यर्थियों की अनदेखी कर बेरोजगारों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। बैठक में जलील अंसारी, संतोष कुमार, मिथिलेश कुमार, उपेंद्र तिवारी, संजय कुमार चौरसिया, सुधीर सिंह उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही व अन्य ने शहीद बनिहारों को दी श्रद्धांजलि

# भुलाई नहीं जा सकती भगवान घाटी घटना



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी में रविवार को भारतीय जनता पार्टी व नवजवान संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शहीद बनिहार 14वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और बनिहारों के परिजनों ने बनिहार बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान बनिहारों के परिजनों को वस्त्र और गरीबों, असहायों, जरूरतमंदों के बीच लगभग पांच हजार कंबल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि जब तक मैं जीवित रहूंगा तब तक भगवान घाटी में शहीद बनिहारों को श्रद्धांजलि देत रहूंगा। उन्होंने कहा कि इस निर्मम घटना को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के गरीबों का मान सम्मान बढ़ाने के लिए मैं 23 वर्षों से लगा हूं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने यहां की जानता का वोट के लिए इस्तेमाल किया है। यदि मजदूरों और बनिहारों के हित में सोचें होते तो इस तरह की घटना नहीं होती। उन्होंने कहा की इस क्षेत्र के सामंतवादी और उग्रवादी विचारधारा के दो लोग मुझे चुनाव हराने के लिए एक हो गये हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता है की मैं झंडा- डंडा, पार्टी- दल के दम पर नहीं, गरीबों की सेवा कर विधायक बनता हूं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक बहनों का भाई बनकर डोली उठाया हूं। विधायक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर तीसरा बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का लोगों से आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल के नाम बीपीओ को 21 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। इसमें भगवान घाटी में शहीद बनिहारों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने, पलायन रोकने, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को पांच हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने, सोन और पंडा नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिए गार्डवाल निर्माण कराने, भवनाथपुर में पावर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री खुलवाने, फर्जी बिजली बिल कैंप लगाकर माफ करने, महिलाओं के नाम पर एक रू का रजिस्ट्री पुनः शुरू कराने, केतार भगवती मंदिर, बंशीधर राजा पहाड़ी मंदिर, सुखलदरी को पर्यटक स्थल घोषित कराने, भूमिहीनों को वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांगें शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 2010 में बिहार के भोजपुर जिले से धान काट कर घर लौट रहे कुपा गांव के 30 बनिहारों की भगवान घाटी में सड़क दुघर्टना में मौत हो गई थी। तब से हर वर्ष यहां पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर पुर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी, शरदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, राजीव रंजन तिवारी, जवाहर पासवान, मनोज पहाड़ियां, भगत दयानंद यादव, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, लक्ष्मण राम, अनील चौबे, मधुलता कुमारी, राजा सिंह, प्रमोद शुक्ल, विकर्मा सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई रविन्द्र सोनी, मुखिया मुंगा साह, बबलू पटवा, उपेंद्र दास, संध्याकर विश्वकर्मा, राम प्रसाद कमलापुरी, मनोज फौजी, सतेंद्र ठाकुर, गौरव सिंह मौजूद थे।

### अबुआ के नाम पर हेमंत के बबुआ कर रहे हैं वसूली

विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि अबुआ आवास के नाम पर हेमंत सोरेन के बबुआ (अधिकारी व जनप्रतिनिधि) दस हजार से 30 हजार रुपये तक वसूल रहे हैं। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि 2025 में राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्ट अधिकारी जेल की हवा खाने लिए तैयार रहें। विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में अधिकारी और कर्मचारी जमींदार बन बैठे हैं। बिना पैसा लिए गरीबों का एक भी काम नहीं हो रहा है। यहां तक कि ब्लॉक, अंचल और थाना में जाने के बाद लोगों को बैठने के लिए भी नहीं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटने वाले अधिकारियों की सूची बनाई जा रही है। भाजपा की सरकार बनने के बाद इन सभी पर कार्रवाई होगी।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की तैयारी को लेकर रविवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गण्यमान्य लोगों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। ठंड को देखते हुये विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय प्रधान अपने अपने पोषक क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकालेंगे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच आगामी 18 जनवरी को राष्ट्रगान, बंदेमातरम, देशभक्ति व प्रगति गीत प्रतियोगिता, 19 जनवरी को सामूहिक मैदानी कार्यक्रम के लिये प्रतियोगिता, 22 जनवरी को प्रश्नमंच प्रतियोगिता तथा 23 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में बंदेमातरम, राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत, प्रगतिगीत के चयनित प्रतिभागी 26 जनवरी को अनुमंडल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे। मार्चपास्ट में शामिल विद्यालयों के बच्चों का पूर्वाभ्यास

### अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई गणमान्य लोगों की बैठक

24 व 25 जनवरी को अनुमंडल मैदान में कराया जायेगा। उक्त पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में सबंधित विद्यालयों के खेल शिक्षक उपस्थित रहेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त सभी कार्यो के लिये बैठक में उपस्थित लोगों को जिम्मेवारी सौपी गई।

बैठक में एलआरडीसी मो. अब्दुस शमद, कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रोम, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना परवीन, डॉ कैसर आलम, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद, अनुमंडलीय पेंशनर समाज के अध्यक्ष गदाधर पांडेय, शिवनारायण चौबे, ओमप्रकाश चौबे उर्फ दिलू, सत्यप्रकाश पांडेय उर्फ मंटू पांडेय, अधिवक्ता दिनेश शुक्ल, शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा, कमलेश पांडेय, देवशंकर प्रसाद, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय जेसीबी व ट्रैक्टर से हो रहा है काम

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

मजदूरों का पलायन रोकने तथा रोजगार सृजन को लेकर सरकार मनरेगा योजना के तहत गांव के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। लेकिन केतार प्रखंड के आदिवासी बहुल परती- कुशवानी पंचायत में मनरेगा योजना के कार्य में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया है। छाताकुड़ गांव के उच्च विद्यालय प्रांगण में खेल मैदान योजना स्वीकृत हुआ है। इस योजना में मनरेगा कर्मियों के मिली भगत से मनरेगा मजदूरों के बजाय खेल मैदान निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से दिनदहाड़े किया गया है। इसके कारण स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और मजदूर विवश होकर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। योजना स्थल पर कार्य में लगे ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन का निशान साफ दिख रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार ने उक्त योजना में चल रहे कार्य को तत्काल बंद करा दिया है। वहीं विभागीय कर्मीयों को जांच का आदेश दिया गया है। वहीं बीपीओ ने बताया कि मनरेगा योजना में जेसीबी चलना सख्त मना है।

# मृतक की मां को रोता देख भावुक हुए डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रमकंडा के बरवा गांव निवासी मार्टिन पन्ना का पुत्र अरुण पन्ना के मौत की सूचना मिलने पर उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय मृतक के गांव पहुंच परिजनों से मिले और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही मृतक की मां को आवास, राशन सहित विभिन्न तरह की सरकार की योजना दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान डीसीडी मृतक की मां को रोता देख भावुक हो गए और उसे गले लगा कर हर संभव मदद करने की बात कही। डीडीसी ने मृतक की मां को कपड़ा भी उपलब्ध कराया।

डीडीसी ने कहा कि बरवा निवासी अरुण पन्ना की मौत की सूचना जिला परिषद उपाध्यक्ष के माध्यम से मिली थी। इसके बाद तत्काल उनके परिजनों से मिलकर उनके दुख को जाना। डीडीसी के आने की सूचना पर गांव के लोग एकत्रित होकर अपनी समस्याओं का उनके सामने रखा। डीडीसी ने एकएक कर सभी की समस्या को सुना और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सुदूरवती इलाके में जिला प्रशासन के पहुंचने के बाद ग्रामीणों को प्रशासन से उम्मीद जगाता है। बताते चलें कि 11 जनवरी को दुर्जन में टैंकर की चपेट में आने से अरुण पन्ना की मौत हो गई थी। अरुण घर में अकेला कमाने वाला था। उसकी मौत के बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

### पंजाबी समुदाय ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्यौहार, गीतों से गूंजा गुरुद्वारा

# लोहड़ी पर ओए, होए, होए, बारह वर्षी खडन गया सी, खडके लेआंदा रेवड़ी... की अनुगूंज



लोहड़ी तापती महिलायें



अरदास करते श्रद्धालु

### रेहरास साहिब के पाठ के पश्चात अरदास करके जलाई गई लोहड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में लोहड़ी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार की रात में रेहरास साहिब के पाठ के पश्चात अरदास करके लोहड़ी जलाई गई। जिसकी सभी संगत ने परिक्रमा कर एक-दूसरे को मंगल कामना दी। मौके पर राजेंद्र सिंह, गुरबीर सिंह, चिंटू सिंह, मेहर सिंह, बॉबी सिंह, बंटी सिंह, शांति जोली, हिना कौर,अनित कौर, राजिंदर कौर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह डिंपल ने कहा कि लोहड़ी का त्यौहार खास तौर से पंजाब और दुनियाभर में रहने वाले पंजाबी समुदाय के लोगों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसकी तैयारियां बड़े उत्साह से की जाती है। समाज में परिवार के सदस्यों के साथ लोहड़ी पूजन की सामग्री जुटाकर शाम होते ही विशेष पूजन के साथ आग जलाकर लोहड़ी का जश्न मनाया जाता है। इस उत्सव को पंजाबी समाज बहुत ही जोशो-खरोश से मनाता है। लोहड़ी मनाने के लिए लकड़ियों की ढेरी पर सूखे उपले रखे जाते हैं। समूह के साथ लोहड़ी पूजन करने के बाद उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी एवं मूंगफली का भोग लगाया जाता है। इस अवसर पर ढोल की थाप के साथ गिद्दा और भांगड़ा नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। इस अवसर पर लोहड़ी की खुशी में 'ओए, होए, होए, बारह वर्षी खडन गया सी, खडके लेआंदा रेवड़ी...', पंजाबी गानों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

### मन्नत पूरी होने पर चढ़ाते हैं चर्खा

बताया जाता है कि मन्नत पूरी होने पर सिक्ख मतावलंबी गोबर के उपलों की माला बनाकर खुशी में लोहड़ी के समय जलती हुई अग्नि में भेंट करते हैं। इसे 'चर्खा चढ़ाना' कहते हैं। उन्होंने कहा कि लोहड़ी एवं मकर संक्रांति एक-दूसरे से जुड़े हैं। अगले दिन प्रातः मकर संक्रांति का स्नान करने के बाद उस आग से हाथ सेंकते हुए लोग अपने घरों को जाते हैं। इस प्रकार लोहड़ी पर जलाई जाने वाली आग सूर्य के उत्तरायण होने के दिन का पहला विराट एवं सार्वजनिक यज्ञ कहलाता है।

### आग तापते समय विवाहिता झुलसी

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार गांव निवासी अखिलेश पासवान की पत्नी कांति देवी उम्र 20 वर्ष रविवार की सुबह आग तापने के क्रम में झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने बताया कि कांति देवी शुक्रवार की सुबह अपने घर में आग ताप रही थी। इसी बीच आग की लपटों ने उसकी साड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। शोर सुन आसपास के लोगों ने दौड़कर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। महिला को इलाज के लिए तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

## पेज एक के शेष

### घर-घर में विराजने ...

कि उनके पिता विजय सिंह 1992 से ही श्रीराम मंदिर के निर्माण का बाट जोह रहे हैं। उस दिन अयोध्या में अपार भीड़ रहेगी। इसे देखते हुये घर में ही महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व पांकी रोड स्थित शिव मंदिर, मां काली मंदिर, सूर्य मंदिर के पुजारी को निमंत्रित किया जा चुका है। कई लोग तो इस दिन पूजा के निमित्त आवश्यक सामानों की तैयारी भी शुरू कर दिये हैं।

**शुभ कार्य के लिये हर समय होता है शुभ :** जब युद्ध भूमि में लंकापति रावण अपनी सांसें गिन रहा था तो श्रीराम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण को उनके पास ज्ञान अर्जन के लिये भेजा। उस समय रावण ने जो पहली सीख दी थी। वह थी कि शुभ कार्य को जितना जल्द हो सके निपटा लेना चाहिये। उसके लिये किसी मुहुर्त का इंतजार नहीं करना चाहिये। राजन जी महाराज सरीखे मनीषी अपनी कथा में कहते हैं कि जब श्रीराम का जन्म हुआ, उनका विवाह हुआ उस समय समस्त ग्रह-नक्षत्र स्वतः अनुकूल होते गये। ऐसे में जब श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है तो कैसे कुछ भी प्रतिकूल हो सकता है।

### शाकाहारी भोजन बीमारियों ...

आहार का सेवन-शाकाहारी भोजन कोविड-19 के खतरे को 39 प्रतिशत तक कम कर सकती है। अध्ययन में 700 से ज्यादा वयस्कों (424 सवार्हारी और 278 शाकाहारी) को शामिल किया गया। प्रतिभागियों में उनके खाने के पैटर्न, आहार के साथ-साथ जीवनशैली और मेडिकल हिस्ट्री, कोविड टीकाकरण के बारे में सर्वेक्षण किया गया था। कुल मिलाकर, 47%( 330 ) लोगों ने बताया कि उनमें कोविड का संक्रमण हुआ था। इनमें से 32% (224) में हल्के15%(106) में मध्यम से गंभीर लक्षण थे। इस आधार पर वैज्ञानिकों ने पाया कि सवार्हारी लोगों में पौधों पर आधारित भोजन वालों की तुलना में कोविड के मामले ज्यादा दर्ज किए गए। सवार्हारी लोगों में संक्रमण का खतरा जहां 52 प्रतिशत था वहीं प्लांट बेस्ड डाइट वालों में कोरोना के जोखिम 40 प्रतिशत रिपोर्ट किए गए। वैज्ञानिकों के अनुसार जो लोग सप्ताह में तीन बार से ज्यादा मांस का सेवन करते हैं, उनमें शाकाहारी भोजन करने वालों की तुलना में कोविड-19 के मामले ज्यादा दर्ज किए जाते रहे हैं। शाकाहारी भोजन कोरोना में किस प्रकार से लाभकारी हैं, इसपर किए गए शोध के निष्कर्षों से पता चलता है कि सब्जियों, फलों व सूखे मेवे का अधिक तथा मांस का कम सेवन शरीर को संक्रामक रोगों से बचाने में लाभकारी हो सकता है। शोधकताओं ने लिखा है, पौधों पर-आधारित आहार पैटर्न, एंटीऑक्सीडेंट, फाइटोस्टेरॉल और पॉलीफेनोल्स से भरपूर होते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में सहायक पाए गए हैं। इस तरह के आहार में एंटीवायरल गुण भी प्रदर्शित होते हैं, जो संक्रामक रोगों के खतरे से सुरक्षा देने में मददगार हैं। यह भी पाया गया कि वसा वाली चीजें प्रतिरक्षा प्रणाली पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं।

## आस्था | कोयल व अमानत में डुबकी लगाकर आज पुण्य फल प्राप्त करेंगे श्रद्धालु

# मकर संक्रांति पर बाजारों में उमड़ी भीड़

### मकर संक्रांति को लेकर शहर के साथ गांवों में भी स्थित मंदिरों की भव्य सजावट की गयी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दान-पुण्य के महापर्व मकर संक्रांति को लेकर रविवार को बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी।



बाजार में तिलकुट की खरीददारी करते लोग

कड़ाके की ठंड के बाद भी पर्व के निमित्त सामानों की खरीदारी करने के लिये लोग बाजार में डटे रहे। विशेषकर चूड़ा-लाई, तिलकुट आदि की दुकानों पर अधिक भीड़ देखी गयी। वहीं दूसरी तरफ नागरिक सोमवार की भोर में क्षेत्र के कोयल व अमानत नदियों में डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त करने की तैयारी में जुटे रहे। मकर संक्रांति को लेकर शहर के साथ गांवों में भी स्थित मंदिरों की भव्य सजावट की गयी है।

**दूध के बढ़ गये भाव :** मकर संक्रांति पर चूड़ा-दूध अथवा चूड़ा-दही के सेवन का प्रावधान है। इसे देखते हुये रविवार को दूध की मांग अचानक बढ़ गयी। इससे कीमतों में भी इजाफा देखा गया।

### श्रद्धालुओं का जत्था काशी व प्रयागराज रवाना

मकर संक्रांति पर पतित पावनी गंगा व त्रिवेणी में डुबकी लगाने के लिये मेदिनीनगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था काशी व प्रयागराज रवाना हुआ। इससे वहां जाने वाली ट्रेनों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।




## एक नजर

### दलाई लामा ने ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को बधाई दी



**धर्मशाला।** ताइवान और चीन के बीच अच्छे संबंधों की वकालत करते हुए तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को पत्र लिखकर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने लिखा, यह हम सभी के लिए प्रोत्साहन का एक स्रोत है। ताइवान के दौरे के दौरान वहां के लोगों द्वारा किया गया आतिथ्य मुझे याद है। ताइवान के लोगों ने न केवल एक समृद्ध, मजबूत लोकतंत्र विकसित किया है, बल्कि अर्थशास्त्र और शिक्षा के मामले में भी बहुत कुछ हासिल किया है।

### ऑस्ट्रेलिया में विमान दुर्घटना में दो की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य के डुगांडन में रविवार को एक विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) के हवाले से बताया कि रविवार को दोपहर से कुछ देर पहले बूना गोल्फ क्लब से आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं। एबीसी ने क्वींसलैंड पुलिस के कार्यवाहक इंस्पेक्टर केरी ऑलसेन के हवाले से बताया कि विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया जब पायलट ने बूना एयरफील्ड पर उतरने का प्रयास किया, जहां से उसने उड़ान भरी थी। ऑलसेन ने कहा, दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई।

### हैदराबाद में पतंग उड़ाते समय दो बच्चों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में पतंगबाजी के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों की जान चली गई। अट्टापुर इलाके में 11 साल के एक लड़के की करंट लगने से मौत हो गई, वहीं नागोले में चार मंजिला इमारत से गिरने के बाद 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई।

### सरकारों पर 88 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज बकाया

**लंदन।** विश्व नेता इस सप्ताह ग्रह की सबसे गंभीर समस्याओं पर चर्चा करने के लिए दावोस आ रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि जब सरकारों पर अभूतपूर्व रूप से 88.1 ट्रिलियन डॉलर का बकाया हो, जो दुनिया के वार्षिक आर्थिक उत्पादन के लगभग बराबर है, तो विचारों को कार्रवाई में बदलना कठिन होगा। महामारी के दौरान सार्वजनिक ऋण में विस्फोट हुआ और इस साल नई उधारी से कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में ऋण रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। इससे सरकारें वित्तीय मंदी, महामारी या युद्ध जैसे झटकों का जवाब देने में कम सक्षम हो जाएंगी।

### कनाडा के क्लार्क काउंटी व पोर्टलैंड-वैंकूवर मेट्रो में बर्फीला तूफान

**वैंकूवर (कनाडा)।** पिछले 24 घंटों से क्लार्क काउंटी और पोर्टलैंड-वैंकूवर मेट्रो क्षेत्र के लोगों को बर्फीले तूफान का सामना करना पड़ रहा है। बैंकूवर में सर्दी ने पिछले 33 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान काफी नीचे चला गया है। न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। स्थानीय समाचार पत्र द कोलंबियन ने राष्ट्रीय मौसम सेवा के वरिष्ठ विज्ञानी शॉन वीगल के हवाले से कहा है कि शनिवार शाम 4 बजे तक कोलंबिया नदी के पास पूर्वी पोर्टलैंड में डेढ़ इंच बर्फ गिर चुकी थी। अगर बारिश रुक गई तो रविवार से मंगलवार तक मौसम शुष्क रहेगा।

## निमंत्रण ठुकराने पर कांग्रेस पर भड़के देवरहा हंस बाबा, बोले

# जिसके मुख से कभी राम नाम नहीं निकला, वो क्यों जायेंगे अयोध्या



**एजेंसी। मीरजापुर**

विंध्याचल महुवारी कला स्थित देवरहा बाबा आश्रम के देवरहा हंस बाबा ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने पर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिसके मुख(कांग्रेस) से कभी श्रीराम का नाम नहीं निकला,वो रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में कैसे जायेंगे। उन्होंने कहा कि परमपूज्य देवरहा बाबा ने तो पहले ही कह दिया था कि श्रीराम जन्मभूमि प्रभु श्रीराम की है और राम की होकर रहेगी। देवरहा बाबा दूरदर्शी, त्रिकालज्ञ थे। वह जानते थे, यह भगवान राम के हैं और भगवान राम इनको स्वीकार करेंगे।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का हिस्सा बनने से कांग्रेस का इन्कार

**गौरतलब** है कि राम मंदिर न्यास समिति ने सभी पार्टी अध्यक्षों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का न्योता भेजा था। कांग्रेस की सोनिया गांधी,कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और अधीर रंजन चौधरी को भी निमंत्रण भेजा था,लेकिन कांग्रेस ने 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में यह कहते हुए इसका हिस्सा बनने से मना कर दिया कि यह आरएसएस (राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ) का कार्यक्रम है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने राम मंदिर को एक 'राजनीतिक परियोजना' बना दिया है और अर्द्धनिर्मित मंदिर का चुनावी लाभ के लिए उद्घाटन किया जा रहा है।

### राम मंदिर का न्योता ठुकराने पर कांग्रेस के कई नेता आलाकमान से नाराज





राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार करने के बाद कांग्रेस के भीतर ही विरोध के सुर अब तेज हो गए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने भी इस मुद्दे पर खुलकर बयान दिया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक ने न्योता अस्वीकार करने पर कांग्रेस नेताओं को खरी-खोटी भी सुनाई है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने राम मंदिर का ताला खुलवाया था। उस वक्त वीर बहादुर सिंह यूपी के सीएम थे। तत्कालीन सीएम ने राम मंदिर न्यास को भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए 46 एकड़ जमीन देने का वादा भी किया था। सीएम तब हट गए और राजीव गांधी की हत्या के बाद ये मामला खटाई में पड़ गया। पूरे देश के साधु-संतों ने इस लड़ाई को लड़ा। कई बुद्धजीवी, पत्रकार और राजनीतिक दल जुड़े, जिन्होंने ये लड़ाई लड़ी वो ही निमंत्रण का फैसला करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम क्या संदेश दे रहे हैं। राजीव गांधी ने ताला खुलवाया था तो आप कौन हैं मना करने वाले। इससे पहले, कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद और अर्जुन मोढवाडिया भी फैसले पर नाराजगी जता चुके हैं। मोढवाडिया ने तो ये भी कहा था कि कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहना चाहिए था। वहीं, आचार्य ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला कहा था।

### कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या जाने में नहीं होनी चाहिए झिझक : कर्ण सिंह

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विवादित ढांचे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर होने वाले समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें 'ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह' के लिए 'सुंदर निमंत्रण' मिला है। लेकिन वह चिकित्सा कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उत्सव दुनियाभर में लगभग एक अरब हिंदुओं द्वारा मनाया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने एक बयान में कहा कि एक रघुवंशी के रूप में इस समारोह में शामिल होना बहुत खुशी की बात होती। अफसोस की बात है कि 93 साल की उम्र के करीब मेरे लिए चिकित्सा आधार पर ऐसा करना संभव नहीं होगा।

## युद्धविराम की फिलहाल कोई संभावना नहीं

# गाजा में अकाल, महामारी का खतरा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

युद्ध की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है, जो अक्सर उन लोगों द्वारा चुकाई जाती है जिन्होंने इसे नहीं चुना है। निरंतर युद्ध की स्थिति में विनाश की मात्रा अनिवार्य रूप से मानवीय संकट में परिणत होती है, जैसे इजरायल के लगातार हमले के बीच गाजा जूझ रहा है।

लगभग 100 दिन के सशस्त्र संघर्ष के कारण बुनियादी सुविधाएं बाधित हो गई हैं और स्वास्थ्य तथा स्वच्छता प्रणालियों के पतन ने गाजा में मानवीय आपदा को बढ़ा दिया है। जहां इजरायल पर 7 अक्टूबर 2023 को हमास हमले के प्रत्युत्तर में यहूदी राष्ट्र द्वारा युद्ध की घोषणा के बाद से कम से कम 22 हजार फिलिस्तीनी मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

एजेंसियां गाजा में अधिक भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति और आश्रय उपकरण लाने की कोशिश कर रही हैं। दिसंबर में यह घोषणा की गई थी कि मिस्र होकर आने वाली मानवीय सहायता की जांच करने के लिए गाजा और मिस्र के बीच की सीमा पर इजरायल केरेम शालोम क्रॉसिंग पर एक दूसरी सुरक्षा जांच चौकी स्थापित करेगा। मानवीय एजेंसियों ने कहा है कि दिसंबर में एक सप्ताह का अस्थायी संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद से गाजा में आने वाली सहायता की दर कम हो रही है।

वहां प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की खस्ताहालत ने पीड़ितों की बढ़ती संख्या के लिए चिकित्सा देखभाल की तात्कालिकता को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके साथ बड़े पैमाने पर कुपोषण भी है, जिस पर काबू पाना मुश्किल हो गया है और बच्चों में एनीमिया और निर्जलीकरण का प्रसार तीन गुना बढ़ गया है। साफ पानी और स्वच्छता के अभाव, भोजन की कमी, ठंडे और गीले मौसम के कारण पेट, सांस और अन्य बीमारियाँ तेजी से इस क्षेत्र में महामारी का रूप ले रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा की है कि गाजा में कोई भी अस्पताल काम नहीं कर रहा है।

शवों की कतार और घायलों की भीड़ के बीच एक महीने से अधिक समय से घायल मरीज सर्जरी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे भी कई लोग हैं जो सर्जरी के बाद संक्रमण का शिकार हो रहे हैं क्योंकि सर्जरी के बाद पर्याप्त देखभाल नहीं हो पाती है। इसके अलावा, जैसा कि ग्राउंड जीरो पर स्त्रोतों से पता चला है, यह क्षेत्र अकाल की कगार पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, गाजा में 90 प्रतिशत से अधिक फिलिस्तीनी नियमित रूप से पूरे दिन बिना भोजन के रहते हैं।

## मार्च के मध्य तक भारत अपनी सेना वापस बुलाए : मो. मुइज्जू



**एजेंसी। माले**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से मार्च के मध्य तक उनके देश से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय के सचिव, सार्वजनिक नीति, अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने रविवार दोपहर प्रेस को बताया कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा है जिनकी अनुमानित संख्या 88 है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए दोनों देशों द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप ने रविवार सुबह माले में विदेश मंत्रालय में अपनी पहली बैठक की, जिसमें भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बैठक का एजेंडा मार्च के मध्य तक सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध था। उन्होंने कहा, भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में नहीं रह सकते। यह राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और इस प्रशासन की नीति है।" राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने राष्ट्रपति अभियान के दौरान दावा किया था कि वह मालदीव से भारतीय सैनिकों को हटाने का काम पूरा करेंगे, और पद संभालने के तुरंत बाद भारत से अपने सैन्य कर्मियों को वापस लेने का औपचारिक अनुरोध किया था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उनके खिलाफ तीन कनिष्ठ मंत्रियों की कथित अपमानजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच, मालदीव के राष्ट्रपति ने चीन की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा से लौटने के बाद शनिवार को प्रेस से बात करते हुए भारत का नाम लिए बिना एक बयान में इस पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम छोटे हो सकते हैं।

## पोंगल उत्सव में शामिल हुए पीएम मोदी, कहा- एकता का संदेश देता है यह त्योहार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरगन की ओर से अपने दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित कई महत्वपूर्ण हस्तियां भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान तमिलनाडु की पारंपरिक वेषभूषा पहनी थी और उन्होंने उत्सव से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री पोंगल, माघ बिहू, मकर संक्रांति और लोहड़ी की देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्योहार देश की एकता को मजबूत करने का संदेश देते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपने संबोधन में पोंगल त्योहार को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना से जोड़ा। उन्होंने कहा, पोंगल के पवित्र दिन तमिलनाडु के हर घर से पोंगल धारा का प्रवाह होता है। मेरी कामना है कि उसी तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और संतोष की धारा का प्रवाह निरंतर होता रहे।

उन्होंने कहा कि पोंगल पर्व में ताजी फसल को भगवान के चरणों में समर्पित करने की परंपरा है। इस पूरे उत्सव परंपरा के केंद्र में हमारे अन्नदाता, हमारे किसान हैं। वैसे भी भारत का हर त्योहार किसी न किसी रूप में गांव से, किसानी से, फसल से जुड़ा हुआ होता है।

## पंजाब बचाओ यात्रा को समर्थन दें : सुखबीर बादल



**पंजाब।** शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने रविवार को लोगों से राज्य और इसके लोगों के भविष्य को बचाने के लिए 1 फरवरी से शुरू होने वाली पंजाब बचाओ यात्रा को समर्थन देने की अपील की। यहां ऐतिहासिक माघी मेले में एक राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए बादल ने कहा, हमें पंजाब को आप के साथ-साथ उसके मुख्यमंत्री भगवंत मान से बचाना है, जिन्होंने राज्य को दिवालिया बना दिया है और सभी मोर्चों पर विफल होने के अलावा समाज के हर वर्ग को धोखा देकर इसकी अर्थव्यवस्था को भी नष्ट कर दिया है। उन्होंने पंजाबियों से अगला संसदीय चुनाव मिलकर लड़ने के लिए बन रहे आप-कांग्रेस गठबंधन से भी दूर रहने की अपील की। इन दोनों पार्टियों ने आपको और राज्य को लूटा है और अब वे एक अपवित्र गठबंधन बनाकर आपका वोट लूटने का प्रस्ताव कर रहे हैं, जो राज्य के हितों के लिए हानिकारक है।

## देश के सैन्य इतिहास की श्रेणी में कानपुर का अपना एक अलग स्थान : राजनाथ



**एजेंसी। कानपुर**

देश के सैन्य इतिहास की श्रेणी में कानपुर अपना एक अलग ही महत्व रखता है। 1857 में जब भारत के स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआत हुई, तो उस समय पेशवा नानासाहेब ने कानपुर के बिठूर से ही विद्रोह का नेतृत्व किया था। यह बात सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस 2024 के कार्यक्रम में रविवार को पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह किसी संयोग से कम नहीं है कि हम अपने पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए कानपुर जैसी जगह पर एकत्र हुए हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस आजाद हिंद फौज का गठन किया, उसकी पहली महिला कैप्टन रहीं लक्ष्मी सहगल का भी कानपुर से बड़ा आत्मीय नाता रहा। उन्होंने तो अपने जीवन का आखिरी क्षण भी कानपुर में ही बिताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में जब हमारी सरकार आई तो देश के गृह मंत्री के रूप में और विशेषकर रक्षा मंत्री के रूप में तो सशस्त्र बलों के साथ मेरा बड़ा आत्मीय नाता रहा। कई बार तो मुझे ऐसा लगता है कि मेरे पिछले जन्मों के कुछ संचित पुण्य होंगे कि मुझे हमारे सैनिकों के साथ इतना आत्मीय संबंध बनाने का मौका मिला। आज वेटरेनस डे है,आज भी जब मैं आप सबके बीच उपस्थित हूं तो मुझे ऐसा महसूस होता है कि घर पर हूं।

## बीडीएल मुख्यालय से रक्षा राज्यमंत्री ने मिसाइल के पहले बैच को हरी दिखाई झंडी

# 'तेजस' भी स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल से लैस

### विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किमी तक दुश्मन को करेगी ढेर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने रविवार को हैदराबाद में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) मुख्यालय से स्वदेशी रूप से विकसित हवा से हवा में मार करने वाली एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई। सुखोई-30 एमकेआई विमान पहले ही इन मिसाइलों से लैस हैं, लेकिन अब लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' में भी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल लगाई जाएंगी। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किलोमीटर तक अपने दुश्मन को निशाना बना सकती है।

चीन सीमा पर तनाव के बीच स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप अक्टूबर 2020 में वायु सेना को मिली थी। करीब 100 किलोमीटर की लंबी दूरी तक हमले करने में सक्षम इस मिसाइल को सुखोई-30 में लैस किया गया था। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद वायुसेना और नौसेना के लिए 248 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। दोनों सेनाएं पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को वायुसेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ह्यतेजसह्व और नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। इसीलिए पिछले साल 23 अगस्त को पहली बार 'मेड इन इंडिया' जेट के साथ 'मेड इन इंडिया' मिसाइल दागकर परीक्षण किया गया था। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने 200 से अधिक मिसाइल खरीदने और बीडीएल को उत्पादन करने की मंजूरी दी थी।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मुताबिक एस्ट्रा मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है, जिसका व्यास 178 मिमी (7.0 इंच) है और इसका वजन 154 किलोग्राम (340 पाउंड) है। एस्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा मिसाइल 4.5 मैक की गति तक पहुंचा सकती है और अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है।

एस्ट्रा मिसाइल की अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी. (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी. (12 मील) है। वायुसेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का मुख्य हथियार होंगे।

## फिल्म जगत

### 'करीब' के समय काश मैं इतना मैच्योर होता, जितना अब हूं : बॉबी देओल



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल ने 'आश्रम', 'क्लास ऑफ '83' और 'एनिमल' जैसी प्रोजेक्ट्स में अपनी परफॉर्मेंस से तारीफें बटोरी हैं। बॉबी देओल का मानना है कि 1990 के दशक के दौरान जब उन्होंने 'करीब' जैसी फिल्में की थीं, तब उनमें वह मैच्योरिटी होनी चाहिए थी जो अब है। यह पूछे जाने पर कि उन्हें विलेन या चॉकलेट बॉय में से क्या रोल पसंद है, बॉबी ने कहा, एक एक्टर के रूप में मैं इनमें से कुछ नहीं चुनूंगा, मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मैंने और ज्यादा सीखा है... मैं उस समय (1990 के दशक) इम्मैच्योर था।